सुप्रभात
रांची, गुरुवार
01.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 316



12 मेल एक्टर्स के बराबर पैसे लेने वाली इकलौती अभिनेत्री हूं : कंगना

## न्यूज डायरी

### कोरिया को रौंदकर फाइनल में पहुंचा भारत

**सलालाह (ओमान)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को जूनियर एशिया कप 2023 के सेमीफाइनल में कोरिया को 9-1 से रौंदकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली। भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल में सुनीत लाकड़ा, अरिजीत सिंह हुंदल, अंगद बीर सिंह, उत्तम सिंह, विष्णुकांत सिंह और शारदानंद तिवारी ने एक-एक गोल किया, जबकि बॉबी सिंह धामी ने तीन गोल दागकर जीत में योगदान दिया।

### 13 जिलों के डीइओ को दिया गया नोटिस

**रांची।** इंटरमीडिएट आर्ट्स और कॉमर्स में खराब रिजल्ट वाले जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों से स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा है। आर्ट्स के रिजल्ट में फिसड्डी रहने वाले पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज, पलामू, दुमका व गढ़वा और कॉमर्स में निचले पायदन पर रहने वाले सरायकेला खरसावां, साहिबगंज, पश्चिमी सिंहभम, खूंटी, गिरिडीह, देवघर व गुमला के जिला शिक्षा पदाधिकारी से जवाब मांगा गया है।

### नियोजन नीति के खिलाफ 10-11 को झारखंड बंद

**रांची।** 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों ने 10 और 11 जून को झारखंड बंद बुलाया है। वहीं, 9 जून को पूरे झारखंड में विशाल मशाल जुलूस और 10 एवं 11 जून को संपूर्ण झारखंड बंद का निर्णय लिया है।

### अमेरिका में राहुल ने पीएम मोदी पर कसा तंज

**लॉस एंजिलिस।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में मोहब्बत की दुकान नामक इवेंट में भाषण दिया और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'नमूना' और नये संसद भवन में सेंगोल स्थापित करने की सेरमनी को जादू करार दिया है।

### पीएम के नेतृत्व में बदल गया भारत : स्टेनली

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक दशक से भी कम समय में बदल गया है। साथ ही, आज विश्व व्यवस्था में एक स्थान हासिल करने की ओर है। अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनली रिसर्च की जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,500 रु./प्रति किलो |

# रांची में युवती पर धर्म परिवर्तन कर शादी का बनाया दबाव, एफआइआर

**झारखंड में लव जिहाद**

- बिहार के भागलपुर की रहने वाली है पीड़िता
- गूगल पर सर्च कर मॉडलिंग सीखने आयी थी रांची
- रांची में मॉडलिंग कोचिंग का संचालक है आरोपी
- वीडियो दिखाकर आरोपी करता था ब्लैक मेल
- पीड़िता ने ट्वीट कर पीएम व सीएम से मांगी मदद
- पुलिस कर रही है आरोपी तनवीर की तलाश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुंबई की एक मॉडल ने रांची के यश मॉडल के संचालक तनवीर अख्तर खान पर धर्म परिवर्तन कराने और जबरन शादी करने का दबाव देने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर मॉडल ने मुंबई में प्राथमिकी दर्ज करवायी है। मुंबई में काम करने वाली मॉडल बिहार के भागलपुर की रहने वाली है। युवती का सोशल मीडिया में एक वीडियो भी वायरल हुआ है। मुंबई में दर्ज प्राथमिकी को रांची में स्थानांतरित किया गया है और गोंदा थाने में एफआइआर दर्ज कर ली गयी है। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। एसएसपी किशोर कौशल के मुताबिक, आरोपी तनवीर अख्तर खान की तलाश में पुलिस संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है। इधर, पीड़िता ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मदद मांगी है।

### वीडियो में पीड़िता ने बताया दर्द

युवती ने वायरल वीडियो में कहा है कि वह यश मॉडल संस्थान में मॉडलिंग करती थी। करीब डेढ़ साल काम के दौरान संचालक ने न सिर्फ उसे प्रताड़ित किया, बल्कि उस पर शादी का दबाव भी बनाया। संस्थान छोड़ने के बाद वह सीधे भागलपुर गयी। वहां पर कुछ दिन रहने के बाद वह मॉडलिंग के जरिये करियर बनाने मुंबई चली गयी। वह मुंबई के वर्सोवा में रहने लगी, लेकिन तनवीर ने उसे प्रताड़ित करने का सिलसिला जारी रहा।

**मुंबई पहुंच गया तनवीर :** महिला मॉडल का आरोप है कि उसे प्रताड़ित करने के लिए तनवीर मुंबई तक पहुंच गया। वहां उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव डालने लगा। तनवीर ने उससे धर्म बदलकर उससे शादी करने का भी दबाव बनाया। इनकार करने पर उसने जान से मारने की कोशिश भी की, जिसकी शिकायत उसने वर्सोवा पुलिस स्टेशन में भी की है।

### तनवीर अख्तर पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार, तलाश में जुटी रांची पुलिस

मॉडलिंग कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। रांची पुलिस इस मामले में एफआइआर दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी में जुटी हुई है। फिलहाल तनवीर अख्तर कहां है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। पीड़िता के अनुसार, वर्ष 2021 में वह गूगल पर सर्च कर मॉडलिंग सीखने रांची आयी थी। उसी साल होली पर्व के आयोजन पर तनवीर अख्तर ने अपने कोचिंग संस्थान में पार्टी दी थी और पार्टी के दौरान ही कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर गलत काम किया था। इसके बाद उसका वीडियो बना लिया और बार-बार वीडियो दिखाकर उसे ब्लैकमेल करता था। हालांकि, यहां से परेशान होकर वह अपने घर भागलपुर चली गयी थी। लेकिन, उसे जान से मारने की धमकी देकर फिर रांची बुलाया और बार-बार शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसके बाद पीड़िता मुंबई चली गयी थी। तनवीर अख्तर पीछा करते हुए मुंबई पहुंच गया और धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने लगा। महिला परेशान होकर इस मामले की जानकारी मुंबई पुलिस को दी। इधर, रांची पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है और तनवीर को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। फिलहाल तनवीर अख्तर का कोई सुराग नहीं मिल रहा है।

**समझौते के बावजूद कर रहा प्रताड़ित :** मॉडल का आरोप है कि तनवीर के परिवार के दबाव में उसने उसके साथ समझौता कर लिया था। (शेष पेज 11 पर)

## राज्य कैबिनेट में 39 प्रस्तावों पर मुहर, वन्य जीवों से नुकसान पर बढ़ा मुआवजा

# पंचायती राज के सदस्यों का बढ़ा मानदेय

- पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति नियमावली में संशोधन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। इसमें 39 प्रस्ताव पारित किये गये। त्रिस्तरीय पंचायत में जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के सदस्यों के मानदेय में बढ़ोतरी की गयी। जिला परिषद के अध्यक्ष को 10,000 की जगह अब 12,000 रुपये मिलेंगे। वहीं, उपाध्यक्ष को 7,500 की जगह 10,000 रुपये, पंचायत समिति के प्रमुख को 5,000 की जगह 8,000 रुपये, उप प्रमुख को 3,000 की जगह 4,000 रुपये, मुखिया को 1,000 की जगह 2,500 रुपये, उप मुखिया को 500 की जगह 1,200 रुपये प्रतिमाह दिये जायेंगे। वहीं, दैनिक भत्ता अब 150 की जगह 200 रुपये दिये जायेंगे। यात्रा भत्ता में भी बढ़ोत्तरी की गयी है। अब 5 रुपये प्रति किलोमीटर की जगह 10 रुपये प्रति किमी यात्रा भत्ता दिया जायेगा।

वन्य जीवों से जान-माल, फसल व मकान क्षतिपूर्ति की मुआवजा राशि में भी बढ़ोतरी की गयी है। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को अब एक लाख के बजाय डेढ़ लाख रुपये, साधारण रूप से घायल व्यक्ति को 15,000 की जगह 25,000 रुपये दिये जायेंगे। स्थायी अपंग होने पर 2,00,000 के बजाए 3,25,000 रुपये मिलेंगे। वहीं, मौत होने की स्थिति में 4,00,000 रुपये दिये जायेंगे। मकान को नुकसान होने पर 1,20,000 रुपये दिये जायेंगे।

### मुड़मा में बनेगा बैंक ऑफ इंडिया का प्रशासनिक भवन

रांची अंचल के नगड़ी के मुड़मा में बैंक ऑफ इंडिया के प्रशासनिक भवन के लिए 75 एकड़ भूमि 11 करोड़ रुपये शुल्क लीज पर दी गयी। इसके अलावा, सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी एक्ट की मंजूरी दी गयी। झारखंड उत्पाद अधीनस्थ सेवा संवर्ग नियमावली 2013 में संशोधन किया गया। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गौरांग महत्व को दिये गये एक दंड को कैबिनेट में यथावत रखने का निर्णय लिया। विशेष शाखा में आरक्षी पद के लिए अनुसूचित नियमावली में संशोधन को मंजूरी मिली। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में कार्यरत स्वीपर और माली को अब श्रम विभाग के नियम के अनुसार मानदेय का भुगतान किया जायेगा। राज्य के क्राइम कोर्ट में 75 स्थायी पद के सृजन की मंजूरी दी गयी। झारखंड राज्य पुलिस अवर निरीक्षक नियुक्ति नियमावली 2016 को निरस्त किया गया। श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान को सचिवालय के संलग्न कार्यालय के रूप में शामिल करने की मंजूरी दी गयी। सहायक प्रशाखा पदाधिकारी इत्यादि पदों की स्वीकृति भी दी गयी।

### सरिया अनुमंडलीय न्यायालय की स्थापना को मिली मंजूरी

गिरिडीह के क्रिटिकल केयर अस्पताल को 21 करोड़ रुपये दिये गये। पेयजल विभाग के अंतर्गत जलसहिया को एक स्मार्टफोन, दो साड़ी दी जायेगी। इसके लिए 39.72 करोड़ रुपये मंजूर किये गये। पाकुड़ के अमरापाड़ा में 1,218 हेक्टेयर भूमि में खनन के लिए मेसर्स डब्ल्यूबीपीडीसीएल को पट्टा देने की स्वीकृति दी गयी। पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति नियमावली में संशोधन हुआ। राज्य के सभी पुस्तकालयों के विकास की योजना स्वीकृत की गयी। कैबिनेट में इसके अलावा कई विभागों की नियुक्ति नियमावली में भी संशोधन किया गया। सरिया अनुमंडलीय न्यायालय की स्थापना की मंजूरी दी गयी।

## केंद्र सरकार लायी दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना

**केंद्रीय कैबिनेट के फैसले**
- सहकारिता के माध्यम से विकसित की जायेगी 700 लाख टन की कृषि भंडारण क्षमता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार सहकारी क्षेत्र के माध्यम से दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना लेकर आयी है। इसके तहत एक लाख करोड़ रुपये खर्च कर 700 लाख टन भंडारण क्षमता विकसित की जायेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में इसके लिए एक अंतरमंत्रालयी समिति बनाने को मंजूरी दी है। सहकारिता मंत्री इसके अध्यक्ष होंगे। इसमें कृषि एवं किसान कल्याण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से जुड़े व मंत्री और सचिव शामिल होंगे।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि इससे कृषि क्षेत्र में भंडारण क्षमता की कमी दूर की जायेगी। वर्तमान में देश के पास उत्पादन के लिहाज से 47 प्रतिशत ही भंडारण क्षमता है। इस समय कुल 1450 लाख टन भंडारण की क्षमता है और अब 700 लाख टन भंडारण की क्षमता सहकारिता क्षेत्र में शुरू होगी। यह भंडारण क्षमता विकेंद्रीकृत होगी और ब्लॉक स्तर पर 2000 लाख टन के भंडारण क्षमता के गोदाम बनाये जायेंगे। उन्होंने इसे विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बताया। बता दें कि भारत में हर साल करीब 3100 लाख टन खाद्यानों का उत्पादन होता है।

इससे किसानों को अपने कृषि उपज को भंडारण के अभाव में जल्दी से बेचना नहीं पड़ेगा। देश के अन्न भंडारण को होने वाला नुकसान कम होगा। ब्लॉक स्तर पर होने की वजह से स्थानीय स्तर पर भंडारण क्षमता से ट्रांसपोर्टेशन का खर्च कम होगा। (शेष पेज 11 पर)

## प्रदीप यादव के सीलबंद घर को इडी ने खोला, पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव बुधवार को गोड्डा से रांची पहुंचे। उनके रांची पहुंचने के बाद इडी की टीम उनके डोरंडा स्थित आवास पर पहुंची और उनके सील बंद आवास को खोलकर छापेमारी आरंभ की। मंगलवार को जब प्रदीप यादव अपने आवास पर नहीं थे, तो इडी के अधिकारियों ने उनके आवास को सील कर दिया था।

प्रदीप यादव के रांची पहुंचने के बाद इडी के अधिकारी देर शाम उनके आवास पर पहुंचे और सील आवास को खोला। इसके बाद उनकी उपस्थिति में उनके आवास की तलाशी शुरू हुई। तलाशी के उपरांत उनसे पूछताछ की प्रक्रिया देर रात तक जारी थी। गौरतलब है कि मनी लांड्रिंग के आरोप में इडी की टीम ने कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव सहित सात लोगों के 13 ठिकानों पर छापा मारा था। इडी की टीम ने मंगलवार की सुबह रांची के छह, गोड्डा के चार और दुमका के तीन ठिकानों पर छापामारी की थी। इस दौरान गड़बड़ी व निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले। (शेष पेज 11 पर)

### शृंगार गौरी मामले में मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में स्थित शृंगार गौरी की नियमित पूजा अधिकार मामले में इलाहाबाद हाइकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया कमेटी की याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी वाराणसी की तरफ से दाखिल पुनरीक्षण याचिका को खारिज किया है। इस मामले में तीन महीने की लंबी बहस और दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। बुधवार को मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी गयी।

## चतरा में रेलवे के कंस्ट्रक्शन साइट पर टीएसपीसी उग्रवादियों का हमला

- पांच कर्मियों से जमकर मारपीट, एक पोकलेन मशीन को फूंका

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के उग्रवादियों ने मंगलवार की देर रात शिवपुर कठोतिया के फुलवरिया में रेलवे निर्माण कार्य स्थल पर हमला बोला और जमकर उत्पात मचाया। उन्होंने कंस्ट्रक्शन साइट पर एक पोकलेन मशीन को भी आग लगा दी। काम कर रहे पांच लोगों की काफी पिटाई की और इसके बाद पर्चा छोड़ गये कि संगठन की इजाजत के बगैर काम किया, तो इसका अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। टंडवा थाना क्षेत्र में शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन निर्माण कार्य चल रहा है। यहां मंगलवार की देर रात टीएसपीसी के एक दर्जन हथियारबंद उग्रवादी पहुंचे और कर्मियों को अपने कब्जे में लेकर पोकलेन मशीन पर डीजल छिड़क आग लगा दी। (शेष पेज 11 पर)

### विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने 12 को पटना जायेंगे सीएम

**रांची।** मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों की मुहिम को लेकर 12 जून को पटना में आयोजित बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी हिस्सा लेंगे। यह बैठक बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में हो रही है। इसमें देश भर के करीब 20 गैर भाजपा राजनीतिक दलों के नेताओं के हिस्सा लेने की संभावना है। बैठक में बंगाल और दिल्ली के सीएम भी शामिल हो सकते हैं। विपक्षी एकता को लेकर सीएम नीतीश और डिप्टी सीएम व राजद नेता तेजस्वी यादव हाल ही में रांची आये थे।



## महासंपर्क अभियान को लेकर भाजपा के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

# कांग्रेस की थी करप्शन बेस्ड सरकार, मोदी राज में विकसित हुआ भारत : दीपक प्रकाश

**प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन, केंद्र की मोदी सरकार को बताया सबसे लोकप्रिय**




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान शुरू हो चुका है। झारखंड में भी 1 महीने के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। इसे लेकर बुधवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। पीसी में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि देश की अब तक की सबसे लोकप्रिय मोदी सरकार ने 9 साल पूरे कर लिये हैं। मोदी सरकार ने 9 सालों में भारत को स्वावलंबी बनाया है। प्रधानमंत्री ने 141 करोड़ भारतीय नागरिकों के साथ प्रवासी भारतीयों की भी चिंता की है। विश्व के पटल पर भारत को मजबूती से खड़ा किया है, जबकि इससे पहले कांग्रेस की करप्शन बेस्ड सरकार थी। आकाश से पाताल तक भ्रष्टाचार करने वाली सरकार थी।

### 1 महीने तक पार्टी कई बड़े कार्यक्रम चलायेगी

पार्टी के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने महा संपर्क अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 1 महीने तक पार्टी कई बड़े कार्यक्रम चलाएगी और घर-घर जनसंपर्क कर मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को बताएगी।

**महा संपर्क अभियान के महीने भर का कार्यक्रम**

2 और 3 जून- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकास तीर्थ यात्रा का आयोजन
4 जून- सोशल मीडिया इनफ्लुएंस मीट
5-6 और 19-20 जून- विधानसभा स्तर पर लाभार्थी सम्मेलन
7 और 8 जून- भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ परिचर्चा
10 और 11 जून- विशाल जनसभा, प्रदेश के सभी बड़े नेता शामिल होंगे।
12 से 15 जून- पार्टी के सभी 7 मोर्चों का संयुक्त सम्मेलन
16 से 18 जून- लोकसभा स्तर पर व्यापारी सम्मेलन
20 से 30 जून- घर-घर संपर्क अभियान, 65 लाख घरों में पहुंचने का लक्ष्य
1 से 22 जून- हर लोकसभा क्षेत्र में 1000 से 1200 विशिष्ट परिवारों से भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मिलेंगे

# विद्युत अभियंताओं को मानसून पूर्व तैयारी पूरी करने का निर्देश

**डेढ़-दो घंटे से अधिक शट डाउन नहीं लेना सुनिश्चत करें**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जेबीवीएनएल रांची एरिया बोर्ड के जीएम पीके श्रीवास्तव ने रांची के सभी डिवीजनों के कार्यपालक अभियंताओं को दिशा-निर्देश जारी किया है। मानसून पूर्व की तैयारी में जुट जाने को कहा है। कहा मानसून को देखते हुए सभी 33 केवी, 11 केवी एवं एलटी लाइनों की मरम्मत कार्य पूरी कराएं, ताकि आंधी-पानी के दौरान भी रांची के लोगों को निर्बाध बिजली मिल सके।

**कार्यपालक अभियंताओं को दिशा-निर्देश** : सभी 33, 11 एवं एलटी लाइन की पेट्रोलिंग करा लिए जाएं। जिन स्थानों पर आंधी के दौरान पेड़ों अथवा टहनियों के तार में सटने की संभावना है, उसे छांट कर हटा लिए जाएं। अंडरग्राउंड फीडरों के राइजिंग पोल के आसपास भी पेड़ों अथवा टहनियों को छांटकर अलग कर लिए जाएं। छंटाई कार्य के लिए अगर किसी भी फीडर के शटडाउन की आवश्यकता हो तो समाचार पत्रों के माध्यम से लोगों को सूचना दें, ताकि लोगों को असुविधा न हो। संबंधित क्षेत्र के कार्यपालक अभियंता शटडाउन के लिए अधिकृत होंगे, किंतु ध्यान रहे कि किसी भी फीडर का शटडाउन डेढ़ से दो घंटों से ज्यादा न हो। सब स्टेशनों में लगे पावर ट्रांसफार्मरों, ब्रेकरों एवं अन्य उपकरण के अर्थिंग का भी सूक्ष्म जांच करा लिए जाएं। अगर किसी पावर ट्रांसफार्मरों में ऑयल टॉप अप करने की आवश्यकता हो तो उसे करा लिए जाएं। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लगे ट्रांसफार्मरों पर भी विशेष नजर रखी जाए। शहरी क्षेत्रों के खराब ट्रांसफार्मरों को 6 से 8 घंटे, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के खराब होने वाले ट्रांसफार्मरों को 48 से 72 घंटे में बदला जाए।

## 4.602 एकड़ जमीन का होगा अधिग्रहण

# इटकी से टाटकुंडो पथ का होगा चौड़ीकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पुनर्जीवित परियोजना के तहत पथ निर्माण विभाग द्वारा इटकी पावर हाउस से दरहाटांड़-झिंझरी टाटकुंदो पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा। इस पथ के चौड़ीकरण के लिए 55 लोगों की जमीन का अधिग्रहण किया जायेगा। इसको लेकर जिला भू-अर्जन विभाग रांची ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, इटकी पावर हाउस से टाटकुंडो पथ के चौड़ीकरण के लिए इटकी मौजा, ठाकुरगांव थाना और इटकी अंचल में 4.602 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जायेगी। हितबद्ध व्यक्ति या अन्य द्वारा अब इन चिन्हित जमीन की खरीद-बिक्री नहीं की जा सकती है। इस पर किसी तरह की संरचना नहीं खड़ी की जा सकती है। अगर हितबद्ध व्यक्ति को जमीन से संबंधित शिकायत करनी है, वो 60 दिनों के अंदर भू-अर्जन ऑफिस में दर्ज करा सकते हैं।

### इन लोगों की जमीन का होगा अधिग्रहण

मंगल मोची, थोमस केरकेट्टा, ढढु केरकेट्टा, हीरा केरकेट्टा, रामकी सोर, अभूरन केरकेट्टा, रामेश्वर नाथ शाहदेव, गणेश साव, छेदी साव, सुधीर साव, बलिया मियां, सकील हाजी, मो अकील, तबरेज आलम, मो हबीबुल्लाह, जयतुन निसा, बिरसा उरांव, विनोद भगत, गोपाल महतो, सलेंद्रा महतो, रामचरण महतो, असमारक, जोगेंद्र महतो, लखन महतो, बांसी महतो, दिनेश्वर महतो, गपज महतो, मनोज महतो, राजेश्वर महतो, गुरु चरण, फुलेसर भगत, नंद भगत, विसराम भगत, विजय उरांव, अशोक भगत, सुरेश हजाम, सुजाता देवी और अरुण हजाम की जमीन का अधिग्रहण किया जायेगा।

# लातेहार में टाना भगतों पर लाठी बरसाना गलत उन्हें जेल में डाला जाना बड़ी साजिश : बंधु तिर्की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है पिछले वर्ष लातेहार के कचहरी परिसर में 400 टाना भगतों पर लाठी चार्ज किया गया जो गलत है। लातेहार जिला प्रशासन ने इस पूरे मामले में साजिश रची। पार्टी कार्यालय में बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा में टाना भगत अगुवा रहे हैं। वे कचहरी परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से धरना दे रहे थे, उसके बावजूद उनपर बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसायी गयीं। करीब 40 टाना भगतों को गिरफ्तार कर लिया गया। ये गलत है। उन्होंने लातेहार प्रशासन से पूछा कि धरना दे रहे टाना भगत क्या कोई क्रीमिनल हैं, हत्यारे हैं या उग्रवादी? टाना भगत का इतिहास रहा है वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ देश की आजादी में अपनी महत्ती भूमिका निभायी है। ये हमेशा शांतिपूर्वक और अहिंसात्मक आन्दोलन के पक्षधर रहें हैं। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन को बहुत सोची-समझी साजिश के तहत गलत दिशा में ले जाया गया। एक चाल के तहत आन्दोलन करने वाले अगुवाओं को जेल में डालने की पूरी साजिश रची गई हैं। प्रेस वार्ता में प्रवक्ता राकेश सिन्हा समेत अन्य भी मौजूद थे।

### टाना भगतों पर बर्बरतापूर्वक कार्रवाई चिंतनीय

श्री तिर्की ने कहा कि आज इन गांव में एक भी सामाजिक अगुवा नहीं बचे हैं। जेल में बंद टाना भगतों से मिलने से लोग कतरा रहें हैं। टाना भगतों के साथ इस तरह बर्बतापूर्वक कार्रवाई किया जाना चिंतनीय है। आखिर कौन लोग थे जो टाना भगतों को उकसाया इसकी जांच होनी चाहिए। इसके लिए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं से भी बातचीत किया जा रहा है। जरूरत पड़ी तो एक प्रतिनिधिमंडल महामहिम राष्ट्रपति से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया जायेगा। कोल माइनिंग भारत सरकार के संरक्षण में हो रहा है।

### षड्यंत्र रच जेल में डाला गया

बंधु तिर्की के मुताबिक लातेहार में टाना भगतों के खिलाफ साजिश रची जा रही है। तुबैर, बनरर्दी, चकला, बालूमाथ जैसे कोयला खदानों में बेरोक-टोक खनन कार्य करने का षड्यंत्र रचा गया है। इसी कारण से उन्हें जेल में डाल कर उनकी जमीन से बेदखल किया जा रहा है, जो घटनास्थल पर नहीं थे, उनका भी नाम अभियुक्तों में शामिल कर दिया गया है। घटना के एक सप्ताह के भीतर ही माइनिंग का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

# पेन ड्राइव में है साहब के पापों का लेखा-जोखा : बाबूलाल

**भाजपा नेताओं की हिट लिस्ट में मंजूनाथ भजंत्री**

**निशिकांत के बाद अब बाबूलाल पड़े डीसी के पीछे**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भ्रष्टाचारियों ने झारखंड को अंधेर नगरी बना दिया है। ट्विट कर उन्होंने विधायक प्रदीप यादव का नाम लिए बिना कहा कि साहब और उनके करीबियों के ठिकानों पर हुई छापेमारी में महत्वपूर्ण दस्तावेज, नगद, पेन ड्राइव मिले हैं। कहा जा रहा है कि इसमें उनके पाप का लेखा-जोखा है। इन लोगों ने झारखंड को अंधेर नगरी बना दिया है। लोगों का धैर्य टूट रहा है। झारखंड को दोनों हाथों से लूटने वाले, अवैध खनन से अकूत दौलत बनाने वाले, महाभ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण देने वाले, बिचौलियों को अपने गलियारे में बिठाने वाले और सरकारी राजस्व को अरबों रुपये का चूना लगाने वाले आज झारखंड को चला रहे हैं, बहुत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। सीएम हेमंत सोरेन की सनक ने झारखंड को बहुत पीछे धकेल दिया है।

### संक्रमण की तरह फैल रहा है लव जिहाद

लव जिहाद मामले पर बाबूलाल ने कहा कि यह वैश्विक संक्रमण पूरी दुनिया में अपनी तबाही मचाए हुए है। लोगों के घर- परिवार तबाह हो जा रहे हैं, मां-बाप की दुनिया उजड़ जा रही है। उन्होंने झारखंड पुलिस से मांग की है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सजा दिलायी जाये।

## सीएम हेमंत से मिले भारतीय तटरक्षक बल के आइजी और कमांडेंट

# कोस्ट गार्ड सेवा में हमारे झारखंड के युवाओं को भी मौका मिले : मुख्यमंत्री



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड, उत्तर-पूर्व, क्षेत्रीय मुख्यालय, कोलकाता) के महानिरीक्षक इकबाल सिंह चौहान एवं कमांडेंट दीपक सिंह ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आइजी इकबाल सिंह चौहान से झारखंड में भारतीय तटरक्षक बल के कार्यों की जानकारी ली। इस सेवा में झारखंड के कितने लोग शामिल हैं यह भी जाना।

आइजी इकबाल सिंह चौहान ने बताया कि वर्तमान में कोस्ट गार्ड सेवा में झारखंड के लोगों की संख्या कम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय तटरक्षक बल झारखंड में भी अपने कार्यों का प्रचार-प्रसार करे और कोस्ट गार्ड सेवा में झारखंड के लोगों को भी मौका मिले, इस दिशा में कार्य योजना तैयार करने की जरूरत है। मौके पर वंदना डाडेल विनय कुमार चौबे उपस्थित थे।

# बकोरिया मुठभेड़ मामले की जांच में लग गये आठ साल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में पुलिस मुठभेड़ में 12 लोग मारे गये। यह घटना आठ साल पहले आठ जून 2015 को हुई थी। घटना के बाद पूरे झारखंड में चर्चा तेज हो गयी। मानवाधिकार आयोग समेत कई संगठनों ने इसे फर्जी करार दे रहे थे। इसके बाद नौ जून 2015 को सरकार ने सीआइडी से जांच शुरू कराया। जांच आगे बढ़ी, लेकिन घटना में मारे गये परिजनों ने इसकी सीबीआई जांच की मांग को लेकर कोर्ट पहुंच गये।

बता दें कि पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में आठ जून 2015 को मुठभेड़ में डॉ अनुराग समेत 12 लोग मारे गए थे। स्थानीय पुलिस का दावा था कि पुलिस, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के द्वारा मुठभेड़ में लोगों की मौत हुई है। जबकि दारोगा हरीश पाठक ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी कि जेजेएमपी ने उग्रवादियों को मौत का घाट उतारा। इसके बाद इसे पुलिस मुठभेड़ करार दिया गया।

बकोरिया मुठभेड़ के बाद सीआईडी ने नौ जून 2015 को जांच शुरू की थी। जांच के खिलाफ मृतक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। झारखंड हाईकोर्ट ने साल 2018 में सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इसके बाद सीबीआई दिल्ली की स्पेशल सेल ने प्राथमिकी टेकओवर किया था।

सीबीआई ने फोरेंसिक रिपोर्ट में भी मुठभेड़ को सही पाया। मंगलवार को सीबीआई की विशेष अदालत ने समर्पित सीबीआई के क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकर कर लिया और इस केस को बंद करने का निर्णय सुना दिया।

# जिस जिप्सी से लेवी वसूलने रांची आता था दिनेश गोप, पुलिस ने उसे गड्ढे से निकाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/खूंटी।** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप से पूछताछ में पुलिस को कई जानकारियां मिली हैं। जिस पर लगातार पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में खूंटी पुलिस ने पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की पर्सनल जिप्सी को बरामद किया है। इसी जिप्सी से दिनेश गोप इलाके में घुमा करता था। पुलिस ने इसे एक स्कूल के पीछे से जमीन की खुदाई कर बरामद किया है। दिनेश गोप इसी जिप्सी से आर्मी के ड्रेस में लेवी वसूलने के लिए रांची आत था।

**जिस स्कूल का निर्माण कराया, उसी में दफन किया जिप्सी** : पुलिस ने जिप्सी वहां से बरामद की, जिस स्कूल का निर्माण दिनेश गोप ने कराया था। खूंटी पुलिस की टीम स्कूल के पीछे जमीन की खुदाई करवाया तो दिनेश गोप द्वारा छिपाए गए जिप्सी की तरह अन्य सामानों की तलाश कर रही है। गौरतलब है कि दिनेश गोप ने रनिया थाना क्षेत्र के गरई में विद्या विहार नामक स्कूल बनवाया है, जहां इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई होती है। इस स्कूल में पढ़ने वाले ज्यादातर बच्चों को निःशुल्क फ्री पढ़ाया जाता है।



### 15 किलो के दो बम हुए बरामद

एनआईए की टीम दिनेश गोप को साथ लेकर खूंटी और सिमडेगा जिले में छापामारी करने निकली थी। पुलिस दिनेश गोप द्वारा छिपा कर रखे गए हथियारों को तलाश रही थी। पहले रनिया में छापामारी की गई, इसके बाद सिमडेगा के महाबुआंग थाना क्षेत्र में छापामारी की गई। छापामारी में दिनेश गोप की निशानदेही पर पुलिस को दो बम बरामद हुए। महाबुआंग थाना क्षेत्र के महुआ टोली जंगल के मनिसाय पहाड़ के पास से पुलिस को 15 किलो के ये दोनों बम मिले। जिसके बाद पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ने बम को डिफ्यूज किया।

# ग्रामीण जनता के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करें बैंक : रामेश्वर

**राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 83वीं बैठक**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य स्तरीय बैकर्स समिति की 83वीं बैठक बुधवार को होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित की गयी। बैठक में राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक, विभिन्न विभागों के अधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड सहित कई वित्तीय संस्थानों के अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर डॉ उरांव ने कहा कि बैंको को राज्य की ग्रामीण जनता के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करने की आवशयकता है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा पेश किये जानेवाले बजट से पूर्व गोष्ठी में बैंको को शामिल होने की बात कही। बैंक ऑफ इंडिया, प्रधान कार्यालय के प्रबंध निदेशक रजनीश कर्नाटक ने देश के आर्थिक विकास तथा वित्तीय समावेशन में बैंकों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। वहीं राज्य के एकीकृत विकास में राज्य सरकार के सहयोग की प्रशंसा की। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति झारखंड के मुख्य प्रबंधक विभव कुमार ने पीपीटी के माध्यम से प्रमुख विषयों पर प्रकाश डाला।

इससे पूर्व बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने 2010-2011 से 2022-23 तक वार्षिक ऋण योजना के बारे में कहा कि जहां बैक 2010-11 वार्षिक 20 हजार करोड़ के ऋण लक्ष्य को प्राप्त करते थे, वहीं आज पांच गुना ज्यादा राशि की वार्षिक ऋण योजना प्रवाह कर रहे हैं।

# खराब रिजल्ट पर 13 जिलों के डीइओ को नोटिस, मांगा जवाब

**रांची।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने इंटरमीडिएट आर्ट्स और कॉमर्स में खराब रिजल्ट वाले जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। आर्ट्स के रिजल्ट में फिसड्डी रहने वाले पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज, पलामू, दुमका और गढ़वा और कॉमर्स में निचले पायदन पर रहने वाले सरायकेला खरसावां, साहिबगंज, पश्चिमी सिंहभम, खूंटी, गिरिडीह, देवघर और गुमला के जिला शिक्षा पदाधिकारी से जवाब मांगा गया है। इन अधिकारियों को यह बताना है कि किन कारणों से उनके यहां रिजल्ट खराब हुआ है। स्पष्टीकरण का जवाब तीन दिन के अंदर देना है, जबकि 12 जून को आयोजित अधिकारियों की बैठक में रिजल्ट की विस्तृत रिपोर्ट देनी है। इंटर आर्ट्स के रिजल्ट में जिले का ओवर ऑल रिजल्ट 94 फीसदी के नीचे है, जबकि अन्य जिलों में 95 फीसदी से ऊपर है।

## आंदोलन कर रहे छात्रों ने 9 जून को मशाल जुलूस निकालने का लिया निर्णय

# राज्य में 60:40 नियोजन नीति के खिलाफ 10 और 11 जून को झारखंड बंद की घोषणा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


फाइल फोटो

**रांची।** 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों ने 10 और 11 जून को झारखंड बंद बुलाया है। वहीं, 9 जून को पूरे झारखंड में विशाल मशाल जुलूस और 10 एवं 11 जून को संपूर्ण झारखंड बंदी का निर्णय लिया गया है। झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले चल रहे इस आंदोलन की अगुवाई कर रहे छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि राज्य सरकार छात्रों की मांग को अनसुनी कर रही है। इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। आंदोलन के पहले चरण में छात्रों ने 42 सत्ताधारी सहित 72 विधायकों के पास जाकर उनके समक्ष मांगें रखी है। इसके अलावा 13 सांसदों से लिखित समर्थन मिलने का भी दावा किया गया है।

### राज्यपाल-राष्ट्रपति को करायें अवगत

यूनियन ने कहा है कि अधिकांश सांसद-विधायक ने 60-40 नाय चलतो का समर्थन किया है। इन सारे दस्तावेज को लेकर जल्द ही छात्रों का एक शिष्टमंडल स्पीकर से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा। राज्यपाल एवं राष्ट्रपति के समक्ष ज्ञापन भेजकर झारखंडी जनभावना से अवगत कराया जाएगा। छात्र नेता श्री महतो ने कहा जिस नियुक्ति विज्ञापन में झारखंड शब्द का जिक्र नहीं, वह झारखंडियों का नहीं हो सकता। दूसरे चरण के आंदोलन के दौरान छात्र जाहेर थान, मरांग बुरु, सिंगबोंगा, सरना माई, बूढ़ा बाबा, जैसे देवी-देवताओं के समक्ष वर्तमान सरकार के सद्बुद्धि का कामना करेंगे।

### 60-40 के खिलाफ लगातार चल रहा है आंदोलन

वर्तमान नियोजन नीति के खिलाफ लगातार आंदोलन चल रहा है। बजट सत्र के अंतिम दिन 23 मार्च को छात्रों ने विधानसभा घेरने की कोशिश थी। इस दौरान हुई पुलिस लाठीचार्ज में कई छात्र घायल हो गए थे। इसके बाद 17 अप्रैल को छात्रों ने 72 घंटे का महाआंदोलन कर सीएम आवास घेरने की असफल कोशिश की।

# जेएनएसी ने छापेमारी कर 30 किलो प्रतिबंधित गुटका जब्त किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी के निदेर्शानुसार साकची पोस्ट ऑफिस के पास , साकची गोलचक्कर, मोहम्मडन लाइन साकची, कागल नगर सोनारी, रूप नगर सोनारी, एरोड्रम के पास, गुदड़ी बाजार में छापामारी करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित गुटका जब्ती किया गया एवं मोहमडन लाइन साकची में भंडारण करने वाले एक गोदाम जिसमे भारी मात्रा में गुटका का रखा हुआ था उड़न दस्ता दल के छापामारी के दौरान गोदाम मालिक के द्वारा ताला बंद कर भाग गया जिसके उपरांत उक्त गोदाम को साकची थाना को सूचना देने के उपरांत उपस्थिति में सील किया गया । आज के अभियान में लगभग 30 किलो से ज्यादा जिसमे 2 पेटी एवं 5 झोला गुटका जब्त किया गया कुल 18 लोगो से 68300/ रुपए जुमार्ना वसूल किया गया। उक्त अभियान नगर प्रबंधक रवि भारती के नेतृत्व में प्रभारी कर दारोगा एम के एल दास के द्वारा क्षेत्रीय राजस्व कर्मी प्रकाश भगत, गणेश राम के साथ उड़न दस्ता दल के जवान सामिल रहे।

## एनटीटीएफ में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम संपन्न

मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस एनटीटीएफ के २०० छात्रों के बीच कैंसर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में कैंसर सरवाइवर एवं मोटिवेशनल स्पीकर जबलपुर से आई श्रीमती नीलम शर्मा , ब्रह्मानंद हस्पताल के सीनियर कैंसर रोग विशेषज्ञ डा अमित कुमार , मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड एवं मैसेज आयरन लेडी श्रीमती रितु रुंगटा एवं एनटीटीएफ की प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीता जोसफ उपस्थित थी। इस अवसर पर अध्यक्ष मोहित मूनका ने कहा विश्व तंबाकू निषेध दिवस हर साल 31 मई को मनाया जाता है। यह दिन तंबाकू के उपयोग के खतरों और विश्व स्तर पर तंबाकू की खपत को कम करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है।

# क्षेत्र में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत में जेएनएसी की सुस्ती पर उबले सरयू राय

### विधायक ने नगर विभाग के सचिव को लिखा कड़ा पत्र, कहा-गर्मी चरम पर किंतु नहीं हुई चापाकलों की मरम्मत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव को पत्र लिख कर जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में खराब पड़े चापाकलों की जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति द्वारा मरम्मत एवं नये चापाकल गाड़ने के आग्रह पर कार्रवाई नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। पत्र में विधायक ने लिखा है कि अत्यंत क्षोभ के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि उपर्युक्त विषय में जमशेदपुर अधिसूचित समिति ने अक्षम्य विफलता का परिचय दिया है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुझे क्षेत्र में अधिष्ठापित चापानलों के खराब रहने की शिकायतें मिलते रहती हैं। इस कारण संबंधित नागरिकों की पेयजल कठिनाई का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। अफसोस है कि जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र के संबंधित अधिकारी इस बारे में घोर लापरवाह प्रतीत हो रहे हैं। पूछने पर पहले बताया जाता रहा कि चापानलों की मरम्मति के लिए ठेकेदार नियुक्त होना है, फिर बताया गया कि इस हेतु ठेकेदार की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। फिर सूचना मिली कि ठेकेदार की नियुक्ति हो गई है काम शीघ्र आरम्भ होगा। वस्तुस्थिति यह है कि समय बीतते गया और नियुक्त ठेकेदार ने चापानलों की मरम्मति में रुचि ही नहीं दिखाया। गर्मी के कष्टकारी मौसम का तीन चौथाई समय बीत गया पर चापानलों की मरम्मति नहीं



हुई। नये चापानलों का अधिष्ठापन भी नहीं हुआ। इस बारे में मैंने पहले मौखिक और बाद में लिखित सूचना जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी को दिया। उनसे जानना चाहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में कितने चापानल लगे हुए हैं, इनमें से कितने की मरम्मत हुई है, कितने काम लायक हैं आदि-आदि। मेरी लिखित सूचना का उन्होंने मौखिक उत्तर दिया कि नियुक्त ठेकेदार ने क्षेत्र में पहले से लगे चापानलों की मरम्मत नहीं किया, नये स्वीकृत चापानल नहीं लगाए, उसके विरूद्ध कारवाई की जाएगी, मरम्मत का काम विभाग द्वारा कराया जा रहा है, आदि-आदि।

विधायक ने लिखा है कि सरकार ने गर्मी का मौसम आने से पहले विधानसभा में और विधानसभा के बाहर सदस्यों को आश्वासन दिया कि पीने के पानी की कठिनाई दूर की जाएगी, नये चापानल, नई बोरिंग लगाए जाएँगे, जहां चापानल, बोरिंग, जलापूर्ति की पाईपलाइन नहीं है, वहाँ टैंकरों से पानी पहुँचाया जाएगा। परंतु जमशेदपुर जैसे शहर में स्थानीय विधायक के लगे रहने, निरंतर अक्षेस अधिकारियों से पूछताछ करते रहने के बाद भी सिस्टम की शिथिलता समाप्त नहीं हो रही है, पूर्व में स्थापित ऐसी कार्य प्रणाली में बदलाव नहीं हो रहा है। पेयजल जैसे जीवन रक्षक विषय में इनकी तंद्रा नहीं टूट रही है। मुहल्लों की गलियों, नालियों, नालों की सफाई के मामले में भी लाख पीछे पड़ते रहने पर भी इनका रवैया सुधरना मुश्किल हो रहा है। विधायक ने आगे पत्र में लिखा है कि -मैं यह विषय अत्यंत गम्भीरता से आपके सामने रख रहा हूँ कि जमशेदपुर अक्षेस अथवा नगर विकास विभाग मुझे मेरे विधानसभा क्षेत्र में लगे चापानलों/बोरिंग की संख्या, इनकी स्थिति के बारे में लोकेशन सहित जानकारी दे और बताएँ कि इनमें से जो ठीक होने लायक हैं, उनकी मरम्मत करने, जो ठीक होने लायक नहीं हैं, उन्हें बदलने में अक्षेस की रुचि है या नहीं? अथवा अक्षेस का सिस्टम इसमें सक्षम है या नहीं? इस कार्य के लिये अक्षेस संवेदक का चयन करता है तो यह चयन किस आधार पर होता है कि चयनित संवेदक यह काम ही नहीं करता है और अक्षेस के अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं? यदि लंबे समय से चलती आ रही यह परम्परा अक्षेस की कार्य प्रणाली बन गई है तो इसमें त्वरित बदलाव होना चाहिए। विगत तीन वर्षों से मैं महसूस कर रहा हूँ कि पूर्व स्थापित ऐसी परम्परा के कारण विकसित कार्य प्रणाली से जनहित को नुकसान पहुँच रहा है। ऐसी कार्य प्रणाली को शीघ्र बदला जाना चाहिए। यह पेयजल के अतिरिक्त अन्य अधोसंरचनाओं के निर्माण में भी परिलक्षित हो रहा है।

# पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर रघुवर ने लगाये नौ पौधे

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर के तत्वाधान में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ९ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सिदगोड़ा स्थित सुर्य मंदिर परिसर में केंद्र सरकार के गरीब कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर ९ पौधों का भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भारतीय दर्शन और हमारी जीवन शैली प्रकृति से जुड़ी हुई है। उसको ध्यान में रखते पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के परिस्थिति के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एक वैश्विक नेता के रूप में कार्य किया। जलवायु संरक्षण को ध्यान में रखकर पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, बायोगैस जैसी योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश सिंह यादव, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# ह्यूमन वेलफेयर द्वारा राहगीरों को पिलाया शर्बत




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बुधवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से गरीब नवाज कॉलोनी आजाद मैरेज हाल के पास तपती गर्मी को देखते हुए आम नागरिकों एवं राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए रूह अफजा और ठंडा पानी का वितरण किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार ने राहगीरों को अपने हाथों से रूह अफ्जा और ठंडा पानी पिलाया और उन्होंने कहा के ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से पिछले कई दिनों से इस प्रकार के कार्य किए जाने की काफी सराहना की और स्वयं को ऐसे कार्यों में शामिल होने का ट्रस्ट से आग्रह किया आज के इस शरबत वितरण में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर हाजी जमील असगर,जमात ए उलेमा हिंद के सचिव हाफिज अनवर आलम,कोडरमा से आए किड्स नेशनल स्कूल के डायरेक्टर हुजैफा आलम एवं समाजसेवी मोहम्मद यूसुफ भी उपस्थित थे। आज के कार्यक्रम को कामयाब बनाने में टरसटी सैयद आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, सचिव मोखतार आलम खान, शाहिद परवेज,ताहिर हुसैन, अफताब आलम, मोहम्मद एजाज अंसारी, मोइनुद्दीन अंसारी, मोहम्मद राजा, हाजी फिरोज असलम, मोहम्मद मुन्नवर, मोहम्मद आरिफ, बब्बन, मोहम्मद चांद, मोहम्मद गुलजार का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रमुख एवं मुखियागण भी लोकसेवक, कल्याणकारी योजनाओं पर रखें नजर : डीसी

### डीसी की अध्यक्षता में प्रखंडवार मुखिया सम्मेलन जिला मुख्यालय में शुरु

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सरकार द्वारा संचालित सभी विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने हेतु उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रखंडवार 6 दिवसीय प्रमुख एवं मुखियागणों का उनमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजना किया जा रहा है। इसी आलोक में दिनांक 31.05.2023 को बोड़ाम तथा जमशेदपुर प्रखंड के प्रमुख एवं मुखिया गण समाहरणालय सभागार में आयोजित मुखिया सम्मेलन कार्यक्रम में आज शामिल हुए। सम्मेलन में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जब तक आपको सरकार की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नहीं होगी तब तक आप अपने स्तर से उनकी समीक्षा भी नहीं कर पाएंगे और ना हीं आमजनों को उन योजनाओं से अवगत करा पाएंगे। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में आप सभी प्रमुख एवं मुखियागणों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पदाधिकारियों के साथ साथ आप सभी जन प्रतिनिधियों का भी संयुक्त दायित्व है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति के पास पहुंचे, आप भी लोक सेवक हैं।



सम्मेलन में दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन रस्म पूरी करतीं मुखियागण। साथ में डीसी विजया जाधव, डीआरडीए निदेशक सौरव कुमार व अन्य।

आपका भी जनता के प्रति उतरदायित्व है। आप अपने पंचायत स्तर पर देखे कि आंगनबाड़ी ससमय खुल रहे हैं कि नहीं, सेविका सहायिका समय पर आ रही है कि नहीं, राशन दुकान समय पर खुल रहे है कि नहीं। प्रमुख एवं मुखियागणों को संबोधित करते हुए निदेशक एन.ई.पी ने कहा कि पंचायत स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ साथ जनता को कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करना भी आपका दायित्व है। बैठक में डायरेक्टर डी.आर.डी.ए, डायरेक्टर एन.ई.पी., जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता-बिजली विभाग/पेयजल एवं स्वच्छता, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला सहकारिता पदाधिकारी आदि उपस्थित हुए।

# वर्ल्ड टोबैको डे पर जुबिली पार्क में लगाया जागरुकता कैंप




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** वर्ल्ड नो टोबैको डे के दिन जुबली पार्क रोड में अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार एवं मीडिया संगठन के जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश ने तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान चलाया। तंबाकू के सेवन से मुंह एवं फेफड़ों में कैंसर की बीमारी होती है, अभियान के दौरान तंबाकू से होने वाली बीमारी नुकसान एवं दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने के उद्देश्य के लिए जुबली पार्क रोड , कलसी रोड शीतल छाया चौराहा पर पोस्टर, पंपलेट (हैंड बिल) एवं नारो को लाउड स्पीकर के माध्यम से नशे के प्रति जागरूक किया। हम सब ने ठाना है. तंबाकू छुड़ाना है, छोड़ो - छोड़ो बीड़ी गुटखा छोड़ो के नारे लगाए गए। कार्यक्रम संयोजक एसआरके कमलेश ने तंबाकू उत्पादों के उपयोग ना करने हेतु शपथ दिलाया एवं युवाओं से अपील की धूम्रपान छोड़ने के लिए तनाव नहीं लेना चाहिए। इस वर्ष 2023 की थीम हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं, इस पर जोर दिया। अभियान में रियाजुद्दीन खान, उषा यादव , सुरेंद्र शर्मा , पूर्वी घोष ,सविता सिंह, शिल्पी चक्रवर्ती, मधुमाला, मदन शर्मा, के लक्ष्मी चंद्रमोहन राजू राव, अरविंदर कौर, संजय संजू शर्मा, कर्मा भाई इत्यादि ने अपनी भागीदारी निभाई।

# सोना देवी यूनिवर्सिटी में पूजा के साथ नामांकन की हुई शुरुआत

### घाटशिला के कीताडीह गांव में विवि का भव्य परिसर तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कीताडीह में नवस्थापित सोना देवी विश्वविद्यालय के शानदार परिसर में आज पूजा अर्चना कर नये सत्र के लिए विधिवत नामांकन की शुरुआत हुई। इस अवसर पर सोना देवी विश्वविद्यालय के चेयरमैन प्रभाकर सिंह,दिवाकर सिंह, वाइस चांसलर श्रीमती लिपि घोष, विधायक रामदास सोरेन, सांसद विद्युतवरण महतो समेत बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति एवं शिक्षा जगत की हस्तियां उपस्थित थीं। चेयरमैन प्रभाकर सिंह ने बताया कि पहले सत्र से हमारे विद्यार्थी पूर्ण विकसित कैंपस में पढ़ाई करेंगे। जल्द ही राज्य के मुख्यमंत्री के हाथों विश्वविद्यालय का विधिवत उद्घाटन कराया जायेगा। हमलोग वेबसाइट एवं विवरणिका पहले ही लांच कर चुके हैं। चेयरमैन प्रभाकर सिंह ने बताया कि सोना देवी विश्वविद्यालय की स्थापना लोकल विद ग्लोबल माइंडसेट के लक्ष्य के साथ की गई है। विवि के छात्रों को ग्लोबल एक्सपोजर मिले इसके लिए थाईलैंड समेत कई देशों के विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किया जा रहा है। वाइस चांसलर डा प्रो लिपि घोष ने बताया कि यूनिवर्सिटी में कृषि, मत्स्य एवं वानिकी की विशेष शिक्षा का प्रबंध रहेगा ही इसके अलावा प्रबंधन एवं तकनिकी शिक्षा भी दी जायेगी। शिक्षा के क्षेत्र में बेंचमार्क स्थापित करना सोना देवी विवि का लक्ष्य है। पूजा के अवसर पर अवल डेंटल कॉलेज के निदेशक



पूजा के अवसर पर विधायक रामदास सोरेन के साथ यूनिवर्सिटी के संस्थापक व चेयरमैन प्रभाकर सिंह।



यूनिवर्सिटी का भव्य परिसर।

केएनपी सिंह, शेन इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक अविनाश सिंह राजा, संजय सिंह, उद्योगपति आलोक चौधरी, भरत वसानी, शंभू सिंह, अनूप सिंह, डा कविता परमार,श्रीमती मंजू सिंह, श्रीमती देविका सिंह, समाजसेवी रवींद्रनाथ चौबे, मंटू सिंह, विनोद सिंह, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हर हर महादेव के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले विशेष रुप से उपस्थित थे।

## एक नजर में

# एसएसपी ने की पुलिस सभा



पुलिस सभा में उपस्थित एसएसपी प्रभात कुमार।

**जमशेदपुर।** आज वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम की अध्यक्षता में पुलिस सभा का आयोजन पुलिस केन्द्र गोलमुरी में किया गया। आयोजित सभा में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों के समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

# गुरु अर्जन देव जी की शहादत को समर्पित शबील लगी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** तेरा कीया मीठा लागे का संदेश देने वाले गुरु अर्जन देव जी की शहादत को समर्पित शबील टीसीआई पेट्रोल पंप के पास लगाई गई। गुरु अर्जन देव जी को मुगल बादशाह जहांगीर के आदेश पर शहीद किया गया था और उन्होंने ईश्वर का धन्यवाद दिया कि वह उनकी इच्छा अनुसार इसे ग्रहण करेंगे और शांत भाव के साथ शहादत दी। आयोजक एवं रिफ्यूजी कॉलोनी गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान हरमिंदर सिंह मिंदी ने बताया कि गुरू जी के शरीर को गर्म पानी में उबाला गया उनके शरीर पर गर्म रेत डाली गई और गर्म तवे पर बैठाया गया। यहां हुई अरदास में गुरु नानक सेवादल के हरविंदर सिंह मंटू, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष अजीत सिंह गंभीर, जसवीर सिंह पदरी, दलजीत सिंह दल्ली, कांग्रेस नेता गुरदीप सिंह काके, शरण पाल सिंह राजू, तरसेम सिंह, सेवा सिंह, जसवीर सिंह राजू आदि शामिल हुए और उसके उपरांत संगत के बीच हलवा चना और मीठा शरबत का वितरण किया गया।

# बागबेड़ा जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट की सफाई शुरु



फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करते सुबोध झा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना के लिए 1140 घरों के लिए स्वच्छ पेयजल पिलाने के लिए आदित्यपुर मोड़ फिल्टर प्लांट की साफ-सफाई शुरू पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और ठेकेदार के द्वारा एक करोड़ 82 लाख रुपया लागत से शुभ आरंभ कर दिया गया है। बागबेड़ा महानगर विकास समिति जमशेदपुर के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता सुबोध झा ने बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी की जनता से अपील की है कि फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य अच्छे तरीके से कराने के लिए बागबेडा की जनता को स्वयं निरीक्षण करें और अच्छी तरह से कार्य हो पैसे की बंदरबांट ना हो विशेषकर सभी लोग इस पर ध्यान दें।

# विधायक सविता महतो ने किया लाभुकों के बीच कोर कार्बन चूल्हा का वितरण



लाभुक परिवार को चुल्हा सौंपती विधायक सबिता महतो।

**चांडिल।** तिरुलडीह पंचायत भवन परिसर में बुधवार को कोर काबोर्नेक्स प्राइवेट लिमिटेड एंड विदा कार्बन कॉर्प के सौजन्य से कोर कार्बन चूल्हा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ईंचागढ़ की विधायक सविता महतो उपस्थित हुई। उन्होंने लाभुकों को अपने हाथों से कोर कार्बन चूल्हा का वितरण किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा कि करीब 150 लाभुकों के बिच कोर कार्बन चूल्हा का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि कोर कार्बन चूल्हा से महिलाएं लकड़ी का इस्तेमाल करके खाना बना सकेगी, इस चूल्हा से महिलाओं को पर्यावरण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा में लाभ मिलेगा। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, इंद्रजीत महतो, पंचानन पातर, मंगल महतो, रामु महतो, सुभद्रा सिंह मुंडा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# झामुमो नेता हरि मुखी ने जुगसलाई विस के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया



**जमशेदपुर।** बुधवार को झामुमो नेता हरि मुखी जुगसलाई विस के भिलाईपहाड़ी, देवघर, मुखियाडांगा क्षेत्रो को दौरा किया व स्थानीय ग्रामीणों से मिले। दौरा के क्रम में हरि मुखी झारखंड आंदोलन नेता वीरधान सोरेन के आवास गए, इस मौके पर हरि मुखी के साथ अर्जुन सोरेन भी उपस्थित थे। वीरधान सोरेन के साथ संगठन मजबूती व झामुमो सदास्यता अभियान पर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ साथ राज्य सरकार की योजना को जन जन तक पहुंचाने वा आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन को फिर से मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर हरि मुखी के साथ देवराज मुखी, सुनील मुखी देव व अन्य लोग शामिल हैं।

## स्पीड न्यूज

### सुशीला अपनी जमीन बचाने के लिए लगा रही सरकारी कार्यालय का चक्कर

**मेदिनीनगर ।** शहर के बैरिया ज्ञान निकेतन स्कूल के पास स्थित खाता संख्या 15 प्लाट नंबर 19 में कजरी निवासी भानू प्रताप सिंह उर्फ पन्ना सिंह के द्वारा बिक्री किये गये जमीन को 2017 मे शुशीला पाण्डेय के नाम से रजिस्ट्री और केवाला हुआ था। जिसमे सुशीला के नाम से पूरे 4 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री हुई थी और 2017 से अभीतक जमीन पर दखल कब्जा भी इसी का रहा है। तथा नगर निगम मे होल्डिंग टैक्स भो यही भार रही है । जब ये अपने जमीन पर बाउंड्री करने गयी तो पन्ना सिंह के हिस्सेदार रोक कर दिया। उसके बाद ये दूसरी बार फिर अपनी जमीन की सीमांकन कराने के लिए ब्लॉक स्तर से नापी कराने के लिए गयी तो हिस्सेदार के पास स्थल पर जमीन का कागजात भी नहीं था। जब अमीन कागजात मांगा तो इन लोंगो ने कुछ दिनों का समय मांगा फिर अमीन कहा कि पहले आपलोग कागजात लाइये उसके बाद नापी होगा। दर असल हिस्सेदार के अनुसार इस प्लॉट मे पन्ना सिंह 2 डिसमिल का हकदार और शुशीला को 4 डिसमिल रजिस्ट्री किया है ।हिस्सेदारों के मुताबिक वो भी जमीन उसी प्लाट मे दूसरे जगह पर पन्ना सिंह का हिस्सा है मिली जानकारी के अनुसार हिस्सेदारों का बंटवारा 2022 में मौखिक रूप से किया गया है जिसमे बटवारा के कागजात पर पन्ना सिंह का हस्ताक्षर भी नहीं है और ना हर हर बटवारा के समय इनको सूचना दिया गया था और उसी प्लॉट को पन्ना सिंह के हिस्सेदार ने 2018 मे किसी दूसरे व्यक्ति से बिक्री कर दिया है एक ही प्लॉट एक जगह में दो लोगो का रजिस्ट्री एवं केवाला कैसे हो गया।

### वित मंत्री से सामुदायिक समन्वय समिति का प्रतिनिधि मंडल मिला

**मेदिनीनगर ।** रांची झारखंड राज्य सहयोगी/सामुदायिक समन्वय समिति का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी के नेतृत्व में राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव जिसे मिलकर सहायक अध्यापकों के विभिन्न समस्याओं को रखा। वित्त मंत्री जी से कहा गया कि स्वर्गीय शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो जी के द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव आप की स्वीकृति मिलने के बाद कैबिनेट की स्वीकृति के लिए कैबिनेट चला गया है। पारित प्रस्ताव के अनुसार हम लोगों के सेवानिवृत्ति या मृत्यु के पश्चात ?500000 मिलेगा। मरने के बाद आश्रितों को अनुकंपा का लाभ मिलेगा। इपीएफ कटेगा और सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन मिलेगा। विशेष रुप से आग्रह है कि जो लोग मर रहे हैं उनका परिवार बेसहारा, लाचार और असहाय होकर चौराहे पर आज आ रहा है। यह बहुत ही दर्दनाक, भयावह और असहनीय स्थिति है। इस प्रस्ताव को जल्द कैबिनेट की स्वीकृति दिलाई जाए। दूसरा बिंदु कल्याण कोष है जो हम लोगों के लिए बहुत जरूरी है। आकलन परीक्षा से वंचित लगभग 4000 सहायक अध्यापकों को परीक्षा फॉर्म भरने की मंजूरी दी जाए।

### चाचा ने भतीजी को मारी गोली मौके पर हुई मौत

**नीलांबर पितांबरपुर/ सतबरवा ।** लेस्लीगंज थाना के घुटवा गांव में चाचा ने अपनी भतीजी को गोली मारकर मौत की घाट उतार दी। घटना बुधवार के सुबह 9बाजे की बताई जा रही है। बताते चलें कि सुप्रिया कुमारी बखारी में अपने फुआ के यहां रह कर पढ़ाई करती थी लेकिन अपने चचेरी बहन की शादी में शामिल होने आई थी। मंगलवार को बहन की बारात आईं थीं और रात्रि में शादी हो गई। लेकिन बुधवार को बारात बिदाई के बाद सुप्रीया अपने बहन को बिदा कर घर लौटी ही थी की उसके सगे चाचा ने देसी राइफल से फायर कर दी गोली सुप्रीया को छाती में लगी और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

### बैंक में रुपया जमा करने आई वृद्ध महिला से 84 हजार की छिनतई

**सतबरवा।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा सतबरवा में बुधवार को 84 हजार रूपए जमा करने पहुंची वृद्ध महिला चांद देवी पति स्व शिवनंदन सिंह पोलपोल नावाडीह निवासी से अपराधियों के द्वारा रुपए लेकर फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि लूट की घटना को उस समय अंजाम दिया गया जब भुक्तभोगी महिला अपने पुत्र संजय सिंह के साथ बैंक पहुंची थीं। महिला संजय के खाते में 84 हजार रुपए जमा करने 11 बजे के करीब बैंक आई थी।तकनीकी कारणों के कारण वह पैसा बैंक खाते में जमा नहीं करा सकी और चांद देवी रूपए वाले झोला के साथ बैंक के कुर्सी पर बैठी गयी। इसी बीच घात लगाए बैठे अपराधी झोला को पैर से अपनी ओर खींचा और झोला से रूपए निकाल कर रूमाल से लपेट कर आसानी से फरार हो गया। पैसा निकालने से लेकर इधर उधर टहलने तथा मुंह पर मास्क लगाकर अपने एक सहयोगी के साथ बात चीत करने का विडियो बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। अपराधी शर्ट जिंस पैंट पहने तथा एक कान में बाली पहने हुए है जबकि दूसरा व्यक्ति पैंट शर्ट पहने हुए गले में गमछा लपेट रखा है।

### तीन दिवसीय एडवांस मेडिएशन ट्रेनिंग संपन्न



**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देशन में तीन दिवसीय एडवांस मेडिएशन ट्रेनिंग प्रोग्राम बुधवार को संपन्न हो गया। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय मेडिएशन ट्रेनिंग प्रोग्राम में सभी मेडिएटर भाग लिए। ट्रेनिंग प्रोग्राम से मेडिएटर के क्षमता में और निखार आएगा । साथ ही कर्तव्यों का और अच्छे से निर्वहन कर सकेंगे।

### दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप : मिश्रा

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने कहा है कि दहेज प्रथा और शादी विवाह में डी जे बाजा, बम पटाखा, नाच गाना ,ऑर्केस्ट्रा जैसी फिजूलखर्ची पर रोक लगाने एवं डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास पर होने वाले लड़ाई झगड़े मारपीट और ओझा गुणी बनकर समाज के निचले अशिक्षित तबके के लोगों से इलाज करने के नाम पर नाजायज रुपए ऐंठने पर रोकथाम लगाना अनिवार्य है। सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के सदस्यों के साथ पलामू प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाकर लोगों को फिजूलखर्ची से होने वाले नुकसान और डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास और ओझा गुणी से बचाव के प्रति जागरूक और प्रेरित किया जायेगा ।

## पांकी विधायक ने किया सतबरवा प्रखंड के कई गांवों का दौरा, कहा
# ग्रामीणों के समस्याओं का हर हाल में होगा निदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने मंगलवार को देर रात्रि प्रखंड क्षेत्र के बोहिता, सेहरा, लोहरा पोखरी समेत कई गांवों का दौरा किया और लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक डॉक्टर मेहता ने लोहरा पोखरी गांव के संतोष साव के पुत्र के तिलकोत्सव में शामिल होकर शादी की शुभाकामनाएं दी। मौके पर डॉ मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में पीछे नहीं रहेगा। विकास कार्य तेजी गति से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क ,पुल पुलिया, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के कार्यों की प्रशंसा देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हो रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कि गलत रवैया के कारण राज्य में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, हत्या व बलात्कार जैसे घिनौनी कार्यों में वृद्धि हुई है। अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। गरीब जनता का कोई काम नहीं हो रहा है। इस मौके पर बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, राणा प्रताप कुशवाहा, आशीष सिन्हा, सेठा यादव, चंचल यादव, दिनेश साव, विनोद साव, अजय उरांव ,संतोषी यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ओडीएफ फेज टू के तहत सर्वे कराने का निर्देश

**पड़वा पलामू ।** गंदगी विभिन्न बीमारियों का जड़ होता है। खासकर खुले में शौच करने से लोग विभिन्न बीमारियों को न्योता देते हैं। बीमारी से बचने के सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति खुलें में शौच न करें। पूर्व में सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि देकर शौचालय बनवाने का काम किया गया है। लगभग सभी प्रखण्डो को ओडीएफ घोषित कर दिया गया है। सरकार ओडीएफ फेज टू के माध्यम से वैसे लाभुको की सूची तैयार करा रही है जो किसी कारण वश अभी तक शौचालय का निर्माण नहीं करा पाए हैं। बुधवार को पड़वा बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने प्रखण्ड के सभी मुखियाओं को अपने अपने पंचायत क्षेत्र के जल सहिया के माध्यम से शौचालय निर्माण का अहर्ता रखने वाले लाभुको का सर्वे कराने का निर्देश दिया है। सर्वे के दौरान जुटे हुए लाभुको का तत्काल आधार कार्ड,बैंक खाता, आवेदन प्रखण्ड कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा गया है। बीडीओ ने बताया कि लाभुको 12 हजार रुपए सीधे खाता में हस्तांतरित कर दिया जाएगा। सभी मुखिया यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके पंचायत क्षेत्र में ऐसा कोई व्यक्ति न रहे जिसके घर में शौचालय नहीं बना है।

## उपायुक्त ने दस मुसहर परिवारों को दिया जमीन का पट्टा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




नीलांबर पीतांबरपर । राज्य में आवासन कर रहे मुसहर परिवारों को सभी सरकारी सहायता मुहैया कराए जाने संबंधी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के आलोक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने नीलांबर-पिताम्बरपुर प्रखंड के नौडीहा पंचायत अंतर्गत कोइरीपतरा गांव पहुंचे। यहां पर स्थानीय पंचायत भवन में उन्होंने दस मुसहर परिवारों के बीच आवासीय भूमि का पर्चा वितरण किया। इस मौके पर उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि सरकार की ओर से आप सभी को तीन-तीन डिसमिल जमीन बंदोबस्त किया जा रहा है ।अब आप सभी यहां अपना घर बनाकर रह सकेंगे ।घर बनाने के लिये आप सभी को अंबेडकर आवास योजना से जल्द ही लाभान्वित किया जायेगा ।उन्होंने सीओ को आधार कार्ड बनवाने का निर्देश दिया ।और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ इन लोगों को दिलाने का निर्देश दिया ।उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना, पशुधन योजना का लाभ देने को कहा ।उन्होंने कहा कि पलामू जिला के अन्य प्रखंडो या पंचायतों में रह रहे मुसहर परिवार को भी चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा ।इतना सुनते ही मुसहर परिवारों के चेहरे पर मुस्कान आ गयी ।सबके चेहरे खुशी से झूम उठे ।सभी ने एक सुर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उपायुक्त के प्रति आभार जताया ।पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि मुसहर परिवार आज भी मुख्यधारा से कटा हुआ है ।उन्हें मुख्यधारा में लाना और विकास कराना हम सबों का दायित्व है।

## डीसी ने की पीएम आवास व मनरेगा योजना की समीक्षा, कहा
# बीडीओ को प्रतिदिन प्रत्येक गांव में पांच योजना चालू रखने का निदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर ।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राज्य सरकार के द्वार संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने मानव दिवस सृजन, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना,रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना, लंबित पीएम आवास की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने जिले के सभी बीडीओ को प्रतिदिन प्रत्येक गांव में पांच योजना चालू रखने का निदेश दिया ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों को कार्य उपलब्ध कराकर मानव दिवस सृजन में वृद्धि किया जा सके। मनरेगा योजना में खराब प्रदर्शन करने वाले प्रखंड हैदरनगर, मेदिनीनगर, पाटन पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए पंचायतवार समीक्षा कर प्रगति लाने का निदेश दिया। साथ ही कार्य में कोताही बरतने वाले रोजगार सेवकों पर कार्यमुक्त करने का अनुशंसा करने की बात कही। उपायुक्त ने रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन के मामले में तीन दिनों में आधार एवं बैंक खाता सुधार कर पुनः एफटीओ करने का निदेश दिया। लंबित आवास योजना 17357 में से 7206 आवास की योजना को मनरेगा सॉफ्ट में बंद करने का निर्देश दिया तथा अन्य मनरेगा की योजना यथा टीसीबी, डोभा, मेड़बंदी, दीदी बाड़ी योजना, वर्मी कम्पोस्ट, सोखता गड्ढा की पुरानी लंबित योजनाओं को तीन दिनों में पूर्ण करने का निदेश दिया। बैठक में उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत चयनित 620 एकड़ की योजना को दो दिनों में शत प्रतिशत स्वीकृत एवं चालू करने का निदेश दिया। आंगनबाड़ी के लंबित 21 योजना को मनरेगा सॉफ्ट में दो दिनों के अंदर चालू करने का निदेश दिया। आधार बेस पेमेंट को लेकर 72 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत लाने और इसमें आईपीपीबी से भी खाता खुलवाकर प्रगति लाने का निदेश दिया। साथ ही लंबित पीएम आवास योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया।

## 465 बोतल नकली अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगरदहा घाटी के समीप रात्रि करीब 9:30 बजे वाहन चेकिंग चलाकर एक इंडिगो कार से 465 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी देते हुए चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि सहायक पुलिस अधीक्षक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर मेदनीनगर के द्वारा गुप्त सूचना मिला था कि सफेद रंग का टाटा इंडिगो कार संख्या जे एच 05 ए एम 1200 में अंग्रेजी शराब की बोतल भर कर मंगरदाहा घाटी के रास्ते गढ़वा की ओर जाने वाली है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए सत्यापन कर थाना प्रभारी ने टीम गठित किया और मंगरदाहा घाटी में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। रात्रि करीब 9:30 बजे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान टाटा इंडिगो कार से 16 पेटी में 465 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ ।उन्होंने बताया कि यह सभी शराब नकली हैं इन पर रॉयल स्टैग, इंपीरियल ब्लू नामक ब्रांड का स्टीकर लगा है। रॉयल स्टैग का 180एम एल, की बोतल 190, इंपीरियल ब्लू180एम एल का 145, एवं इंपीरियल ब्लू का 375एम एल का 130 जब्त किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान बिहार के रोहतास जिले के नोखा थाना ,क्षेत्र के पुराना नोखा गांव निवासी बैजनाथ सिंह के 35 वर्षीय पुत्र अजय कुमार सिंह के रूप में हुआ है। पुलिस के द्वारा पूछ के युवक ने बताया कि वह मेदिनीनगर कोयल नदी स्थित से शराब सप्लायर दुबे से माल लेकर बिहार ले जाता था ।

## मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद अनुमंडल के दंगवार ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक के शव को बुधवार को उसके घर से बरामद किया है। जानकारी के अनुसार मृतक दंगवार ओपी क्षेत्र के कजरात- नावाडीह गांव निवासी रामदेव मेहता का पुत्र जीतेन्द्र मेहता (35) वर्ष बताया जाता है। बताया जाता है कि वह दो दिन पूर्व अपनी पत्नी मंजू देवी के साथ गढ़वा के लिए गया था, बुधवार की अहले सुबह उसकी पत्नी उंटारी थाना क्षेत्र के करकट्टा स्टेशन से कुछ दूरी से अपने पति के शव को एक टेम्पों पर लादकर कजरात पहुंची थी, ग्रामीणों को कुछ शक हुई तो इसकी सूचना दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा को दी। सूचना मिलते ही घटना के सत्यापन के लिए कजरात- नावाडीह गांव पहुँचकर जांच की और शव को अपने कब्जे मे लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, पुलिस ने घटनास्थल ऊँटारी थाना क्षेत्र को मानते हुए इसकी सूचना ऊँटारी थाना को दी है। मंजू देवी ने बताया कि मोबाइल पर उसके पति से बात हुई थी,वह ऊटारी पहुंचने की बात कही। जब घर नहीं लौटे तो मंगलवार को घर से टेपों लेकर मृतक के पिता, पत्नी और पुत्र खोजने के लिए निकले थे, जहां करकट्टा स्टेशन के समीप से शव मिला ।और रात होने के कारण ऊटारी थाना को सूचना नहीं दे सकी ।इस घटना को लेकर पुलिस भी हर पहलू पर जाँच कर रही है। साथ ही इसकी सूचना ऊटारी थाना को दे दी गई है ।इधर मृतक के पिता रामदेव मेहता ने हत्या की आशंका जताई है।

## छात्र क्लब व विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच ने बैंक प्रबंधक व कर्मियों को सम्मानित किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची / मेदिनीनगर।** बुधवार को छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के संयुक्त तत्वावधान मे इटकी रोड स्थित विजेता कॉम्प्लेक्स स्थित केनरा बैंक में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी वरिष्ठ समाजसेवी विजेता वर्मा ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता क्लब के संरक्षक अशोक कुमार राणा ने किया। सम्मान समारोह में केनरा बैंक के प्रबंधक उमाशंकर कुमार , वंदना कुजूर,कीर्ति आनन्द,सुजीत कुमार सिंह,सुषमा डुंगडुंग सहित अन्य कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विजेता वर्मा ने कहा कि राष्ट्र के विकास में बैंक कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। बैंक कर्मियों पर आमजनों का अटूट विश्वास रहता है तभी आमलोग अपनी गाढ़ी कमाई को बैंक में जमा कर देते हैं। विजेता वर्मा ने कहा कि केनरा बैंक के कर्मियों का ग्राहकों के साथ जो व्यवहार है वह काफी सराहनीय है। बैंक के प्रबंधक ने बैंक के कल्याणकारी योजनाओं जैसे गृह ऋण ब्याज दर 8.55%,कार ऋण 8.80%,आदि जिनमें कागजी कार्यवाही एंवम फुटकर खर्चो पर 100% छुट उपलब्ध है एंवम निवेश के लिए विशिष्ट जमा योजनाओं जो 444 दिनों की है जिसका आर.ओ.आई.( फ्डक) 8% है। उनके बारे में भी जानकारी ग्राहकों को दी । इस मौके पर क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, राजकिशोर राणा सहित कई लोग मौजूद थे।

### मन का मिलन पखवाड़ा के तहत पांकी में जागरूकता शिविर

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देश पर मन का मिलन पखवाड़ा के तहत बुधवार को पाकी प्रखंड में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पीएलभी गजेंद्र प्रसाद लोगों को मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से 29 मई से 14 जून तक विभिान्न प्रखंडों में मन का मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा के तहत लोगों को मध्यस्थता कैसे करें मध्यस्थता क्यों आवश्यक है के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है ।

## इंटर कामर्स की टापर अंकिता बनना चाहतीं हैं बैंक मैनेजर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर ।** जैक द्वारा आयोजित इंटर कामर्स की परीक्षा में गिरिवर प्लस टू उवि की छात्रा अंकिता शुक्ला ने 87.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टापर बनी है। अंकिता शुक्ला चैनपुर थाना के अखिलेश्वर शुक्ला की बेटी है। अंकिता ने बताया कि परीक्षा परिणाम उसके उम्मीद के अनुरूप है। अंकिता ने बताया कि वह मेदिनीनगर के सुदना गायत्री मंदिर के पीछे स्थित स्टडी प्वाइंट के निदेशक प्रकाश दुबे के कुशल नेतृत्व में परीक्षा की तैयारी की थी। निदेशक प्रकाश दुबे ने बताया कि स्टडी प्वाइंट में परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों में सात विद्यार्थियों का नाम जिला टाप टेन में शामिल हैं। अंकिता सहित अन्य टाप टेन में शामिल विद्यार्थियों के सफलता पर निदेशक प्रकाश दुबे ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### गोशाला को पुन:स्थापित करने का प्रयास

**मेदिनीनगर।** शहर में सरकार की एक मात्र गोशाला बाईपास रॉड में बारालोटा में अवस्थित है। कतिपय कारणों से गतिहीनता का शिकार हो चुकी है। इसे पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। गोवंश के प्रति जागरूक लोगों से आग्रह है कि यह जानकर की गाय हमलोगों को पालती है,हम इसे नही पालते के आधार पर इस पवित्र कार्य से जुड़े,इसका उतरोतर विकास हो,शहर में सब लोगो को दूध के साथ दूध का उत्पाद विशुद्ध रूप से मिल सके।

## क्षत्रिय जागृति मंच ने विकलांग को किया आंशिक मदद
### तूफान में घर उड़ गया था, पति पत्नी दोनों हैं विकलांग, अब तक सरकारी कोई सहायता नही

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद,पलामू।** प्रखण्ड क्षेत्र के कोशी पंचायत अंतर्गत रूपनारायण पुर गांव के विकलांग दंपति संतोष कुमार सिंह को हुसैनाबाद क्षत्रिय जागृति मंच के सदस्यों ने बुधवार को उनके घर पहुंच कर उनकी दिनचर्या को समझा और पीड़ित परिवार को आंशिक सहयोग के रूप में 5100 की नगद राशि सहायता स्वरूप दिया ।आपको बतादे की बीते सप्ताह में हुसैनाबाद सहित कई क्षेत्रों में तेज आंधी और तूफान आया था जिससे राज्य भर में कई जिलों में जान माल की छती हुई थी उसी दिन हुसैनाबाद में इन बिकलांग दंपति के घर जो दीवार पर अल्बेस्टर से छाया हुआ था वह पूरी तरह उड़ गया पूरा परिवार खुले आसमान में शोने पर मजबूर है यह खबर विभिन्न अखबारों में छपने के बाद भी हुसैनाबाद में कोई भी अधिकारी या अन्य किसी प्रकार का सहायता या सुद्धि तक नही लिया गया मौके पर मंच के सदस्यों ने प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी,एवं मुखिया तथा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से मिल कर इस दिशा में पहल करते हुए पीड़ित दम्पति को सहायता दिलाने की भरोसा दिलाया ।मंच के सदस्यों ने आगे यह सहायता के बाद घर बनाने में भी बढ़ चढ़ कर मदद करने की बात कही। मौके पर डीके सिंह, संजय कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, बलकेश सिंह, अरविंद सिंह, मनोज सिंह, जयप्रकाश सिंह आदि लोग थे।

### मोर्चा ने किया तंबाकू निषेध दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**मेदिनीनगर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने जिला कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालन संजय ने किया। गोष्ठी में मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। भारत में तंबाकू सेवन से प्रति वर्ष 20 लाख लोों की मौत होती है। इसके बावजूद तंबाकू खानेवालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होने कहा कि युवा वर्ग में जागरूकता लाकर तंबाकू सेवन करने से रोका जा सकता है।

### कोर्ट नोटिस

न्यायालय,
सिविल जज नंबर- 01
कनिय कोटि मो. डालटनगंज, पलामू।
हकियत वाद सं- 96/1996
नवल किशोर सिंह वगैरह - वादीगण।
बनाम
श्याम नारायण सिंह वगैरह - प्रतिवादीगण।
नोटिस बनाम
1. मीना देवी, 2. माया देवी, 3. सुलोचना देवी, 4. इंदु देवी, 5. मधु देवी
सभी पुत्री स्व श्यामनारायण सिंह, सभी निवासी सिंगरा कला, थाना-सदर मेदिनीनगर, जिला-पलामू झारखंड।
इस नोटिश के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आपके पिता श्यामनारायण सिंह के मृत्यु के बाद आप सबों को उनके स्थान पर प्रतिस्थापित किया गया है। नजारत नोटिश तथा निबंधित नोटिश के बाद भी उपस्थित नहीं हुए।
अत: दिनांक 15-06-23 को समय 7:30 बजे प्रात: अदालत में स्वयं या वजरिये अधिवक्ता उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। उपस्थित नहीं होने पर आपके विरुद्ध एक पक्षीय सुनवाई होगी।
इसे सख्त ताकिद जानें। नोटिश मेरे हस्ताक्षर व अदालत के मुहर से निर्गत किया गया है।
सिविल जज कनिय कोटि नं-01
डालटनगंज, पलामू।

स्पीड न्यूज

## एसपीएल के लिए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन 3 जून से

**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा अंर्तगत हिंडालको मुरी में होने वाले रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता सामू प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें खिलाड़ियों का (रजिस्ट्रेशन) पंजीयन आगामी 3 जुन एवं 4 जुन को सिल्ली स्टेडियम परिसर में 10 बजे से किया जायगा। आयोजक समिति के नीतीश कुमार महतो ने सिल्ली विधानसभा अंर्तगत आने वाले खिलाडियों से आधार कार्ड के साथ प्रातः 10 बजे स्टेडियम परिसर में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करा लेने की अपील किया। विशेष जानकारी के मोबाइल नंबर 7979000801, 9308204974, 6201069716 संपर्क किया जा सकता है।

## रातू : कमड़े की मोबाइल दुकान में चोरी

**रातू।** कमड़े आश्रम चौक स्थित प्रतीक मोबाइल दुकान में बीती रात करीब सवा बारह बजे अपराधियों ने एस्बेस्टस तोड़ टैब, सैमसंग व विभो कंपनी की दो मोबाइल समेत 60 हजार के हेड फोन आदि की चोरी कर ली। मामले को लेकर प्रो मृत्युंजय केशरी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ भादवि की धारा 461 और 379 के तहत कांड संख्या 213/23 दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## विवाह के लिए सहयोग



**अनगड़ा।** प्रखंड के राजाडेरा निवासी स्वर्गीय राजेश सिंह की पुत्री ललिता कुमारी की शादी के लिए खिजरी से आजसू पार्टी के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने लड़की की माँ कमला देवी को आर्थिक एवं खाद्यान्न प्रदान कर सहयोग किया। इस मौके पर रंजीत सिंह मुनेश्वर सिंह सुनीता देवी इत्यादि मौजूद थे।

## तीरंदाजी के लिए 48 बच्चों ने दिया ट्रायल

**सोनाहातू।** प्रखंड के थाना मैदान में बिरसा आर्चरी केन्द्र सिल्ली के द्वारा तीरंदाज चयन शिविर का आयोजन किया गया। सोनाहातू पश्चिम के 7 पंचायत के 48 बच्चों ने उपस्थित होकर अपना ट्रायल दिया।कोच मुकेश तुरी कमलेश महतो, दयाल महतो, खेल प्रभारी श्याम महतो,प्रखंड अध्यक्ष सुषेन प्रमाणिक,मदन महतो,क्षेत्र मोहन सिंह मुंडा,आदि मौजूद थे।

# बारेंदा की शराब दुकान में चोरी, पुलिस ने पीछा कर टाटा सूमो को किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** सोनाहात थाना क्षेत्र के बारेंदा चौक में स्थित सरकारी शराब दुकान में शटर काट कर कई पेटी महंगे शराब और तिजोरी को टाटा सूमो गोल्ड वाहन में लाद कर चोरी किया गया। घटना मंगलवार रात 3 बजे की है। दुकान के गार्ड रुम में रात्रि गार्ड हरिहर महतो को 4 नकाबपोश लोग आवाज देकर बाहर निकाले ओर पिस्तौल दिखा कर कब्जे में रख कर गैस कटर से शराब दुकान के शटर काट कर कई शराब की पेटी और पैसा रखने वाला लोहे का तिजोरी को टाटा सूमो में रख कर ईचागढ़ की ओर भाग गये। चोरी करने वाले 4 कि संख्या में थे। गार्ड ने घटना के तुरंत बाद सोनाहातू थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल, एसआई मुकेश यादव घटना स्थल पर पहूंच गयें और टाटा सूमो का पीछा किया। ईचागढ़ पुलिस को सूचना देकर बैरियर लगाने को कहा गया। ईचागढ़ थाना के सामने बैरियर लगा देख सूमो गाड़ी वापस सोनाहातू की ओर वापस लौट गया। मिलन चौक के सामने सोनाहातू पुलिस और टाटा सूमो के बीच सीधा टक्कर होने से बच गया। काफी प्रयास के बाद सीधा टक्कर से पुलिस की गाड़ी बच गयी लेकिन टक्कर से गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी, थाना प्रभारी बाल बाल बचें। अज्ञात चार लोग सूमो गाड़ी छोड़ कर भाग गयें। अंधेरे में पुलिस पीछा नही कर पाया। घटना की सूचना पर तत्काल बुंडू डीएसपी अजय कुमार घटनास्थल पहुँचें। घटना के मात्र 25 मिनट में रात में ही चोरी के समान के साथ टाटा सूमो गाड़ी को पुलिस ने पकड़ लिया। सूमो गाड़ी में चोरी की गई शराब और तिजोरी रखा हुआ था। गार्ड हरिहर महतो के लिखित बयान पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार केन वियर ओर शराब की लगभग 13 पेटी, एक तिजोरी ओर टाटा सूमो गोल्ड गाड़ी जब्त किया गया है।



जब्त सूमो गाड़ी और शराब के साथ डीएसपी एंव थाना प्रभारी।

### गाड़ी में लगा है फर्जी नंबर प्लेट

सूमो गाड़ी में लगा नंबर जेएच 05ए जी 7683 सही नही है। अपराधियों ने फर्जी नंबर प्लेट लगा कर घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने गाड़ी के डिक्की में ऑनर बुक मिला है जिसमें टाटा सूमो गोल्ड का नंबर जेएच 10 एएन 9600 है। मालिक का नाम पुरुलिया जिला के बराहबाजार थाना क्षेत्र कुतुबुद्दीन खान के नाम से है।

## जंगली हाथी ने ऑटो और बाइक पर किया हमला, बाल-बाल बचे लोग



**सिकिदिरी।** सुरसू घाटी में बुधवार को एक जंगली हाथी ने बीच सड़क में हलमाद साप्ताहिक हाट से पैसेंजर लेकर घर लौट रहे एक ऑटो (जेएच01डीवाई 0119) व होंडा साइन बाइक सवार (जेएच01बीटी 9652) पर हमला कर दिया। इस हमले में एक दर्जन लोग हाथी के इस हमले में बाल बाल बच गए। आटो व बाइक को हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। हाथी के हमले से आटो व बाइक में सवार लोग वाहन छोड़कर अपनी जान बचाकर वहां से भाग गए। वाहनों को क्षतिग्रस्त करने के बाद हाथी सड़क के बीचों बीच खड़ा होने से गोला-कोरांबे मार्ग में एक घंटा तक आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया था। ग्रामीण दहशत में है।

## पुरनाडीह कांटा गोलीकांड मामले में टीएसपीसी संगठन को सूचना देने वाला कांटाबाबू गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** मिली गुप्त सुचना के आधार पर पिपरवार पुलिस की टीम ने बीते 06 मई को पुरनाडीह कांटा में टीएसपीसी संगठन के द्वारा किये गये गोलीकांड मामले में दो और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त पुरनाडीह कांटा बाबू बताया जा रहा है। जानकारी देते हुये थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि उक्त मामले में हुए गोली कांड चंदू मुंडा पिता गणेश मुंडा ग्राम चकमे थाना बुढ़मू (कांटा बाबू पुरनाडीह) व माघा गंझू उर्फ प्रभात कुमार को गिरफ्तार किया गया है। दोनो गिरफ्तार अभियुक्त संगठन तक पहुंचाने का काम करता था। मामले में तीन और अभियुक्त एरिया कमांडर छोटन तुरी उर्फ बादल तुरी उर्फ अभय जी, राकेश कुमार सिंह उर्फ मोहनीष कुमार व मो. ताकिर आलम उर्फ बम्बईया जेल जा चुके है। विदित हो कि 6 मई को पुरनाडीह कांटा में मैथन पॉवर के लिफ्टर बिनोद गिरी को टीएसपीसी संगठन के द्वारा गोली मार कर घायल किया गया था।



गिरफ्तार अभियुक्त व जानकारी देते अधिकारी।

## एक नजर में

### देसी पिस्तौल के साथ दो युवक गिरफ्तार

**तमाड़।** तमाड़ पुलिस एवं एसएसबी के द्वारा गश्ती के दौरान एक देसी कट्टा और एक देसी पिस्तौल के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक सामान्य सामु सरदार के नेतृत्व में एसएसबी और तमाड़ पुलिस के संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग अभियान के चला रहा था। इसी क्रम में तमाड़ कोठारी चौक के पास दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर रायडीह मोड़ की तरफ से आ रहे थे। जिन्हें जवानों के द्वारा रुकने का इशारा दिया गया। दोनो युवक भागने की कोशिश करने लगे। जवानों ने दोनो को खदेड़कर पकड़ लिया। जवानों द्वारा उनकी तलाशी ली गई तब तलाशी के दौरान उनके पास एक देसी कट्टा एक देसी पिस्तौल पाया गया। दोनों युवक अपना नाम समीर स्वांसी एवं धीरज कुमार दास बताया। दोनों अभियुक्त पुंडीदिरी गांव का रहने वाले बताए जाते है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### इंटर कला में सुमैया, वाणिज्य में भूमि बनी विद्यालय टॉपर





**अनगड़ा।** इंटरमीडिएट परीक्षा के घोषित परिणामों में एसएस प्लस टू स्कूल चिलदाग की छात्रा सुमैया परवीन कला संकाय में 83 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय टॉपर बनी जबकि इन्टर वाणिज्य संकाय मे भूमि सोनकर विद्यालय टॉपर बनी। विद्यालय के टॉप टेन की सूची में दूसरा स्थान पूजा कुमारी तीसरा राजेश अहीर चौथा मनीषा कुमारी पांचवा पायल कुमारी छठा लक्ष्मण महतो सातवां प्रिया कुमारी आठवां लक्ष्मी कुमारी नौवां कुशैन जमील दसवां स्थान आशीष मुंडा ने हासिल किया। वाणिज्य संकाय में 40 छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टॉप टेन में पहला स्थान भूमि सोनकर दूसरे पर दो छात्राओं सविता कुमारी तथा रेनू कुमारी तीसरा गीता कुमारी चौथा सुनीता कुमारी पांचवा तान्या कुमारी छठा सोनिया कुमारी एवं सोनी कुमारी सातवां स्थ रानी कुमारी आठवां प्रियंका कुमारी और बीना कुमारी नौवां वर्षा कुमारी तथा दसवां स्थान प्रीति भोगता ने हासिल किया।

### बेड़ो में वनरक्षियों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध



**बेड़ो।** अपनी पुरानी मांगों को लेकर झारखंड राज्य वन सेवा संघ के आह्वान पर मंगलवार को बेड़ो में काला बिल्ला लगाकर वन रक्षियों ने विरोध जताया। इस दौरान वन रक्षियों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। मौके पर वन रक्षियों ने बताया कि उनकी नियुक्ति झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियम वाली 2014 के तहत किया गया है। जिसमें वन रक्षियों को पदोन्नति देकर वनपाल पद में शत प्रतिशत नियुक्ति करना है। लेकिन सरकार व विभाग द्वारा नियमावली में अहितकारी संशोधन करके वनपाल के पदो पचास प्रतिशत पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु नियमावली बनाई जा रही है। जो नियम विरुद्ध है। इसके अलावा वन रक्षियों ने यात्रा भक्ता राशन मनी और पुलिसकर्मियों के तर्ज पर 13 महीने का वेतन देने की मांग किया है।

# मंडा पूजा मेला में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** शिव मंडा पूजा समिति सारुबेड़ा की ओर से आयोजित सिकिदिरी के सारुबेड़ा गांव में पांच दिनों तक चली शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा बुधवार की सुबह फुलखुंदी, छऊ नृत्य व झूलन के साथ संपन्न हो गया। पांच दिनों तक उपासना के कठिन दौर से गुजरकर 101 भोक्ताओं ने नंगे पांव दहकते अंगारों में चलकर अपनी आस्था और शिवभक्ति का परिचय दिया। मंडा पूजा मेले में आसपास के दर्जन भर गांवों से भारी संख्या में शिवभक्त पहुंचे थे। इस से पूर्व मंगलवार की रात मंडा पूजा मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जैलेंद्र महतो व विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि अनगड़ा कामेश्वर महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जैलेंद्र महतो ने कहा कि मंडा पूजा हमारी आस्था और भक्ति का प्रतीक है। यह झारखंड की संस्कृति की अहम कड़ी है। दशकों से चली आ रही पूर्वजों की इस विरासत को हमें आगे भी सहेज कर रखने का संकल्प लेना होगा। संचालन अरजनाथ भोगता ने किया। मंडा पूजा मेले के सफल आयोजन में समिति के संरक्षक सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य महेश गंझू,अध्यक्ष चंद्रमोहन भोगता, उपाध्यक्ष घुजा भोगता, सचिव पवन कुमार भोगता, कोषाध्यक्ष पारसनाथ भोगता, सह कोषाध्यक्ष राजेंद्र भोगता, विधायक प्रतिनिधि अजगुत करमाली,गणेश रजवार, विक्रम बैठा, नारायण महतो आदि का योगदान रहा।



मंडा पूजा मेला का उद्घाटन करते जैलेंद्र महतो व अन्य।

### शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा संपन्न

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के बेंती गांव में शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा बुधवार को झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व मंगलवार की शाम भक्तियों ने लोटनसेवा, धुँआसी आदि अनुष्ठान संपन्न किया। रात्रि में समिति द्वारा बंगाल के छऊ नृत्य टीमों को बुलाया गया था। छऊ नृत्य का उदघाटन मुखिया पूजा किस्पोट्टा, पंसस तारा देवी, समाजसेवी जलेश्वर महतो, रूपलाल महतो, राजेश महतो ने किया। इस दौरान पवित्र पुष्प पाने की होड़ मेलार्थियों में देखी गई। मंडा पूजा को सफल बनाने में समिति के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह**
**(जिला नजारत शाखा)**
दूरभाष न0:- 06532-222650 ई0-मेल:- dist.nazaratgrd@gmail.com

**-:: अल्पकालीन निविदा ::-**

नया एवं पुराना परिसदन भवन, गिरिडीह के रख-रखाव एवं संचालन आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरे 03 (तीन) वर्षों के लिए (यथा कार्यादेश की तिथि से तीन वर्श) किया जाना है। इस संबंध में इच्छुक निविदादाताओं से दो लिफाफा प्रणाली के तहत दर सहित मुहरबंद निविदा दिनांक 14/06/2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक आमंत्रित किया जाता है।

अतः इच्छुक निविदादाता दिनांक 14/06/2023 तक जिला नजारत शाखा, गिरिडीह में निविदा जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 15/06/2023 को 2.00 बजे अपराह्न में निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता गिरिडीह परिसदन (नया एवं पुराना) का अवलोकन कर सकते हैं। निविदा की विस्तृत शर्तें कार्य दिवस एवं कार्यावधि में जिला नजारत शाखा, गिरिडीह से प्राप्त कर सकते है या www.giridih.nic.in से डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, गिरिडीह। | अपर समाहर्त्ता, गिरिडीह। | उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी गिरिडीह।

PR298798 (Giridih)23-24*D


## 15 दिवसीय हस्तशिल्प व्यापार मेले का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** हस्त शिल्प व्यापार मेला हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट मेला शिव मंदिर परिसर कांके चौक में लगाया गया हैं। इसका उद्धघाटन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन कुमार महतो व रांची जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव महेश कुमार मनीष ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। यह आयोजित मेला 15 जून तक चलेगा। इस मौके पर मदन कुमार महतो ने कहा कि प्रत्येक वर्ष इस शिव मंदिर परिसर में मेले का आयोजन होता है। जिसमें विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प कारीगरों द्वारा प्रदर्शित वस्तुओं और सामग्री की प्रदर्शनी और बिक्री की जाती है। जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलता है। उद्घाटन अवसर पर गौरी शंकर संजर खान अशोक कुमार महतो कांके थाना के वेद प्रकाश तिवारी अमित सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। आयोजक हितेश पाठक ने बताया कि हस्त शिल्प व्यापार मेला भारत वर्ष के हस्त शिल्पकारों द्वारा 50 से 55 स्टॉल लगाए गए है। जिसमे उत्तर प्रदेश मेरठ के खादी के कपड़े, पानीपत का पर्दा, किचन वैयर कोलकाता हैंडलूम के कपड़े बनारसी साड़ी भागलपुर सूट ड्रेस मैटेरियल, राजस्थानी अचार, उत्तर प्रदेश भदोई का कारपेट डॉर्मेट कालीन लेडीज पर्स लुधियाना कॉटन सॉक्स ज्वाला खादी ग्रामोउद्योग की दवाईयां खुर्जा की क्रॉकरी ब्रांडेड पेंट सर्ट बॉम्बे बाजार की लेडीज चप्पल फिरोजाबादी कांच की चूड़ियाँ जयपुर माउथ फ्रेशनर बच्चों के लिए अनेक प्रकार के खिलोने महिलाओ के लिए सौन्दर्य प्रशाधान के सामान आदि घरेलु उपयोग में आने वाले सामानो की खरीदारी उपभोक्ता एक ही छत के नीचे कर सकेंगे बाजार सुबह 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुला रहेगा।



उद्धघाटन करते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन कुमार महतो व अन्य ।

## रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** लाल बहादुर शास्त्री क्लब ओरमांझी द्वारा एसएस हाई स्कूल मैदान में आयोजित रात्रि क्रिकेट क्रिक्रेट प्रतियोगिता की शुभारंभ बुधवार रात को हुई। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, विषिष्ट अतिथि सांसद संजय सेठ व पूर्व सांसद रामटहल चैधरी द्वारा प्रतियोगिता का उद्घाटन बोलिंग बैटिंग व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रथम मैच आनंदी एकादस एंव इरबा एकादस, दूसरा मैच ओरमांझी एकादष एंव चुटु एकादस, तीसरा मैच हुसीर एकादस एंव इरबा एकादस इमरान और चैथा मैच मंदरो एकादस एंव ओयना एकादस के बीच खेला गया। प्रतियोगिता का फाइन मैच तीन जून को खेला जाएगा। विजेता को 31 हजार व उपविजेता को 21 हजार के साथ ट्रोफी दी जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व प्रमुख जयगाविंद उर्फ लालू साहू, अमरनाथ चैधरी, रणधीर चैधरी, नरेंद्र कुमार, रवि कुमार सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थें।




**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी,खूंटी**

**जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मत्स्य पालन हेतु खूँटी जिला के मुरहू अंचल एवं कर्रा स्थित निम्नलिखित अबन्दोबस्त जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती दिनांक 16/06/2023 एवं समय 11:00 बजे पूर्वाह्न को खुले डाक द्वारा समाहरणालय खूँटी, स्थित अपरसमाहर्ता, खूँटी के कार्यालय कक्ष में की जाएगी। बन्दोबस्ती की अवधि वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक तीन वर्षों के लिए होगी :-

**डाक की शर्तें निम्न प्रकार हैं :-**

1. डाक वक्ताओं को डाक में भाग लेने के पूर्व अपना पहचान पत्र तथा सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत अग्रधन के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्ति पर असफल डाक वक्ताओं की अग्रधन राशि वापस कर दी जाएगी तथा सफल डाक वक्ता की राशि को समायोजित कर ली जाएगी।
2. उच्चतम डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद पूर्ण राशि डाक स्थल पर ही जमा करनी होगी, अन्यथा जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. बन्दोबस्ती का परवाना सक्षम पदाधिकारी से स्वीकृति प्राप्त होने एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद ही निर्गत किया जाएगा।
4. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने अथवा स्थागित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
5. बकायेदारों को पूर्व का बकाया राजस्व जमा करने के पश्चात् ही डाक में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।
6. अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु जलकरों की सूची निम्नवत् है-

| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | प्रखण्ड | ग्राम | पंचायत | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा (ए0 में) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वार्षिक सुरक्षित जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | घाघरा बाँध-2 | मुरहू | घाघरा | गनलोया | 87 | 416 | 6.00 | 5.00 | 13950.00 |
| 2 | हाँसा बाँध-1 | मुरहू | माहिल | हाँसा | 111 | 1442 | 3.61 | 3.50 | 49565.00 |
| 3 | रंजु तालाब | कर्रा | रंजु | डेहकेला | 288,279 | – | 3.37 | 2.25 | 13282.00 |

नोटः- दिनांक 16/06/2023 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न को अबंदोबस्त रहे जलकरों की खुले डाक से पुनः बंदोबस्ती दिनांक 23/06/2023 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न को समाहरणालय, खूँटी स्थित अपरसमाहर्ता, खूँटी के कार्यालय कक्ष में की जाएगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी

PR 298715 Fish(23-24).D


# सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना के रिकॉर्ड 303 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन पर श्रम सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी द्वारा वर्ष 2021-22 में रेकॉर्ड 303 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान स्थापित करने पर बुधवार को श्रम कल्याण भवन सिकिदिरी में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड उर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक मानीष कुमार ने परियोजना से जुड़े 250 पदाधिकारी और कर्मचारियों को परितोषिक प्रदान किया। वर्ष 2021-22 में वर्तमान परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा के नेतृत्व में 303 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया था। सरकार को इस वित्तिय वर्ष में करीब 150 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। झारखंड निर्माण के बाद परियोजना का द्वारा यह सबसे अधिक बिजली उत्पादन करने का आकड़ा है। मुख्य अतिथि मनीष कुमार ने कहा की 303 मिलियन यूनिट उत्पादन एक आकड़ा नहीं है बल्कि कर्मचारियों और अधिकारियों के द्वारा मील का पत्थर स्थापित किया गया है।



### ये हुए पुरस्कृत

परियोजना प्रबंधक विनय अंगिरा, झारखंड उर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के तकनीकी महाप्रबंधक कुमुद रंजन सिन्हा,वित्तिय महाप्रबंधक जयंत प्रसाद, आईटी के महाप्रबंधक बसंत रूंडा, एचआर के महाप्रबंधक अमर नायक, कार्यपालक अभियंता संजय सिंह, प्रवीण कुजूर, पूर्व परियोजना प्रबंधक प्रदीप शर्मा,किशोर कुमार मंडल,ओपी गुप्ता, प्रकाश कुमार दास,प्रदीप कुमार साहू,रंधीर कुमार,अनुराग आशीष, रविन्द्र कुमार,रोहित कुमार के अतिरिक्त सभी कर्मचारी व होमगार्ड के जवान शामिल है।


**जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा**
**पुराना जिला ग्रामीण विकास अभिकरण भवन, लोहरदगा**

**अल्पकालीन सूचना सं0 04/2023-24**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0 04/दिनांक 08.05.2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में "समेकित मत्स्य पालन योजना" (मछली-सह-बत्तख पालन) की स्वीकृति दी गई है। इस योजनांतर्गत लोहरदगा जिले के मत्स्य पालकों से आवेदन आंमत्रित किये जाते हैं।

योजना की विवरणी:-

| क0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य (यूनिट में): 789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना | भौतिक लक्ष्य (यूनिट में): योजना 796 - जनजातीय क्षेत्र उपयोजना: अनुसूचित जनजाति | भौतिक लक्ष्य (यूनिट में): योजना 796 - जनजातीय क्षेत्र उपयोजना: अन्य | भौतिक लक्ष्य (यूनिट में): योजना 796 - जनजातीय क्षेत्र उपयोजना: कुल (2+3) | कुल | ईकाई लागत (रू0 में) | अनुदान की राशि (रू0 में): ST,SC WOMEN | अनुदान की राशि (रू0 में): अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 7 | 8 | 9 |
| 1 | समेकित मत्स्य पालन योजना (मछली-सह-बत्तख पालन) | 2 | 2 | 1 | 3 | 5 | 153350.00 | 122680.00 | 107345.00 |

लाभुकों का चयन निम्नलिखित अहर्त्ताओं पर किया जाएगा:-

1. योजना कार्यान्वयन का प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो।
2. लाभुक का अपना तालाब (प्राथमिकता एक एकड़ अथवा उससे बड़े तालाब) हो अथवा वित्तीय वर्ष 2023-24 से अगले तीन वर्षों के लिए लीज पर हो।
3. जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुकों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि अनुश्रवण आदि में सुविधा हो।
4. आर0एफ0एफ0 के पास के लाभुकों के चयन में ध्यान रखा जाएगा कि आर0एफ0एफ0 का लाभुक समूह सक्रिय हो तथा उनका बैंक खाता संचालित हो रहा हो।
5. लाभुकों का cluster बनाकर योजना का क्रियान्वयन किया जाना श्रेयस्कर होगा।
6. Duck House लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाया जाएगा।

**आवेदन कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया सकता है।**
**आवेदन की अंतिम तिथि:- 15.06.2023**

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 298718 Lohardaga (23-24)_D

# गिरता मानसिक स्वास्थ्य


विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार' वर्तमान में दुनिया का हर आठवां व्यक्ति किसी न किसी रूप में मानसिक विकार से ग्रसित है। इस संस्था का यह भी कहना है कि कोरोना महामारी ने लोगों की मानसिक सेहत पर बुरा असर डाला है। इस महामारी के कारण लोगों के अवसाद और चिंता जैसी स्थितियों की दर में 25 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। जहां तक भारत का सवाल है तो 140 करोड़ की आबादी वाले इस मुल्क में मानसिक अस्वस्थता को लेकर जागरूकता का अभाव परिवार, समाज से लेकर सरकारी स्तर पर साफ नजर आता है। हर सात भारतीयों में से एक मानसिक रोगी है। भारत में अंदाजन 20 करोड़ लोगों को मानसिक इलाज की दरकार है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि यह संख्या कोरोना महामारी से पहले की है, अब यह तादाद बढ़ गई होगी। जब मानसिक स्वास्थ्य वाले मुद्दे पर चर्चा होती है तो उसका एक अहम बिंदु बच्चे व किशोर वर्ग भी हैं। अगर इन्हीं की मानसिक सेहत सही नहीं है तो उसका असर आगे चलकर परिवार, समाज व राष्ट्र पर पड़ता है। नवीनतम सर्वेक्षणों बताते हैं कि 10-19 आयु वर्ग के किशारों के बीच सात में से एक से अधिक किशोर मानसिक विकार के साथ जीने को अभिशप्त है। यूनिसेफ की ' द स्टेटआफ द वल्डर्स चिल्ड्रन रिपोर्ट 2021' के अनुसार कोविड-19 के कारण बड़ी संख्या में बच्चों और किशोरों की एक बड़ी आबादी का मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ गया है। जिसका प्रभाव आगामी कई सालों तक रहेगा। इस रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 महामारी से पहले भी 21वीं सदी बच्चों और युवाओं के लिए मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण है। विशेषकर विकासशील देशों की हालत तो खराब है ही विकसित देशों में भी यह समस्या बड़ी हो रही है।

# ड्रोन से आतंक

जम्मू एयरफोर्स स्टेशन के टेक्निकल एरिया में ड्रोन के जरिये हुए दो धमाकों ने सेना व सुरक्षा बलों की चिंता बढ़ा दी है। भारतीय सैन्य प्रतिष्ठान पर अपनी किस्म का यह पहला ड्रोन हमला है, जिसमें ड्रोन को आईईडी बम के रूप में इस्तेमाल किया गया है। इस हमले में नीचे उड़ने वाले उन ड्रोन का इस्तेमाल किया गया जो राडार की पकड़ में नहीं आते। जाहिरा बात है कि इनका संचालन सीमा पार से किया जा रहा होगा। निस्संदेह, अपने किस्म के पहले आतंकी हमले ने सेना व वायुसेना की चिंता बढ़ा दी है। यह हमला हवाई अड्डे के टेक्निकल एरिया में हुआ है जो इस मायने में महत्वपूर्ण होता है कि वहां सभी एयरक्राफ्ट, हेलिकॉप्टर व पुर्जे व हार्डवेयर रखे होते हैं। जम्मू हवाई अड्डा एक घरेलू हवाई अड्डा है जो भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा से करीब 14 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वायुसेना की महत्वपूर्ण रणनीतिक संपत्तियों में शामिल इस हवाई अड्डे से रसद सामग्री आपूर्ति संचालन, आपदा में मदद व घायलों को राहत का कार्य किया जाता है जो सर्दियों में सैन्य गतिविधियों के संचालन का केंद्र होता है। सियाचिन ग्लेशियर के लिये रसद व मदद का काम यहीं से संचालित होता है। कारगिल युद्ध में भी इसकी निर्णायक भूमिका रही है। हमले में पाक की धरती से हमलावरों को मदद मिलने से इनकार नहीं किया जा सकता। आशंका है कि दोनों ड्रोन सीमापार से संचालित किये जा रहे थे। वहीं जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पांच किलो आईईडी बरामद की है। पूरे प्रकरण में देश की सुरक्षा से लगे मिशनरियों के लिये एक चिंताजनक स्थिति पैदा हो गयी है।

# मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल





-डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

2011 जनगणना के अनुसार साक्षरतादर हिन्दू मे 63 .1,मुस्लिम मे 57 .28,जैन मे 86 .43, क्रिश्चियन मे 74 .35,सिख मे 67 .5 और बौद्ध मे 71 .84 है। पुरुष और महिला के साक्षरता दर मे भी हम काफी अंतर देख सकते है राष्ट्रीय स्तर पर पुरुष की साक्षरता दर 82 प्रतिशत है वही महिला मे 66 प्रतिशत है। 1921 से 1981 तक 60 साल मे 45 करोड़ लोग बढ़ गए और आबादी 25 करोड़ से 68 करोड़ हो गयी।

**नरेन्द्र** मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में सफलतापूर्वक नौ वर्ष पूरे कर लिए। संयोग है कि केंद्र सरकार की नौवीं वर्षगांठ के ठीक पहले पापुआ न्यू गिनी में उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग एक दर्जन सम्मान मिल चुके हैं। देश-विदेश में हर जगह मोदी-मोदी की गूंज होती है। इस नौ साल की अवधि में दो वर्ष वैश्विक कोरोना महामारी का प्रकोप रहा। इसने दुनिया के विकसित देशों को भी हिला कर रख दिया। सभी देशों की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इससे संभलने का प्रयास चल ही रहा था कि रूस-यूक्रेन संकट सामने आ गया। इन सभी कारणों से पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ी। अमेरिका और यूरोप के विकसित देशों में कई दशक बाद ऐसी महंगाई देखी गई। इस कोरोना काल में नरेन्द्र मोदी सरकार ने दुनिया की सबसे बड़ी निशुल्क राहत वितरण योजना का संचालन किया। दुनिया का सबसे बड़ा निशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया। यह कीर्तिमान है। इसका लोहा दुनिया के लगभग सभी देशों ने माना है। किंतु भारत का विपक्ष नकारात्मक राजनीति से बाहर नहीं निकल पाया। वह बता रहा है कि नौ वर्ष में महंगाई दर सर्वाधिक है।

सहमति से समाधान असंभव था। मंदिर के विरोध में बाकायदा एक्शन कमेटी बनी थी। अपने को सेक्युलर घोषित करने वाले भी मंदिर निर्माण के विरोधी थे। मोदी सरकार के कार्यकाल में शीघ्र समाधान का मार्ग प्रशस्त किया। इससे सदियों से लंबित समस्या का समाधान शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। अब तो मंदिर भव्य और दिव्य रूप में आकार ले रहा है।

तीन तलाक पर प्रतिबंध भी मोदी सरकार के कारण संभव हुआ। अनेक मुस्लिम देश इस पर रोक लगा चुके थे, लेकिन भारत में रोक की बात को ही साम्प्रदायिक करार दिया जाता था। मोदी सरकार ने इसकी कोई चिंता नहीं की। उसने पहल की, अंततः तीन तलाक व हलाला की कुप्रथा का अंत हुआ। मुस्लिम महिलाओं को न्याय मिला। अनुच्छेद 370 और 35 ए का विरोध करना भी साम्प्रदायिकता माना जाता था। सेक्युलर दिखने के लिए इन अलगाववादी प्रावधानों का समर्थन जरूरी था। संसद में इस पर चली बहस से यह प्रमाणित भी हुआ। इसके हटने पर गम्भीर परिणाम की चेतावनी तक दी गई।

अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत नरेन्द्र मोदी सरकार ने इसको हटा कर ही दम लिया। देश में सत्तर वर्ष बाद एक विधान-एक निशान लागू हुआ। नागरिकता संशोधन कानून लागू हुआ। मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत का नारा ही नहीं दिया बल्कि भारत को आत्मनिर्भर बनाकर दिखाया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी दूरदर्शी नीतियों, समर्पण और टीम इंडिया की भावना के साथ देश के लोकतंत्र को एक नई दिशा दी है।

इसमें कोई दोराय नहीं कि बीस लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर पैकेज से भारत की आयात पर निर्भरता कम होगी। भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इससे भारत की विकास यात्रा को नई गति मिली है। सेनाओं के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद के गठन किया गया। आपदा के इस दौर में उत्पीड़ित लोगों को भारतीय नागरिकता मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। हालांकि इसके विरोध में जमकर हंगामा भी हुआ। लेकिन सरकार ने इसकी परवाह नहीं की।

केंद्र सरकार ने पाकिस्तान अफगानिस्तान और बांग्लादेश उत्पीड़ित हिन्दू, बौद्ध, सिख और शरणार्थियों से भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन आमंत्रित किए। यह शरणार्थी गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा तथा पंजाब की 13 जिलों में हैं। सीएए के कारण ही उनके भारतीय नागरिक बनने का रास्ता साफ हुआ था।

आजादी के बाद सात दशकों में देश के केवल साढ़े तीन करोड़ ग्रामीण घरों में ही पानी के कनेक्शन थे। पिछले कुछ महीनों में साढ़े चार करोड़ घरों को साफ पानी के कनेक्शन दिए गए हैं। दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान लागू की गई। इसके दायरे में पचास करोड़ लोग हैं।

इस अवधि में भारत ने डिजिटल लेनदेन में दुनिया को नई दिशा दिखाने का काम किया है। रिकॉर्ड सैटेलाइट प्रक्षेपित किए गए हैं। रिकॉर्ड सड़कें बनाई जा हैं। पूर्वोत्तर से लेकर कश्मीर तक शांति और विकास का एक नया भरोसा जगा है। स्वरोजगार के लिए मुद्रा बैंक ने बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया है। स्वनिधि योजना से भी गरीब व्यवसायियों को लाभ मिल रहा है। कोरोना काल में अस्सी करोड़ लोगों को निशुल्क राशन की व्यवस्था की गई। जन औषधि दवा केन्द्रों की संख्या अस्सी से बढ़कर पांच हजार हो गई। करीब सवा सौ नए मेडिकल कालेज खुले।

यूपीए के दस वर्ष में भारतीय रेल ने मात्र चार सौ तेरह रेल रोड ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण किया। मोदी सरकार ने इससे तीन गुना अधिक निर्माण किया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के पन्द्रह करोड़ से ज्यादा लाभार्थी है। यह दुनिया की सबसे सस्ती योजना है। बिजली उत्पादन चालीस प्रतिशत वृद्धि हुई। सोलर ऊर्जा में आठ गुना वृद्धि हुई। फसल बीमा योजना का लाभ पहले पचास प्रतिशत नुकसान पर मिलता था। अब किसान को तैंतीस प्रतिशत पर भी मिल जाता है। यूरिया को नीम कोटेड किया कालाबाजारी खत्म हुई। देश में यूरिया की कोई कमी नहीं है। किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। पिछली सरकारों के समय 52 सेटेलाइट लॉन्च किए गए थे। मोदी सरकार अब तक करीब 300 सेटेलाइट लॉन्च कर चुकी है।

सरकार ने चालीस करोड़ लोगों के जनधन खाते खुलवाए। पहले ये लोग बैंकिंग सेवा से वंचित थे। आयुष्मान, उज्वला और निर्धन आवास योजनाएं संचालित की गईं। देश खुले में शौच से मुक्त हो गया। भाजपा सरकार ने घर घर बिजली पहुंचाई। आठ करोड़ गैस कनेक्शन दिए।

राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए कहा था कि योजनाओं के एक रुपये में पन्द्रह पैसा गरीबों तक पहुंचता था। लेकिन वे बस कहकर ही रह गए, समाधान की दिशा में कुछ नहीं किया। समाधान नरेन्द्र मोदी ने किया है। आज पूरा पैसा सीधे लोगों के खातों में पहुंच रहा है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

### सिगरेट घातक



**शशि भूषण कुमार**

**धूम्रपान** स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और यह पॉलिसी छोड़िए उन पैकेट में जो मुंह का कैंसर वाला फोटो डराने के लिए लगवाया रहता है। सिगरेट का आखरी हिस्सा जो अक्सर पीले रंग से मार्क रहता है जो सिगरेट बट कहलाता है उसे आप धरती पर यूं फेक देते हैं, कुछ तो उसमें आग बुझाने के लिए पैरों तले रौंदने में भी स्वैग फील करते हैं.

इस बट में प्लास्टिक होता है जो कभी गलता नहीं है, सिगरेट के बट माइक्रोप्लास्टिक से जुड़े प्रदूषण की एक बड़ी वजह बनते हैं .विश्व स्वास्थ संगठन के मुताबिक तंबाकू उत्पादों से जुड़े कचरे में करीब 7000 तरह के जहरीले रसायन मौजूद होते हैं। सिगरेट बट को बनाने वाले अहम पदार्थ सैलूलोज ,एसिटेट पेपर और रेयान के साथ मिलकर पानी और जमीन को प्रदूषित करते हैं. अमेरिका के एक एनजीओ ट्रुथ इनिशिएटिव के रिपोर्ट के मुताबिक एक सिगरेट बट से जितना जहर निकलता है वह ताजे पानी और नमकीन पानी की 50 प्रतिशत मछलियों को मार सकता है।

हालांकि सिगरेट बट से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने भी कोई खास कदम नहीं उठाए हैं , सिगरेट वह भाग केवल कॉटन यानी कपास से बनते हैं और यह बायोडिग्रेडेबल है पर कोई यह नहीं जानता कि यह उनका सिर्फ अंदेशा को पक्का मान जाने की वजह से हमारे पर्यावरण पर कितना नुकसान हो रहा है. हमलोग अक़्सर मॉल, होटल या सार्वजनिक जगहों पर नो स्मोकिंग का बोर्ड पढ़कर वहाँ नहीं पीने के लिए समझौता कर तो लेते है लेकिन कोई कोना ढूंढने की तलब होते रहता है, फिर भी अगर आपके मन मस्तिष्क में अगर निकोटीन का जहर उस कदर नहीं फैला है जहां पर सोचने की क्षमता खत्म न हुई हो तो क्यूँ न 2023 के थीम वी निड फूड नॉट टोबैको को साकार बनाने में मिलकर सहयोग करें।

(युवा लेखक झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय में बतौर अध्यापक और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ें ग्रीन रिवोल्ट पर्यावरण अखबार से भी जुड़े हैं। )

## जीवन की राह

### विचार-प्रवाह

**अमीश**

**दुख** क फेस मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग है तो बिजली, वाई-फाई, नेटफ्लिक्स और एमेजॉन प्राइम भी हैं। तो क्या अब तक हमने काफी दुख नहीं झेल लिए? क्या वाकई हमें बहुत पीड़ा सहने की जरूरत है? कितना दुख हो तो उसे पर्याप्त कहा जाएगा? क्या हम नियति का झन्नादेदार थप्पड़ पड़े बिना सीख सकते हैं सबक? धर्म क्या कहता है? क्या कोई आध्यात्मिक उद्देश्य है इस महामारी का? यह एक आध्यात्मिक अवसर हो सकता है क्या?

यह सब हम पर निर्भर करता है। हममें से हर एक पर। सबक तो हैं ही। हम सामुदायिक भावना जगा सकते हैं। परिवार, दोस्तों, पास-पड़ोस के घेरे में गूंथ सकते हैं खुद को। सोशल मीडिया के शोरगुल के बजाय ऐसे इंसानी रिश्तों में, जिनका हमारे लिए कोई मायने हो। क्या हम ऐसी जिंदगी बसर कर सकते हैं, जो हमारे स्वार्थ, हमारे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं के दायरे से कहीं बड़ी हो? हम कम में, बहुत कम में गुजारा कर सकते हैं, यह बात इस महामारी ने सिखाई है। हमने सीख लिया है कि चाहतों का कोई ओर-छोर नहीं होता और यह भी कि इनकी सीमा भी हो सकती है। मामला सोच का है। क्या प्रेस रिलीज और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ढिंढोरा पीटने के बजाय हम चुपचाप किसी की मदद कर सकते हैं? ऐसा कर सकें तो हम अपनी जिंदगियों में धर्म के लिए गुंजाइश बना पाएंगे। हमने देखा है कि हमारी इस धरती पर दूसरे जीव राहत की सांस ले रहे हैं। क्या हम न केवल अपने लिए, बल्कि जानवरों के लिए भी इस दुनिया को बेहतर बना सकते हैं? तालाबों-नदियों, पहाड़ों और मैदानों के लिए? सभी जीवों के लिए?

**तेतुलमारी**-निचितपुर रेलवे स्टेशन के बीच झारखोर गांव स्थित सात नंबर रेल फाटक पर हुई घटना अत्यंत दुःखद है। ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करें। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में जान गंवाने वाले सभी मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

## आपके ट्वीट

अपनी कड़ी मेहनत, निष्ठा, संघर्ष और लगन से आपने ये मेडल्स जीते हैं। आपका खून-पसीना, आपकी आत्मा बसती है इन मेडल्स में। आप अकेले नहीं हैं। पूरा देश आपके साथ है। आप सभी से विनम्र आग्रह है इन मेडल्स को गंगा में न बहाए। **– हेमंत सोरेन**





कई विकसित देश अभी तक कोरोना महामारी के प्रभाव से नहीं उभर पाए, वहीं मोदी जी के नेतृत्व में तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व के लिए आदर्श बनी है। आत्मनिर्भर भारत की ओर संकल्पित भाव से कार्यरत हैं।

**– अमित शाह**

# मृग मरीचिका के समान है रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

**अजय शुक्ला**

**रक्षा** मंत्रालय ने जब 108 रक्षा उपकरणों की दूसरी 'सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची' जारी की तो इसमें 'आत्मनिर्भर भारत' प्रमुखता से नजर आया। 101 वस्तुओं की पहली सूची गत अगस्त में जारी की गई थी। यानी अब 209 ऐसी वस्तुएं हैं जिन्हें अनिवार्य तौर पर भारतीय कंपनियों से खरीदना होगा। सन 2025 तक यह तादाद हर वर्ष बढ़ने है। सरसरी तौर पर यह स्वदेशीकरण की सराहनीय पहल लगती है।

बहरहाल, इसे लेकर कई सवाल हैं। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार रक्षा कंपनियों के पास यह क्षमता है कि वे उल्लिखित सूचियों में से कम से कम दो तिहाई बना सकें। एक मुख्य कार्याधिकारी कहते हैं कि दोनों सूचियों को मिला दिया जाए तो लगभग वही वस्तुएं हैं जिनका उत्पादन शुरू होने वाला है।

आयात पर इस रोक के असर के आकलन के लिए पहले उन 69 वस्तुओं पर नजर डालते हैं जिनके आयात पर एक जनवरी 2021 को रोक लगाई गई थी। इसके चलते सेना ट्रैक्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड और पहिये वाली तोपें, पिनाका श्रेणी के मल्टी बैरल्ड रॉकेट लॉन्चर, स्नाइपर राइफल्स और बुलेटप्रूफ जैकेट और हेल्मेट के लिए भारतीय आपूर्तिकताओं पर निर्भर हो गई। नौसेना को कई श्रेणियों में स्वदेशी युद्धपोतों की आवश्यकता है मसलन मिसाइल डेस्ट्रॉयर, अगली पीढ़ी के मिसाइल क्षमता संपन्न पोत, पनडुब्बी रोधी पोत, तटीय गश्ती पोत और सोनार सिस्टम तथा


### सामयिक

हथियार। वायु सेना को भारत में विकसित स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टरों, हल्के परिवहन विमान और उपकरणों को हवा से गिराने के लिए पैराशूट आपूर्ति तंत्र की आवश्यकता होगी। लार्सन ऐंड टुब्रो ने 100 सेल्फ प्रोपेल्ड तोपें सेना को सौंप दी हैं और पुणे के निकट उसकी निर्माण क्षमता भविष्य के आदेशों की प्रतीक्षा में खाली पड़ी है। पहिये वाली तोप के मामले में आयुध निमार्णी बोर्ड को अपनी स्वदेशी 155 मिलीमीटर धनुष हॉवित्जर पर पूरा भरोसा है जबकि डीआरडीओ अपनी एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम का परीक्षण कर रहा है। पिनाका रॉकेट लॉन्चर बन रहा है और सेना से अगले आदेशों की प्रतीक्षा है। कुल 41 नौसैनिक युद्धपोत और पनडुब्बियां निमार्णाधीन हैं उनमें से 39 भारत में निमार्णाधीन हैं। 103 तेजस विमानों का ऑर्डर हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड को दिया जा चुका है और उसे स्वदेशी हल्के लड़ाकू और उपयोगिता वाले हेलीकॉप्टरों तथा एचटीटी-40 प्रशिक्षण विमानों के लिए और आदेश मिलने का अनुमान है।

स्वदेशी की परिभाषा आसान बनाने के लिए ही रक्षा मंत्रालय की नीति के अनुसार तकनीक हस्तांतरण और 50 फीसदी स्वदेशी सामग्री वाले प्लेटफॉर्म को आत्मनिर्भर उत्पाद माना जा रहा है। फ्रांस के नेवल ग्रुप से तकनीक हस्तांतरण के तहत पहले ही मझगांव डॉक लिमिटेड स्कॉर्पीन पनडुब्बियां बना रहा है।

हल्के हेलीकॉप्टरों के स्वदेशी निर्माण में भी कठिनाई नहीं है। अगली पीढ़ी के लड़ाकू जलपोत (गार्डन रीच शिपबिल्डर्स), हथियारबंद वाहन, टैंकरोधी गाइडेड मिसाइल और मध्यम रेंज की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (डीआरडीओ), युद्धपोत बनाने लायक स्टील (भारतीय इस्पात प्राधिकरण) तथा अन्य सूचीबद्ध सामग्री भी बन रही है। भविष्य की प्रणालियों की बात करें तो दिसंबर 2025 तक लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल, ऐंटी मटीरियल राइफल्स और 1,000 अश्व शक्ति के टैंक इंजन को भी आत्मनिर्भरता के दायरे में लाना है। डीआरडीओ (निर्भय क्रूज मिसाइल) और किर्लोस्कर समूह (टैंक इंजन) इन परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### बढ़ते हादसे

**आये** दिन सड़क हादसों में कई जिंदगियां काल के गाल में समा रही हैं। लेकिन इन सड़क दुर्घटनाओं से वाहन चालक क्या सबक सीख रहे हैं, यह सवाल यथावत खड़ा है। यातायात विभाग द्वारा चालक के गाड़ी चलाने के साथ-साथ दुर्घटना का अंदेशा होने पर हादसों से बचने की सूझबूझ का भी परीक्षण अवश्य ही करना चाहिए। वाहन मालिक को फिटनेस की सख्त हिदायत दी जानी चाहिए। **–रवि, रांची**

### बुलंदी पर बेटियां

**इस** बार की सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम में लड़कियों के शानदार प्रदर्शन की खबरें सुर्खियां बनीं। इस परीक्षा परिणाम में पहले चार सर्वोच्च स्थानों पर लड़कियां रहीं। देश की लड़कियों ने यह साबित कर दिया कि अगर इन्हें कैरियर बनाने के लिए लड़कों के समान अधिकार दिए जाएं तो ये कामयाबी की बुलंदियों को अवश्य छू सकती हैं।

**–राजेश कुमार, हजारीबाग**

# साथियों से ज्यादा साझा की बात, तो हो सकती है मुसीबत

**आर गोपालकृष्णन**

**बिना** मूल्यों का नेतृत्व दिशाहीन होता है। बहरहाल, सभी नेता मनुष्य होते हैं और उनमें भी आत्ममुग्धता जैसे गुण होते हैं। हकीकत में यह बात सभी मनुष्यों को किसी न किसी तरह प्रभावित करती है। व्यक्तिगत आत्ममोह के उलट नेतृत्व का आत्ममोह कई लोगों को इसलिए नुकसान पहुंचाता है कि नेताओं की अपनी छाप होती है। इस विषय पर लिखते हुए मैं भी न केवल प्रकाशित साहित्य से प्रभावित हूं बल्कि अपने अनुभवों से सीखे गए सबकों का भी असर है।

भ्रामक श्रेष्ठता से निजात पाकर तथा ज्ञान को अपनाकर काफी कुछ हासिल किया जा सकता है। दिखावे की श्रेष्ठता चारों ओर व्याप्त है। दुनिया भर में हाल के दिनों में राष्ट्रवाद मे आए उभार को ही देख लीजिए। उदाहरण के लिए विंस्टन चर्चिल को लोकतंत्र और उदारवाद के साहसी संरक्षक के रूप में पेश किया जाता है। व्लादीमिर पुतिन को लगता है कि वह पीटर द ग्रेट के अवतार हैं। झूठा इतिहास, अपवाद और राजनीतिक लोकलुभावनाद ये सभी संभावित श्रेष्ठता या पुराने दिनों की गहन आकांक्षा से फलते-फूलते हैं। समाज, कंपनियां और व्यक्ति सभी इसके शिकार होते हैं।

अपनी हालिया पेरिस यात्रा के दौरान मैं एफिल टावर की यात्रा पर दोबारा गया। मैंने 1900 के दशक की एक कहानी सुनी कि कैसे एक व्यक्ति ने घोषणा की थी कि वह एफिल टावर के ऊपर से पैराशूट की मदद से सुरक्षित कूदने वाले

### चिंतन

व्यक्ति को भारी भरकम इनाम देगा। यह पेशकश तब की गई थी जब कई पैराशूट नाकाम हो गए थे और लोगों को जान गंवानी पड़ी थी।

फ्रांस में रहने वाला फ्रांज रीचेल्ट नामक एक ऑस्ट्रियाई और चेक मूल का टेलर अपने कौशल का इस्तेमाल करते हुए एक पैराशूट का डिजाइन तैयार कर रहा था। उसे हवा के वेग और वायुगतिकी का कोई अंदाजा नहीं था।

शुरूआत में उसके कुछ पैराशूट नाकाम भी रहे थे लेकिन उसे पूरा भरोसा था कि उसका यह व्यावहारिक डिजाइन, विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए डिजाइन पर भारी पड़ेगा। इसके उलट राइट ब्रदर्स ने बाकायदा इस बात का अध्ययन किया कि चिड़िया अपने शरीर को मोड़कर किस प्रकार आने वाली हवा का सामना करती है और इसी आधार पर उन्होंने अपने विमान का डिजाइन तैयार किया।फ्रांज रीचेल्ट ने प्रशासन को विश्वास में लेकर एफिल टावर के ऊपर से कूदने की इजाजत प्राप्त कर ली। उन्होंने एक डमी के साथ पैराशूट के इस्तेमाल की इजाजत दे दी। 4 फरवरी, 1912 को दी गई इजाजत का उल्लंघन करते हुए फ्रांज रीचेल्ट एफिल टावर से कूद गया। तीन सेकंड बाद वह एफिल टावर के नीचे मृत पड़ा था। एक मूक फिल्म दिखाती है कि रीचेल्ट एफिल टावर पर खड़ा होकर दो व्यक्तियों से बातचीत कर रहा था। शायद वह अपनी सफलता के बारे में अपना विश्वास जता रहा था।

रीचेल्ट डनिंग-क्रूगर प्रभाव का शिकार हुआ था। इस प्रभाव को सन 1999 में दो सामाजिक मनोविज्ञानियों डेविड डनिंग और जस्टिन क्रूगर ने स्थापित किया था। उन्होंने अपने पर्चे में सुझाव दिया कि जब सीमित ज्ञान या क्षमता वाले लोग गलती से अपने बारे में यह सोच लेते हैं कि वे बहुत काबिल हैं तो उनमें एक संज्ञानात्मक पूर्वग्रह उत्पन्न हो जाता है। मैं इसके तीन उदाहरण यहां दूंगा।

टाटा प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र में मैं वहां आने वाले प्रबंधकों से कहा करता कि वे अपनी पेशेवर क्षमताओं को अपने साथियों की तुलना में आंकें। ज्यादातर लोग स्वयं को अपने साथियों की तुलना में अधिक काबिल आंकते थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### दिगवार में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा



**कुजू।** काली मंदिर दिगवार में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ के छठें दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधि -विधान से प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे थे, जो काफी उत्साहित आनंदित थे। इससे पूर्व यज्ञाचार्य विकास पांडेय, उपाचार्य प्रवीण पांडेय, ओमकार पांडेय, प्रकाश पांडेय, सुमन वत्स, शशि तिवारी, शुभम शास्त्री, नीरज शास्त्री, सत्यजीत पांडेय, कृपाचार्य मिश्रा, दीपू शास्त्री ने यजमान बने रामकिशुन प्रसाद, खेमलाल महतो, विनोद कुमार कुशवाहा, हरि नारायण कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, विनोद प्रसाद, सुखदेव महतो, कैलाश प्रसाद, अर्जुन महतो, बालो महतो, नंदलाल महतो, जागो महतो, सुखदेव प्रसाद, शशि शशि प्रसाद सपत्नीक को यज्ञशाला मंडप में वेद पाठ, वेदी पूजन, मंडप पूजन, न्यास के पश्चात प्राण प्रतिष्ठा कराया. बाद में षोडशोपचार पूजन, आरती, पुष्पांजलि धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया गया।

### जमीन को ले थाने में दिया आवेदन

**चरही।** तापिन बस्ती में दो पक्षों के बीच जमीन का विवाद गहराता जा रहा जा रहा है।जिसको लेकर प्रथम पक्ष के बिनोद कुमार गंझू,मुरारी गंझू, कोल्हा गांझू,बिनोद कुमार,संजय कुमार भोक्ता ने दूसरे पक्ष में मांडू सीओ जय कुमार राम के अलावे तापिन बस्ती के रामचंद्र गंझू, परमेश्वर सिंह भोक्ता,उर्फ साधु जी, प्रभु गंझू,अंतू सिंह,देव कुमार भोक्ता, एवं अन्य लोगों के विरुद्ध थाने में जानमाल से सुरक्षा को लेकर आवेदन दिया गया है।मामला तापिन नॉर्थ परियोजना में अधिग्रहित भूमि को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ है। प्रथम पक्ष ने दुसरे पक्ष पर यह आरोप लगाया है कि गैरमजरूआ खास भूमि को स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बाहरी लोगों के नाम पर जमीन का बन्दोबदत करा लिया गया है। जिसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद उत्पन्न हो गया है। वही इस विवाद में दुसरे पक्ष के लोगों ने प्रथम पक्ष के लोगों को समाज से बहिष्कार किया गया है। इस पुरे मामला में विवाद का कारण जमीन से जुड़ा हुआ है।वहीं दूसरे पक्ष के रामचंद्र गंझू, परमेश्वर भोक्ता प्रभु गंझू, अंतू गंझू,देव कुमार भोगता ने कहा कि प्रथम पक्ष के लोगों के द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद है।आगे कहा कि प्रथम पक्ष के लोग वेबजह और झूठे केस में फंसा रहे हैं।

### आर्ट्स में रूद्राक्ष बना जिला टॉपर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कलेज के विद्यार्थियों ने इंटर आर्टस व कमर्स की परीक्षा में उत्ष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कला संकाय में कॉलेज के रुद्राक्ष कुमार सिंह 89 प्रतिशत अंक लाकर जिला टपर बना है। वहीं करीना 85.8, एकता कुमारी 83.6, रिया 81.4 और श्वेता कुमारी 80.6 प्रतिशत अंक लाकर टप फाइव की सूची में शामिल हुई हैं। जबकि कमर्स में निशा कुमारी 81 प्रतिशत अंक लाकर कलेज की टपर छात्रा बनी है। वहीं नेहा कुमारी 79.4 व सागर ने 79 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कोलेज के प्राचार्य विद्यानन्द तिवारी सहित कॉलेज परिवार ने हर्ष व्यकत करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### तंबाकू के सेवन से बचें छात्र : प्रो एनके



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अर्जुन कुमार मिश्रा ने तम्बाकू तथा इसके विभिन्न उत्पादों खैनी, बीड़ी, सिगरेट, गुटका आदि के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इन सभी उत्पादों के सेवन से प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मृत्यु होती है। अध्यक्षीय भाषण देते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो.एनके तिवारी ने सबों को सचेत करते हुए कहा तम्बाकू के सेवन से केंसर, हृदय रोग, उच्च रक्त चाप, मधुमेह जैसे घतक बिमारियों होती है। इसलिए स्वयं भी इसके सेवन से बचे और समाज में जागरूकता फैला इससे बचने की सलाह दें।

### अस्पताल में मना तंबाकू निषेध दिवस



**बरही।** अनुमंडल अस्पताल बरही के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल कर्मियों को एक तंबाकू विरोधी शपथ भी दिलाई गई, जिसमें कर्मियों ने तंबाकू का उपयोग न करने और पर्यावरण की रक्षा के लिए तंबाकू के उपयोग को रोकने की शपथ ली। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने धूम्रपान के दुष्प्रभावों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी, खैनी, जर्दा, गुटका, पान मसाला आदि का उपयोग फेफड़ों, हृदय और शरीर के अन्य हिस्सों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। अतः तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसके सेवन से कैंसर जैसी खतरनाक बिमारी हो सकती है। कार्यक्रम में तंबाकू के दुष्परिणामों से समस्त जनमानस को जागरूक करने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि मादक द्रव्यों का सेवन एक गंभीर चुनौती है और इस खतरे से सभी विशेषज्ञों के सामूहिक प्रयासों से निपटा जा सकता है। मौके पर डॉ पवन कुमार, विष्णु महतो, साहिल, सहिया सरिता देवी, निशि कुमारी, सुमन देवी, तब्बसुम, कुलदीप कुमार, नरेश प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# पतरातू : सड़क हादसों में दो की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पहली घटना सोमवार की रात पालू गांव स्थित तालाब के समीप की है। जहां पालू गांव में आयोजित मंडा देखने बाइक से जा रहे रोचाप गांव निवासी फुलेश महतो एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने फुलेश महतो को मृत घोषित कर दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह रोचाप गांव के समीप सड़क पर

### आक्रोशित लोगों ने सड़क पर शव रखकर किया जाम



शव को रखकर पतरातू मैक्लुस्कीगंज मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पतरातू पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटवाया। वहीं, दूसरी घटना तालाटांड़ कटुवा कोचा स्थित शंकर ढाबा के पास की है। जहां एक स्विफ्ट कार और एक टर्बो ट्रक में सीधी भिड़ंत हो गई। बताया गया कि बरका सयाल में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत प्रमोद शर्मा व अन्य वीरेंद्र प्रसाद और संजीत कुमार स्विफ्ट कार से रांची की ओर से पतरातू आ रहे थे। इसी दौरान शंकर ढाबा के समीप विपरीत दिशा से ईट लदा टर्बो ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई। जिसमें प्रमोद शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, वीरेंद्र प्रसाद व संजीत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में दोनों घायलों को रांची स्थित एक हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

दुर्घटना में स्विफ्ट कार की परखच्चे उड़ गई। वही घटना के बाद टर्बो के चालक मौके से फरार हो गया। सड़क दुर्घटना में 2 लोगों की मौत से लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि तेज रफ्तार के कारण ही आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गति का निर्धारण करते हुए तेज रफ्तार पर लगाम लगाने की मांग की।

# तंबाकू का सेवन नहीं करें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल रामगढ़ में हमें भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं थीम के साथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने विश्व तंबाकू दिवस पर आयोजित हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करने के उपरांत तंबाकू के सेवन से किसी व्यक्ति को होने वाले नुकसान के प्रति सभी को जानकारी दी।उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए किसी भी व्यक्ति को तंबाकू का सेवन नहीं करना चाहिए। उन्होंने वर्तमान में तंबाकू का उपयोग कर रहे लोगों से आज ही छोड़ने की अपील की। उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से अपने अपने क्षेत्रों में तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने की अपील की।




हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत करतीं रामगढ़ की डीसी माधवी मिश्रा।

**सुनी जनता की समस्याएं:** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, विद्युत, प्रदूषण, ऋण, पेयजल, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया । जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

### चरही में सीबीआइ ने 10 हजार रुपये रिश्वत लेते साइडिंग इंचार्ज को दबोचा

**चरही।**चरही रेलवे साइडिंग के इंचार्ज सह सीसीएल कर्मी विजय प्रसाद मेहता अपने ही कर्मी श्याम मांझी से बुधवार को 10 हजार रुपया रिश्वत ले रहा था।घात लगाए बैठे सीबीआई के टीम ने साइडिंग इंचार्ज को रंगे हाथों धरदबोचा।बताया जाता है कि इंचार्ज ने अपने कर्मी से किसी काम को लेकर घुस मांग रहा था।जिससे भुक्तभोगी कर्मी काफी परेशान हो गया।इसकी जानकारी सीबीआई को दिया।घूसखोर साईडिंग इंचार्ज को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया।जिसे दबोचने के लिए टीम चरही रेलवे साईडिंग पहुंची।भुक्तभोगी ने इंचार्ज को 10 हजार रुपया हाथ में देते के साथ टीम के अधिकारियों ने रंगे हाथ पकड़ा।जिसे साईडिंग के अलग कमरा में ले जाकर इंचार्ज से घण्टों पूछताछ करती रही।टीम के अधिकारियों से पूछे जाने पर कुछ बताने से परहेज कर रही है।बाद में पकड़े गए इंचार्ज को रांची लेते गई। जहां पूछताछ की जाएगी।

### सडवाहा में विधायक ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास

**चरही ।** चरही पंचायत के ग्राम सडवाहा में बुधवार कोमांडू विधायक सह पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल को ग्रामीणों ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया।उसके बाद विधायक श्री पटेल ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर कई योजनाओं का शिलान्यास किया।यह योजन जिला परिषद मद से 1 करोड़ 15 लाख की लागत से सडवाहा विद्यालय के चाहर दिवारी औ? स्कूल भवन मरम्मति का कार्य कराया जाना है।इसके अलावे अन्य योजना भी दिए गए हैं।विधायक ने कहा कि दिए गए सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण काम हो।अनियमितता बर्दास्त नहीं की जाएगी।मौके पर जिप सदस्य बासुदेव करमाली, पंसस निरंजन महतो,मुखिया संझली मुर्मू,बहेरा मुखिया देवकी महतो,पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो,झामुमो जिला सचिव नीलकंठ महतो,भूषण पटेल,मेघनाथ महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# खोपड़िया बाबा मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा प्राचीन श्री हनुमान मंदिर सह धर्मशाला परिसर में बुधवार को गणमान्य एवं स्थानीय लोग बैठक हुई। प्राचीन श्री हनुमान मंदिर सह धर्मशाला के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। कई लोगों ने अपने विचार प्रकट किए। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि खोपड़िया बाबा प्राचीन हनुमान मंदिर ही मंदिर रहेगा और इसी मंदिर का जीर्णोद्धार होगा। इस मंदिर के अलावा यहां दूसरा मंदिर नहीं बनेगा। जबकि धर्मशाला परिसर धर्मशाला ही रहेगा। धर्मशाला परिसर मे मूर्ती स्थापना नहीं होगी। बैठक में मंदिर



जीर्णोद्धार और बेहतरीन धर्मशाला निर्माण संचालन को लेकर सर्वमान्य कमेटी बनाने की सहमति बनी। कमेटी को लेकर पांच सदस्यीय संयोजक मंडली का चयन किया गया। इन्ही संयोजक मंडली द्वारा सभी पक्षो को मिलाकर सर्वमान्य कमेटी बनाई जाएगी। बैठक में काशी से आए त्यागी बाबा, जवाहर नगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, महेश्वर साहू, रामकुमार सिंह, राकेश पांडेय, रामफल बेदिया, विनय सिंह चौहान, किशन बंसल, दिलीप अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुखदेव प्रसाद, अजय गोयल, रोबिन मुखर्जी, राजू पांडे, विनय मिश्रा, प्रदीप कुमार, अशोक सोनी, महेन्द्र सोनी, अखिलेशवर मिश्रा, सुरेश उपाध्याय, अजय मिश्रा, कुल्लू पांडेय आदि मौजूद थे।

# हरिहरपुर में धूमधाम से मंडा पूजा संपन्न

**बासल (रामगढ़)।** हरिहरपुर गांव में मंडा पूजा धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार रात श्रद्धालुओं ने लोटन सेवा, फुलखुंदी, मच्छर गोथा, बनस झूला पर झूलकर अपने आस्था व शिव भक्ति का परिचय दिया। वहीं छऊ नृत्य के कालाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। इधर मंडा पूजा और मेला का उदघाटन आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, विधायक अम्बा प्रसाद, पूर्व जिप



मनोज राम, दिलीप दांगी, गीता देवी, रमेश बेदिया, जोगेंद्र सिंह खरवार, भरत महतो आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं पुरुलिया से आए छऊ नृत्य के कलाकारों ने देवी-देवताओं से जुड़े नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध किया। मंडा को ले मंगलवार की रात्रि 75 भोक्ता और 75 सोकताईनो ने नदी में स्नान ध्यान कर पवित्र जल भरकर मंडा स्थल पहुंचे। जहां पूरे विधि-विधान से सत्यनरायण गोसाईं, ठाकुर राजेंद्र, भट्ट भोक्ता सुनील करमाली, विजय पाहन और हनुमान चटिया कामदेव ने विधि विधान से पूजा-अर्चना कराई। वहीं शिव भक्तों ने दहकते अंगारो पर नंगे पांव चलकर आस्था का परिचय दिया।

### मोबाइल एप्लीकेशन का प्रशिक्षण संपन्न

**विष्णुगढ़।** जेएसएलपीएस द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एन आर एल एम परियोजना के तहत गठित महिला समूह का एमआईएस प्रविष्टि हेतु ग्राम संगठन के लेखापाल का प्रथम बैच लोको मोबाइल एप्लीकेशन का पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण बिष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर ट्रेनर सुजीत कुमार विनय कुमार द्वारा लोगों को प्रशिक्षण दिया गया. मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम रामगिरी उराव मौजूद रहे।

# झारखंडियों को हक के लिए लड़ना होगा : संजय मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। संजय मेहता और भुनेश्वर यादव के नेतृत्व में निकाली गई जन संवाद यात्रा निरन्तर जारी है।इस यात्रा में सैकड़ों लोगों का सहयोग एवं भागीदारी तय किया जा रहा है। चंदवारा बाजार में सभा को संबोधित करते हुए युवा सामाजिक कार्यकर्ता सह युवा नेता संजय मेहता ने कहा कि झारखंड कोई स्वाभाविक राज्य नहीं है। यह माटी हमें सालों के संघर्ष, खून, पसीने और बलिदान से मिला है। देश के सभी राज्यों में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता के आधार पर हक और अधिकार दिया जाता है। निर्वाचन एवं नियोजन में अन्य राज्यों में जाकर दूसरे राज्य के लोग दखल नहीं देते।

झारखंड देश का एक मात्र ऐसा राज्य है जिसे प्रयोगशाला बना दिया गया है। यहाँ के नियोजन में बाहरी तत्वों का कब्जा है। विधायिका पर भी



कब्जा बाहरी तत्वों का हैं। सांसद, विधायक के पदों पर वैसे लोग निर्वाचित हो रहे हैं जिनका इस माटी से कोई भावनात्मक लगाव नहीं है। विस्थापन के बाद न पुनर्वास नीति बनी,और ना ही स्थानीय नीति बनी, ना ही नियोजन नीति। संजय मेहता ने कहा कि शिक्षा, रोजगार, स्थानीयता के सवाल पर हर झारखंडी को मुखर होना होगा। बिना आवाज बुलंद किये इससे नहीं निपटा जा सकता। सबको मिलकर जन आंदोलन खड़ा करना होगा। झारखंड को 81 झारखंडी विधायक, 14 लोकसभा क्षेत्र में स्थानीय सांसद, 6 लोकल राज्यसभा सांसद चाहिए। दूसरे राज्य के लोग सांसद विधायक तो बन रहे हैं लेकिन जनता के मुद्दों पर चुप रहते हैं।

### चंदवारा में जन संवाद यात्रा

भुवनेश्वर यादव ने कहा कि अपनी माटी को बचाने के लिए लड़ना होगा। बिना लड़े माटी नहीं बचेगी। हमारे माटी को लोग चारागाह बना दिये हैं। इस धरती को लूटने से बचाना होगा। पीढ़ियों को बचाना होगा। उन्होंने कहा कि बरही की धरती को अब बचाना होगा। विकास के पैमाने पर यह इलाका काफी पीछे रह गया है। हम सबको एक संकल्प लेकर इसे आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि जनसंवाद यात्रा अपने लक्ष्य को हासिल करेगी और यह अभियान सफल होगा। मंच का संचालन करते हुए रवि सोनी ने कहा कि जनसंवाद यात्रा सिर्फ यात्रा नहीं बल्कि बदलाव और चेतना का एक संकल्प है। सभा में आदित्य पांडेय, संजय पासवान, आदित्य कुमार, सीताराम महतो समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### कटकमसांडी : कला में तबस्सुम प्रखंड टॉपर



कटकमसांडी। इंटर कला में मंगलवार को जारी हुए परिणाम में प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी की छात्रा तबस्सुम परवीन 428 अंक लाकर स्कूल के साथ प्रखंड टॉपर बनी जबकि अजय कुमार 410 अंक के साथ द्वितीय और 407 अंक लाकर सृष्टि अग्रवाल तृतीय टॉपर बनी। प्रखण्ड टॉपर तबस्सुम ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, शिक्षक और शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सरोज कुमार मालाकार सर को दिया है जिन्होंने विनर ग्रुप के माध्यम से हमारी तैयारी करवाया सर के कुशल मार्गदर्शन और हमेशा मोटिवेट कर हर सिचुएशन में कैसे पढ़ाई से जोड़े रखना है के साथ साप्ताहिक टेस्ट और प्रतिदिन 8 घंटे की निरंतर पढ़ाई का ही परिणाम है आज मै प्रखंड टॉपर बनी ।आगे की पढ़ाई पूरी करके मैं प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती हु । प्रधानाध्यापिका डॉ. शिखा खाका, अजय बैठा, उत्तम सिंह, उषा रानी महतो, विजय मसीह , इमरान अयूब हुसैनी, भारती नायक, डॉ. विकास सिंह ,जाहिदा बानो, सदा सदफ ,अशोक कुमार ,श्वेता बाला, सनोज कुमार के साथ अन्य सभी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### बीडीजेजे इंटर कॉलेज के सभी छात्र पास

दारू। जैक द्वारा जारी रिजल्ट में बीड़ीजेजे इंटर महाविद्यालय का इंटर आर्ट्स व कॉमर्स का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। आर्ट्स में छात्राओं ने छात्रों को पीछे छोड़ कर अव्वल स्थान बनाया। महाविद्यालय से आर्ट्स में 651 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें से 452 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी शेष 199 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुए।आर्ट्स में प्रथम स्थान सुमन कुमारी 423अंक , द्वितीय स्थान आदित्य यादव 416 अंक, तृतीय स्थान अंचल कुमारी 415, चौथा स्थान नंदनी कुमारी 407 अंक, पाँचवाँ स्थान विक्रम कुमार राणा 407, छठा स्थान निहारिका शर्मा 405 अंक, सातवां प्रमिला कुमारी 400 अंक, आठवां स्थान बबली कुमारी व मो अनीश अंसारी 399 अंक, नौवां स्थान रानी कुमारी 397 अंक व दसवां स्थान पूजा कुमारी 393 अंक लाकर टॉप टेन में अपना स्थान बनाया। वहीं कॉमर्स में सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। कॉमर्स में प्रथम साइका मालिक 417 अंक, द्वितीय स्थान उमंग कुमार गरोडिया 408 अंक, तृतीय स्थान रिया कुमारी 385 अंक, चौथा स्थान पीयूष कुमार सिंह 368 अंक, पांचवां स्थान हर्षित कुमार सिंह 365 अंक, छठा स्थान ऋषिकेश कुमार चौधरी 363अंक, सातवां स्थान पुष्पेश कुमार सिंह 362 अंक,आठवां स्थान काजल कुमारी 360 अंक, नौवां स्थान कनक राज कुशवाहा 353 अंक व दसवां स्थान चंदन कुमार 350 अंक लेकर टॉप टेन में रहे।

### डीलर कम दे रहे हैं राशन !

कटकमसांडी। प्रखंड में जन वितरण प्रणाली के डीलर तयमानक से कम राशन कार्ड धारियों को दिया जा रहा है।राशनकार्ड धारियों का आरोप हैं की डीलरो द्वारा राशन काट कर दिया जा रहा है विरोध करने पर कहता है की अगर ज्यादा करोगे तो राशन कार्ड ही कटवा देंगे।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा सूचना संख्या: एम-41-एएमसी-एलएम-आरएनसी-24, दिनांक: 26.05.2023। कार्य का नाम: तीन वर्षों की अवधि के लिए हटिया लॉन्ड्री में तथा रांची लॉन्ड्री में मशीनीकृत लॉन्ड्री मशीनों के लिए एएमसी (वार्षिक रखरखाव ठेका)। कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित): ₹ 89,32,015.48। बयाना राशि: ₹ 1,78,700। ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 16.06.2023 को अपराह्न 4.30 बजे। वेबसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in। (PR-228)

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह।

(जिला नजारत शाखा)

दूरभाष नं०:– 06532-222650 ई०–मेल:– dist.nazaratgrd@gmail.com

–: अल्पकालीन निविदा :–

पीरटॉड प्रखण्ड अन्तर्गत मधुबन स्थित मधुबन गेस्ट हाउस, गिरिडीह के रख–रखाव एवं संचालन आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरे 03 (तीन) वर्षो के लिए (यथा कार्यादेश की तिथि से तीन वर्श) किया जाना है। इस संबंध में इच्छुक निविदादाताओं से दो लिफाफा प्रणाली के तहत दर सहित मुहरबंद निविदा दिनांक 14/06/2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक आमंत्रित किया जाता है।

अतः इच्छुक निविदादाता दिनांक 14/06/2023 तक जिला नजारत शाखा, गिरिडीह में निविदा जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 15/06/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता मधुबन गेस्ट हाउस का अवलोकन कर सकते हैं। निविदा की विस्तृत शर्तें कार्य दिवस एवं कार्यावधि में जिला नजारत शाखा, गिरिडीह से प्राप्त कर सकते है या www.giridih.nic.in से डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

जिला नजारत उपसमाहर्त्ता, गिरिडीह। अपर समाहर्त्ता, गिरिडीह। उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी गिरिडीह।

PR 298799 Giridih(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

शुद्धि पत्र

इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित ई०–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/KHUNTI/49/2022-23 (2nd Call), जो पी०आर० संख्या 297733 RURAL DEVELOPMENT (2023-24)_D द्वारा प्रकाशित है, में निम्न रूप से आंशिक संशोधन किया जाता है:–

1. ई०–निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/KHUNTI/49/2022-23 (2nd Call) के स्थान पर ई०–निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/KHUNTI/49/2022-23 पढ़ा जाय।
2. ई०–निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/KHUNTI/49/2022-23 के ग्रुप सं० 01 में वेबसाईट में प्रकाशित Bidding Document के स्थान पर शुद्धि पत्र के साथ संशोधित Bidding Document अपलोड किया जा रहा है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

PR 298813 Rural Development(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
एन० आर० ई० पी०–II, राँची

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– NREP-II/RANCHI/06/2022-23 Re-tender (2nd Call) (P.R. No. 298149 NREP (22-23):D को निम्न रूपेण संशोधित किया जाता है।

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 02.06.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 03.06.2023 से 09.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कार्यालय कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–2, राँची में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 12.06.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.06.2023 अपराह्न 02:00 बजे।

निविदा की शेष सभी सूचनाऐं पूर्ववत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
एन० आर० ई० पी०–II, राँची

PR 298770 NREP(23-24).D

## स्पीड न्यूज

### ललित उरांव इंटर कॉलेज का रिजल्ट 100%

**भरनो।** शैलपुत्री फाउंडेशन द्वारा संचालित ललित उरांव मेमोरियल इंटर कॉलेज भरनो का आट्र्स संकाय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। यह जानकारी संस्थान के निदेशक विनय कुमार केशरी ने दी है। रिजल्ट की सफलता पर सभी स्टूडेंट्स, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि 56 स्टूडेंट्स फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं। उनका सम्मान कार्यक्रम भी होगा। सत्र 2023-25 के लिए इंटर में एडमिशन शुरू कर दिया गया है। इच्छुक स्टूडेंट तुरंत संपर्क करें इस साल से मासिक शुल्क माफ कर दिया गया है।

### पोषण किट और दवा से टीवी मरीजों को ठीक किया जा रहा है : बीडीओ



**घाघरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को 44 टीवी मरीजों के बीच पोषण किट बांटा गया। इस क्रम में मरीजों को बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप, सीओ प्रणव ऋतुराज ने पोषण किट दिया। बीडीओ ने कहा कि 2025 तक पूरे भारत को टीवी मुक्त बनाने का लक्ष्य है। उसी आलोक में प्रखंड क्षेत्र के टीवी मरीजों को पोषण किट और दवा से टीवी मरीजों को ठीक किया जा रहा है। आप सभी टीवी से लड़कर जीतेंगे। सीओ प्रणव ऋतुराज ने कहा कि टीवी मरीजों को हिंडाल्को और एनजीओ के प्रयास से टीवी बीमारी को खत्म करने की दिशा में पहल हो रही है और लगातार कई मरीज अब तक टीवी बीमारी की चपेट में आये लोग रिकवर हो रहे हैं। हम सभी मिलजुलकर एनीमिया और कुपोषण पर भी काम कर रहे हैं ताकि लोगों के अधिक जांच होने से तुरंत इलाज हो सके। मौके पर बीटीटी सीमा देवी, अनिरुद्ध चौबे हिंडाल्को के अभय कुमार भी मौजूद थे।

### लोगों ने ली तंबाकू नहीं खाने की शपथ



**लोहरदगा।** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड, रांची के निर्देश पर जिला मुख्यालय समेत, प्रखंड कार्यालयों में भी विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान सबने किसी भी प्रकार का तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करने, अपने परिजनों, मित्रों व परिचितों को भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने हेतु प्रेरित करने, तंबाकू नहीं, भोजन चाहिए का उद्देश्य पूरा करने में सहयोग करने, जीवनपर्यंत तंबाकू का सेवन नहीं करने व अन्य को इसके खतरे के बारे जागरूक करने, तंबाकू का सेवन छोड़ने हेतु प्रेरित किये जाने, अपने कार्यालय व कार्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त करने में सहयोग करने की शपथ ली गयी। डीडीसी समीरा एस की अध्यक्षता में यह शपथ समाहरणालय सभागार व जिला परिषद कार्यालय स्थित सभागार में ली गयी।

### सांसद ने सीएम को लिखा पत्र, नदिया हिंदू उवि का नाम यथावत रखने की मांग

**लोहरदगा।** नदिया हिंदू हाई स्कूल से हिंदू शब्द हटाने पर सांसद सुदर्शन भगत ने मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन और शिक्षा सचिव झारखंड सरकार को पत्र लिखकर जनभावनाओं को अवगत कराते हुए नामकरण को यथावत रखने की बात कही। सांसद ने पत्र में कहा कि लोहरदगा में सन-1931 से संचालित नदिया हिंदू हाई स्कूल चल रहा है। अभी-अभी देखा गया कि इस विद्यालय के नाम में से हिंदू शब्द हटा दिया गया है। जिसे लेकर स्थानीय जनता में रोष है। जनभावना के प्रतिकूल राज्य सरकार के आदेश को अविलंब वापस लेने की जरूरत है। ज्ञात हो कि विद्यालय संचालन करने वालों की, भूमि दानदाताओं ने हिंदू शब्द को विद्यालय के नाम में आवश्यक रूप से प्रयोग किये जाने की शर्त पर ही भूमि हस्तांतरित की थी। लोहरदगा सभी समुदाय के बालक इस विद्यालय में बिना की किसी भेदभाव के कई वर्षों से पढ़ते आ रहे हैं। पुरातन विद्यार्थियों की भावनाएं भी इससे भावनात्मक यादें जुड़ी हैं।

### पीएम रोजगार सृजन योजना से 51 अभ्यर्थियों के आवेदन की अनुशंसा



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने बुधवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर जिले के विकास का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए कृषि विभाग, उद्योग विभाग, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, नगर परिषद, भू अर्जन शाखा, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, श्रम नियोजन, पशुपालन सहित कई विभागों के अंतर्गत हुए महत्वपूर्ण कार्यों के विषय में जानकारी दी। साथ ही आगामी महीने की कार्य योजना पर भी प्रकाश डाला। उपायुक्त ने कहा कि खरीफ फसल को देखते हुए कृषि विभाग सभी प्रखंडों में दो चरणों में केसीसी व ऋण माफी योजना का शिविर लगायेगा। जिले के 27 हजार किसानों के बीच पांच सौ क्विंटल रागी बीज बांटा जा रहा है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत जिले के 51 अभ्यर्थियों के आवेदन की अनुशंसा करते हुए चार को स्वीकृति मिली है।

### बस की चपेट में आने से दिव्यांग की मौत



**डुमरी (गुमला)।** थाना क्षेत्र के मंद्रियाटोली निवासी जोन मिंज (55) की बस के गेट से गिरने के बाद चक्का चढ़ने से मौके पर की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक गांव वालों के साथ मंत्री बस (जेएच 01 डीएच 8984) से बुकिंग कर चिरैया लोटापानी हेतु बुधवार को 12 बजे गये थे और लौटने के क्रम में लगभग 6 बजे डुमरी मेन रोड तालाब के पास दुर्घटना हुई। मृतक नशे में था। साथ ही दिव्यांग था। उसके पैरों में रड लगा हुआ था। वह गाड़ी के गेट के पास खड़ा था और गाड़ी में आवश्यकता से अधिक भीड़ भी थी। जिससे वह अचानक गिर गया और उसमें गाड़ी का चक्का उसके सिर पर चढ़ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर डुमरी थानेदार विवेक पांडेय घटनास्थल पहुंचे। जहां से शव को अपने कब्जे में लेते हुए बस को भी थाने ले आये।

# पहले खुद तंबाकू छोड़ें, फिर परिवार-समाज को करें जागरूक : डीआइजी

- विश्व तंबाकू दिवस पर सदर अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन
- तंबाकू उन्मूलन की दिशा में अच्छा कार्य करने वाले लोग सम्मानित
- तंबाकू उन्मूलन को लेकर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने ली शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**





अस्पताल उपाधीक्षक को सम्मानित करते डीआईजी, डीसी व एसपी और तंबाकू उन्मूलन को लेकर शपथ लेते डीआईजी, डीसी, एसपी व अन्य।

**गुमला।** विश्व तंबाकू दिवस पर बुधवार को सदर अस्पताल के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही तंबाकू उन्मूलन के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस उप निरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर रेंज अनूप बिरथरे, उपायुक्त सुशांत गौरव, एसपी ऐहतेशाम वकारिव व सिविल सर्जन डॉ. राजू कच्छप ने की।

मौके पर डीआईजी अनूप बिरथरे ने कहा कि झारखंड में 34 प्रतिशत लोग तंबाकू के रूप में कुछ न कुछ नशीले पदार्थ का सेवन करते हैं। तंबाकू का सेवन करना सबसे पहले स्वयं को छोड़ना चाहिए फिर परिवार व समाज के लोगों को छोड़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तंबाकू के सेवन से विश्व में लगभग 80 लाख मौतें प्रतिवर्ष हो जाती है और यह आंकड़ा एक करोड़ तक पहुंचने वाला है। अगर किसी क्राइम या आतंकवादी घटना में बीस से पच्चीस लोगों की मौत होने पर हम कितने गंभीर हो जाते हैं। विश्व में लाखों हेक्टेयर जमीन पर तंबाकू का उत्पादन किया जाता है। भारत व चीनी में तंबाकू का सबसे अधिक उत्पादन होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में खाद्य पदार्थ की भारी कमी है फिर भी तंबाकू का उत्पादन तेजी से हो रहा है। अगर हम तंबाकू का सेवन छोड़ दे तो शायद उसका उत्पादन बंद हो जाए और जमीन का उपयोग खाद्य पदार्थ के उत्पादन में किया जा सकेगा। उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि तंबाकू के रोकथाम की दिशा में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी सबसे अहम रोल अदा कर सकते हैं।

**हर मरीज को करें मोटिवेट :** कोई भी मरीज आये तो उनसे पहला सवाल पूछें कि वह तंबाकू का सेवन करता है कि नहीं और उसको छोड़ने के लिए प्रेरित करें। क्योंकि तंबाकू इंसान को मौत के कगार तक पहुंचा देता है। मौके पर तंबाकू उन्मूलन के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले केओ कॉलेज के प्रो दिलीप प्रसाद, एचडब्लूसी शिवनाथपुर गुमला की अल्का रानी तिग्गा, डेंटल हाईजिनिस्ट प्रियंका कुमारी एवं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनूपम किशोर को विशेष अवार्ड से अतिथियों ने सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने तंबाकू का उपयोग नहीं करने की शपथ ली। मौके पर एसडीओ रवि जैन, प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मी और चिकित्सक उपस्थित थे।

# पुसो थाना प्रभारी ने दूसरे थाना क्षेत्र से पकड़ा ट्रैक्टर, लोग नाराज

- घाघरा थाना क्षेत्र के गुटुव परसा टोली के लोग पुलिस की कार्रवाई से दिखे नाराज
- गुमला से घाघरा होत पुसो जाने के क्रम में थाना प्रभारी ने जबरन जब्त किया वाहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पुसो थाना प्रभारी के कार्रवाई से आक्रोशित ग्रामीण ।

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के गुटुवा परसा टोली से पुसो थाना प्रभारी के बालू लदा ट्रैक्टर वाहन जब्त कर पूसो थाना ले जाने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। वहीं पूरा इलाका सकते में है। परसा टोली के ग्रामीणों ने बैठक कर मामले के विषय में बताते हुए कहा कि पुसो थाना प्रभारी गुमला की तरफ से मंगलवार को शाम लौट रहे थे। गाड़ी में एक महिला व एक बच्ची के अलावे पुलिस के जवान के साथ गुट्वा गांव आसे और गांव में खड़ा ट्रैक्टर को स्टार्ट कर अपने ड्राइवर से ले जाने लगे। जिसकी जानकारी जैसे ही ट्रैक्टर मालिक रिंकू चौरसिया को हुई तो वह आया और थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता से कहा कि सर मेरी गाड़ी को कहां ले जा रहे हैं? छोड़ दीजिये। जिसके बाद थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता ने बताया कि कि चलो आगे मेरे थाना क्षेत्र बरटोली के पास से छोड़ देंगे। थाना प्रभारी की बात सुन रिंकू बरटोली की तरफ बढ़ा। वहां पहुंच थाना प्रभारी ने रिंकू को 3-4 झापड़ गाल में जड़ते हुए कहा- काबिल बनते हो और एक पुलिस जवान को रिंकू की बाइक को थाना लेकर चलने को कहा।

**घटना के संबंध में जानकारी नहीं थी :** एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा कि घाघरा से ट्रैक्टर जब्त होने की जानकारी पुसो थाना प्रभारी ने नहीं दी है। पूरे मामले की जांच की जायेगी। अपने थाना क्षेत्र से बाहर जाकर ऐसी कार्रवाई संदेहास्पद है। वहीं घाघरा थाना प्रभारी अमित चौधरी को भी इस पूरे प्रकरण में किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं दी गयी।

**ट्रैक्टर धक्का मारकर भागने का प्रयास कर रहा था :** पुसो थाना प्रभारी सत्यम कुमार गुप्ता से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर सहीजाना से पकड़ा गया है। जब उनको बताया गया कि ग्रामीणों का कहना है कि परसा टोली से ट्रैक्टर पकड़ कर पुलिस ले गई है, तो उन्होंने अपना बयान को बदलते हुए कहा ट्रैक्टर हमें धक्का मारने का प्रयास करते हुए भाग रहा था।

# तंबाकू का सेवन नहीं करने की बीडीओ-सीओ ने दिलायी शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके साथ बीडीओ रणजीत सिन्हा व सीओ दिनेश गुप्ता ने कर्मियों को तंबाकू निषेध की शपथ भी दिलवाई गई। इस वर्ष का उद्देश्य तंबाकू छोड़ने के लिए प्रतिबद्ध रखा गया है। मौके पर बीडीओ ने बताया कि प्रदेश को तंबाकू मुक्त राज्य बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को नियमित रूप से चलाने, पर्यवेक्षण करने व कार्यक्रम की समीक्षा करने के लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है।




प्रखंड-अंचल के कर्मचारियों को शपथ दिलाते बीडीओ-सीओ।

**खास बातें :** हर जिले में डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति कार्य कर रही है। सीओ दिनेश गुप्ता ने बताया कि सरकार ने कार्यक्रम को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के तहत दंड व जुर्माना का अधिकार दिया है। धारा के तहत सार्वजनिक स्थानों (होटल, रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, कार्यालय, विद्यालय, महा-विद्यालय, पार्क आदि सभी सार्वजनिक स्थानों) पर सिगरेट, बीडी या किसी अन्य ढंग से धूम्रपान पर प्रतिबंधित है। धारा - 5 के तहत तंबाकू उत्पादों पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष ढंग से बोर्ड, टीवी, पंपलेट, स्टीकर होर्डिंग इत्यादि का विज्ञापन कराना कानूनन अपराध है। मौके पर बीईईओ जयनाथ महतो, नीता सरकार, तनुश्री, वंदना कच्छप, रऊफ अंसारी, रवि कुमार, राधे कुमार सहित सभी प्रखंड सह अंचल कर्मी मौजूद थे।

### शैलपुत्री फाउंडेशन ने चलाया जागरूकता अभियान

**गुमला।** भारतीय संस्कृति की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। हमारी संस्कृति हमारी पहचान है। हमारी संस्कृति सबसे अच्छी और सबसे प्यारी है। उक्त बातें शैलपुत्री फाउंडेशन के सचिव विनय कुमार ने कही। फाउंडेशन का जागरूकता अभियान भरनो प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव पहुंचा। इस दौरान नशा मुक्ति, दहेज, प्रथा तंबाकू का सेवन वर्जित, बरसाती बीमारी से बचने के उपाय सहित कई जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। मौके पर शैलपुत्री फाउंडेशन की महिला पर्यवेक्षिका मंजू देवी, अजीत उरांव, तारामणि कुमारी, मुन्नी देवी, सुनीता देवी, रंजीता होरन, संगीता देवी, महेश्वर कोरा व काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार तीन घायल

**गुमला।** थाना क्षेत्र के खटवा नदी के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गये। तीनों को स्थानीय लोगों की मदद से गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में चेटर के कृष्ण वर्मा का पुत्र करन कुमार (19), सदन गोप का पुत्र प्रभु गोप (20) व अनिल उरांव का पुत्र अमन उरांव (18) शामिल है। इनमें से करन व प्रभु को रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार तीनों दोस्त बाईक से घाघरा की ओर गये थे। वापसी के क्रम में खटवा नदी के पास अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया।

# जिला की बेहतरी के लिए कार्य करने से मिलती है ऊर्जा: डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा

- कौशल का सम्मान समारोह में कई युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जिला की बेहतरी के लिए कार्य करने से उर्जा मिलती है। यह छोटी सी पहल है, आगे और भी कार्य करने हैं। आईएचम, ब्रांबे, रांची और झारखंड राज्य टूल रूम के साथ एमओयू करने के बाद यहां के युवक-युवतियों को एक बेहतर कोर्स उपलब्ध करा पाया और आज उन युवक-युवतियों को प्रशिक्षणोपरांत नियुक्ति मिल रही है तो बहुत संतुष्टि का एहसास हो रहा हैं। उक्त बातें उपायुक्त ने विशेष केंद्रीय सहायता एवं सक्षम झारखण्ड कौशल विकास योजनांतर्गत नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित प्रमाण-पत्र, नियुक्ति-पत्र, वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उपायुक्त ने कहा कि जिन युवक-युवतियों को दोनों संस्थानों में भेजा गया था उनके कॅरियर को एक बड़ा मंच मिला है। आज जिन्हें नियुक्ति पत्र मिला है वे राज्य व देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर अपनी सेवाएं देंगे और भरोसा है कि जिला और राज्य का नाम रौशन करेंगे। सिर्फ यहीं नहीं बल्कि एक उड़ान भरना और विदेशों में जाकर देश का नाम रौशन करना है।

**निःशुल्क है प्रशिक्षण :** आईएचएम में होटल मैनेजमेंट और झारखंड राज्य टूल रूम में जो कोर्स जिला की ओर से कराये जा रहे हैं वे पूरी तरह निःशुल्क हैं। जो भी इच्छुक युवक-युवतियां है वे जिला योजना कार्यालय या अपने प्रखंड कार्यालय में संपर्क करें, उन्हें संबंधित संस्थान में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण के लिए भेजा जायेगा। तेजस्विनी परियोजना से जुड़े युवा व 10वीं पास भी इसके लिए आवेदन करें।

### बीडीओ ने प्रखंड मुख्यालय में करायी पेयजल व्यवस्था



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड मुख्याल में पेयजल व्यवस्था नही रहने तथा गर्मी को देखते हुए बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा फिल्टर शीतल पेयजल के लिए स्थाई रुप से व्यवस्था की गई। जिसका उद्घाटन बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने करते हुए कहा कि अधिकारियों सहित ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था किया गया है। साथ ही पौधा भी गमला में लगाया गया। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय में सुदूरवर्ती क्षेत्र आने वाले ग्रामीणों के लिए पीने का पानी की व्यवस्था नहीं था। जिसको संज्ञान में रखते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर में पेयजल का स्थायी रूप से व्यवस्था की गयी। ताकि लोगों को पेयजल की समस्या दूर हो सके। जल को बेकार नहीं बहाने के लिऐ बोर्ड भी लगाया गया है। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, कृषि पदाधिकारी रघुंदन वैध, बीपीओ निलेंद्र कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी अमूल कुमार तिर्की, सूर्या भगत आदि उपस्थित थे।

## डीआइजी ने किया महिला थाना भवन का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** उप महानिरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर अनूप टी बिरथरे के द्वारा बुधवार को महिला थाना भवन, एसटी-एससी थाना भवन, सिलम स्थित सीआरपीएफ कैंप में गार्ड रूम, मैगजीन, पुलिस कर्मियों के लिए बनाये गये बैरक, कम्यूनिटी हॉल व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त सुशांत गौरव व एसपी डॉ. ऐहतेशाम वकारिव उपस्थित थे। उदघाटन के बाद सभी भवनों का घूम-घूमकर डीआईजी ने निरीक्षण किया। मौके पर डीआईजी श्री बिरथरे ने कहा कि भवनों के निर्माण व कार्यालय खुलने से आम जनता के साथ पुलिस कर्मियों को काम करने में सुविधा मिलेगी।

### फांसी लगाकर की आत्महत्या

**घाघरा।** चपका के फुलदेव उरांव (45) ने बुधवार को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस चपका गांव पहुंच शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। मृतक के भाई बिरसाई ने बताया कि बड़ा भाई फुलदेव मंगलवार की रात 8 बजे खाना खाकर अपने रूम में सोने चला गया। सुबह वह दरवाजा नहीं खोला। दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि घर के छप्पर के कुंडी में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर वह लटका हुआ है और उसकी मृत्यु हो गयी है।

## उपप्रमुख ने प्रखंड कार्यालय में करायी प्याऊ की व्यवस्था

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो, लोहरदगा।** भीषण गर्मी को देख कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में पेयजल के लिए प्याऊ की वैकल्पिक व्यवस्था उप प्रमुख मधुलिका रानी ने बुधवार को की। प्रखंड कार्यालय परिसर में पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी होती थी। इसे देख आमजनों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गयी है। मौके पर उपस्थित बीडीओ पवन कुमार महतो ने कहा प्यासे को पानी पिलाना काफी पुण्य के साथ-साथ काफी सराहनीय कार्य है। उप प्रमुख मधुलिका रानी नेलोगों को पानी पिलाकर इसकी शुरुआत की। मौके पर सीओ कमलेश उरांव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, बीस सूत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, मुमताज अंसारी आदि मौजूद थे।

# चैनपुर प्रखंड के कई सुदूरवर्ती गांवों में आजतक नहीं पहुंच पायी बिजली

- जन वितरण दुकानों से मिट्टी तेल भी मिलना हुआ बंद, ग्रामीणों की पीड़ा का कैसा होगा निवारण
- मिशन बदलाव के गांव चलो गांव बदलो अभियान में ग्रामीणों ने अपने दर्द से सदस्यों को कराया अवगत
- इंटरनेट और मोबाईल सुविधा की बात करना होगी बेईमानी : भूषण भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चैनपुर दौरे में ग्रामीणों के साथ मिशन बदलाव के सदस्य।

**गुमला।** मिशन बादलव का गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत टीम के संयोजक भूषण भगत, ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद साहू, नगर सचिव विनय गोप व लखन कुमार चैनपुर प्रखंड के बुडीकोना, सोकराहातु, बारडीह, डुमरी, केवना आदि गांव का दौरा किया। इस क्रम में मिशन बदलाव के सदस्यों को ग्रामीणों ने बताया कि ये सभी गांव बिजली विहीन हैं। जहां आजादी के 75 साल बाद भी लोग बिजली आने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं कुकुरुनजा, कोलदा, कोचागानी, केरागनी, कुयु, मरवा रोरेगें आदि सुदूरवर्ती गांवों में मोबाइल, इंटरनेट आदि की सुविधा नहीं है। यहां तक इन गांवों में मोबाइल टावर भी नहीं लगा है। ये वैसे गांव हैं जहां के लोग आज भी पानी, बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधा का इंतजार कर रहे हैं।

**खास बातें :** पानी के लिए बनी जलमीनार अपूर्ण है और गांव वालों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ता है। इन क्षेत्रों के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए जंग लड़ रहे हैं। किसी गांव में सौर ऊर्जा से ग्रामीणों को कुछ राहत मिली है। लेकिन बरसात में फिर परेशानियां होंगी। चिमनी और लालटेन की रोशनी भी बंद होने वाली है। क्योंकि राशन डीलर्स मिट्टी तेल भी नहीं बांट रहे हैं। 8वीं तक का स्कूल है लेकिन बरसात में स्कूल जाने के लिए बच्चों को पंगडंडियों का उपयोग करना पड़ता है। सोकराहातु में लाखों की लागत से बना स्वास्थ्य केंद्र धूल फांक रहा है। बैठक में दुर्गावती देवी, सुधीन देवी, धर्मीएत देवी, अनिता देवी, गीता देवी, सरस्वती देवी, सुनीता देवी, प्रमिला देवी, दसरथ उराव, नितेश उराव पेरो उरांव, रौतिया उराव, छोटे मुंडा और मदन अहीर उपस्थित थे।

# धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र में रहता है अमन शांति का माहौल : अजातशत्रु

- तीन दिवसीय श्री हनुमान मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा सह यज्ञ कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल लोग।

**कैरो, लोहरदगा।** प्रखंड के नरौली गांव में विगत 12 वर्षो से बन रहे श्री हनुमान मन्दिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया गया। इस तीन दिवसीय मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आयोजन में झारखंड प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अजातशत्रु सिंह शामिल होकर सर्वप्रथम मंदिर में पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर पवनपुत्र महावीर हनुमान से क्षेत्र मे अमन, शांति सुख समृद्धि की कामना की। श्री सिंह ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से क्षेत्र मे वातावरण शुद्ध हो जाते हैं, वही प्रभु श्री राम भक्त हनुमान की कृपा से क्षेत्र मे सुख समृद्धि के साथ अमन शांति का माहौल बना रहता है।

**खास बातें :** मौके पर अयोजन समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, अमृतदास गोस्वामी, विनोद कुमार इत्यादि ने बताया कि तीन दिवसीय मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ कार्यक्रम में मंगलवार को कलश स्थापन, बुधवार को नगर भ्रमण एवं गुरुवार को प्राण-प्रतिष्ठा सह यज्ञ का कार्यक्रम आचार्य नीरज कुमार त्रिपाठी, पिंटू कुमार त्रिपाठी के आचार्यत्व में अनुष्ठान संपन्न होगा। वहीं रात्रि मे श्री राम-कथा वाचन में काफी संख्या में श्री राम की कथा का श्रवण पान करने के लिए श्रोताओं की भीड़ उमड़ रही है। मौके पर कैरो प्रखंड बीस सूत्री सदस्य शरत विद्यार्थी, पूर्व उप-प्रमुख दिलीप सिंह, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव, जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू, बाल्मीकि कुमार, कैरो महाबीर मंडल के शंभु सोनी, प्रसाद साहू, सुजीत प्रसाद, बलराम साहू इत्यादि हनुमान भक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## बैंक ने पंचायत भवन में लगाया शिविर

**चतरा।** पत्थलगड़ा प्रखंड के नोनगांव पंचायत भवन में बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा शिविर लगाया गया वहीं शिविर में सैकड़ो ग्रामीण शिविर में उपस्थित थे वहीं शिविर में बी. सी. मित्र शशि कुमार के द्वारा 20 लोगो को खाता खोला गया।

## बड़की नदी में मिला नाबालिग युवक का शव

**कान्हाचट्टी।** राजपुर थाना क्षेत्र की बड़की नदी में एक नाबालिग युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान पेलतौल कला निवासी जितेंद्र सिंह के पुत्र सिंटू कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिए। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## चार वर्षों में सड़क कार्य अधूरा

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर कपूरी चौक से कांडी तक 58 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क संवेदक व सम्बन्धित विभाग के लापरवाही से चार वर्षों में भी पूरा नहीं हो सका है। कई जगहों पर अभी भी सड़क अधूरा रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच साड़ी का वितरण

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में मुख्य पथ स्थित दीपक इलेक्ट्रिक के समीप ग्रुप के उपाध्यक्ष राकेश बाबू सर्राफ की माता रामसखी देवी की पुण्यतिथि पर दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच साड़ी का वितरण किया गया।

## बड़की नदी में मिला बालक का शव

**कान्हाचट्टी।** राजपुर थाना क्षेत्र की बड़की नदी में एक बालक का शव मिला है। शव की पहचान पेलतौल कला निवासी जितेंद्र सिंह के पुत्र सिंटू कुमार के रूप में हुआ। पुलिस को सोमवार की शाम सूचना मिली थी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। बालक की उम्र 15 साल के लगभग बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिए। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## बिजली तार के चपेट में विधुत कर्मी झुलसा

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित कोडरमा पावर सब स्टेशन में बुधवार की सुबह करीब 10 :30 बजे सब स्टेशन में आए खराबी सुधारने के क्रम में विद्युत कर्मी हीरोडीह निवासी 30 वर्षीय प्रकाश सिंह पिता विजय सिंह हाई वोल्टेज बिजली तार के चपेट में आ गया। जिसमें वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। रिम्स में इलाज जारी है।

## नवनियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** शिक्षा विभाग कोडरमा द्वारा कोडरमा स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में नवनियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों का 11 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन शामिल हुए। वहीं उपायुक्त श्री रंजन द्वारा नवनियुक्त शिक्षकों को विद्यालय प्रशासन एवं प्रधानाचार्य के दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## वसुंधरा राजे सिंधिया 12 जून को बगोदर में जनसभा में करेगी संबोधित : राकेश

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला की एक बैठक रॉयल सेलिब्रेशन झुमरी तिलैया में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी तथा संचालन जिला महामंत्री अनुप जोशी ने किया। बैठक में प्रदेश के प्रभारी राकेश प्रसाद एवं केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ.नीरा यादव, जमुआ विधायक केदार हाजरा, बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, उपस्थित हुए। वहीं कार्यक्रम प्रभारी राकेश प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 9 साल पूरे होने पर 12 जून को कोडरमा लोकसभा के बगोदर स्टेडियम में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य रुप से राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया उपस्थित रहेंगी।

# अवैध संबंध की शक में चाकू से गोदकर की थी पत्नी की हत्या : एसडीपीओ

### पुलिस ने किया शहीदा बीबी हत्याकांड का किया खुलासा, पति ही था हत्यारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर/रमना।** थाने की पुलिस ने गत दिनों शहीदा बीबी नामक महिला की हुई हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। उसकी हत्या कोई और ने नहीं बल्कि खुद उसका पति जैनुल अंसारी ने एक सुनियोजित साजिश के तहत की थी। यह जानकारी बुधवार को एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने दी। उन्होंने कहा कि जैनुल अंसारी ने अनुसंधान के दौरान बताया कि उसने अपनी पत्नी शहीदा बीबी की हत्या किसी से नाजायज संबंध होने की शक के आधार पर की है। पूछताछ के दौरान उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने बताया कि पूछताछ के दौरान जैनुल अंसारी ने बताया कि उसे अपनी पत्नी सहीदा बीबी के चरित्र पर शक था। जिस कारण उसने सुनियोजित तरीके से हत्या को अंजाम दिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू, अभियुक्त का हत्या के दौरान पड़े खून के छींटे वाला कपड़ा, मोबाईल के अलावे ट्रेन टिकट बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गत दिनों रमना थाना क्षेत्र के टंडवा गांव के चौकीदारी महुआ के पास से सहीदा बीबी नामक महिला का शव बरामद किया गया था। एसपी के निर्देश पर टीम का गठन किया गया था। जिसमें एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, रमना के थाना प्रभारी कृष्णकांत कुशवाहा, एएसआई विवेक कुमार पंडित, महिपाल पूर्ति को शामिल किया गया था। एसडीपीओ ने बताया कि अनुसंधान के दौरान मृतका के पति जैनुल अंसारी को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी धुरकी थाना क्षेत्र से की गई है। पूछताछ में उसने हत्या की बात कबूल कर ली। उन्होंने बताया कि जैनुल अंसारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रेसवार्ता में एसडीपीओ के अलावे रमना थाना के थाना प्रभारी कृष्णकांत कुशवाहा एवं विवेक पंडित भी मौजूद थे।



प्रेसवार्ता करते एसडीपीओ

**जैनुल ने तमिलनाडु में बनायी थी पत्नी की हत्या की प्लानिंग :** श्री बंशीधर नगर/रमना। जैनुल ने अपनी पत्नी की हत्या की प्लानिंग तमिलनाडु में ही बनायी थी। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के दौरान जैनुल ने बताया कि वह तमिलनाडु में मजदूरी का काम करता था। वह दस पंद्रह दिन पूर्व ही घर से तमिलनाडु गया था। वह अपनी पत्नी के पास जब भी कॉल करता था तो उसका मोबाईल व्यस्त बताता था। वह किसी की सुनती नहीं थी और मनमाने तरीके से काम करती थी। जिससे उसे पत्नी पर किसी और से नाजायज संबंध होने का शक हुआ था। उन्होंने बताया कि इसी शक को लेकर उसने एक सुनियोजित तरीके से हत्या की प्लानिंग बनाई। वह अपनी पत्नी को कॉल कर मिलने की बात बताई। साथ ही वह कहा कि मन नहीं लग रहा है मैं मिलने आ रहा हूं किसी को खबर नहीं होनी चाहिये। मिलकर मैं पुनः तमिलनाडु चला जाऊंगा। एसडीपीओ ने बताया कि जैनुल 28 मई को नगर ऊंटारी ट्रेन से पहुंचा और नगर ऊंटारी के एक दुकान से उसने चाकू खरीदी। फिर प्लान के मुताबिक टंडवा पहुंचकर अपनी पत्नी को घर से कुछ दूरी पर स्थित चौकीदारी महुआ के पास बुलाया। पत्नी से मिलने के बाद वह पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि पत्नी पर तबतक वार करते रहा जबतक की सहीदा की मौत न हो जाय। पत्नी की हत्या करने के बाद उसने मामले को डायवर्ट करने के लिये वहां चाकू, कंडोम आदि रखकर वहां से रात में ही फरार हो गया। उसने नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के पास एक गुमटी के ऊपर हत्या के दौरान पड़े खून के छींटे वाला कपड़ा को फेंक कर जबलपुर के लिये निकल गया।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने एवं दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में दोषी करार

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** एसटी 139/2014 की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने बुधवार को कांड के अभियुक्त अमरजीत बारहपुरिया पिता स्व.मानिकचंद को 306 एवं 498ए आईपीसी के तहत दोषी ठहराया है तथा सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 2 जून जून शुक्रवार मुकर्रर की है। बताते चलें कि यह तिलैया थाना क्षेत्र स्थित पूर्णिमा टॉकीज के पीछे का मामला है। जिसे लेकर उस समय काफी चर्चित रहा था। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीके मंडल ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया, वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाया।

## जिले के युवाओं को विकास योजना से अच्छादित करते हुए प्रशिक्षित करें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, कोडरमा के सौजन्य से दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त आदित्य रंजन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला में प्रणव सिन्हा स्टेट रिसोर्स पर्सन द्वारा द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के बारे में विस्तार से बताया। उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को योजना से अच्छादित करते हुए प्रशिक्षित करें। उन्होंने सभी पीआईएएस से कहा कि नियोजन कार्यालय, श्रम विभाग से सूची लेते हुए सभी युवाओं से संपर्क करें और उन्हें प्रशिक्षण दें। डीडीयू-जीकेवाई दीन दयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का अभिन्न अंग है, जिसके तहत झारखंड राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बेरोजगार युवाओं को उनके रूचि एवं आकांक्षा के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर आर्थिक रूप से स्वतंत्र एवं नियमित वेतन आधारित रोजगार से जोड़ा जाता है।

## खौराकला मे एक वर्ष से जलमीनार खराब

**ग्रामीण परेशान, अबतक कोई पहल नहीं**

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** गर्मी के मौसम के मद्देनजर पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कई पदाधिकारियों के कांटेक्ट नंबर सार्वजनिक किए गए थे। लोगों से सूचना मिलने के बाद दो दिनों के भीतर चापाकलों, जल मीनारों को ठीक करने का वादा किया गया था। इधर स्थिति ऐसी है कि इटखोरी प्रखंड के खौरा कला गांव में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निर्मित ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना पिछले एक वर्ष से ठप पड़ी हुई है। मरम्मत का कार्य होने के बावजूद इस ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना की दशा नहीं सुधरी है। गर्मी के इस मौसम में गांव में पेयजल की भारी किल्लत हो गई है। मलकपुर पंचायत की पंचायत समिति सदस्य सुप्रिया सिंह ने बताया है कि एक दशक पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना का निर्माण किया गया था।

योजना निर्मित होने के बाद इस गांव में लोगों को पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध होने लगा। इसी बीच ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना में खराबी आने के कारण पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा मरम्मत का कार्य चलाया गया। लेकिन जिस संवेदक ने इस योजना में मरम्मत का कार्य किया उसने इसकी दशा और बिगाड़ कर रख दी। ग्रामीण बताते हैं कि संवेदक पेयजल आपूर्ति योजना का स्टार्टर मशीन मरम्मत के नाम पर दो माह पूर्व अपने साथ ले गया है। लेकिन आज तक उसने स्टार्टर मशीन को लाकर नहीं लगाया है। ग्रामीणों के द्वारा इसकी शिकायत विभाग के कार्यपालक अभियंता से भी की गई है।

## निजी विद्यालय में बीपीएल बच्चों का हो नामांकन : बाल आयोग

**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखण्ड सरकार की सदस्या रूचि कुजुर और आभा वीरेंद्र अंकिचन दो दिवसीय भ्रमण और निरीक्षण कार्यक्रम में कोडरमा प्रवास पर हैं। आज क्षेत्र निरीक्षण में सर्वप्रथम कोडरमा प्रखंड की सलाईडीह आंगनबाड़ी केंद्र जिसमे सेविका मीना देवी और डोमचांच प्रखंड के सिगंलोडीह आंगनबाड़ी केंद्र जिसकी सेविका उषा देवी और सहायिका सरिता देवी साथ में महिला पर्यवेक्षका पूनम कुमारी के साथ केंद्र की जानकारी प्राप्त किया। खनन क्षेत्र में बाल मजदूरी विषय पर जानकारी प्राप्त करने के लिए खनन निरक्षक अभिजीत मजूमदार के साथ डोमचांच क्षेत्र के क्रेशर का जांच किया। उपायुक्त आदित्य रंजन से बाल आयोग की सदस्य रूचि कुजुर, आभा अंकिचन ने मिलकर अपने भ्रमण कार्य से अवगत कराया।

## उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग कोडरमा द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त आदित्य रंजन के द्वारा समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा के रवाना किया गया। जिसका मकसद आम लोगों में तंबाकू एवं इसके उत्पादों से होने वाले नुकसान से जागरूक करना है। उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर आमजनों को तंबाकू एवं इसके उत्पादों से होने वाले नुकसान से जागरूक करेंगी।

## आर्म्स एक्ट में फरार आरोपी धनबाद से गिरफ्तार

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खां ने गुप्त सूचना के आधार पर कई महीनों से फरार चल रहे अप्राथमिकी अभियुक्त 36 वर्षीय नरेश ठाकुर पिता स्व. सुखदेव ठाकुर ग्राम भीमेडीह थाना नवलशाही निवासी को धनबाद के बलियापुर से गिरफ्तार कर डोमचांच थाना लाये, जिसे बुधवार को जेल भेज दिया गया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त कई महीनों से फरार था और धनबाद में छुपा हुआ था।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति लाएं संवेदनशीलता: डीसी

### मिशन लाइफ पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा क्रियान्वित मिशन लाइफ की कार्यशाला उत्तरी वन प्रमंडल चतरा के द्वारा आयोजित की गई। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त द्वारा मिशन लाइफ के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु विभिन्न थीम्स के तहत संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई जिसमें मुख्यतः पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, प्लास्टिक से बने चीजों में कटौती, स्वस्थ जीवनशैली अपनाना आदि जैसे कार्यों के बारे में प्रचार प्रसार करने की बात कही। वहीं वन प्रमंडल पदाधिकारी ने उपरोक्त बिंदुओं पर और बल देते हुए कहा कि पर्यावरण के संरक्षण और इसके सुधार के लिए हमें अपने जीवनशैली में पर्यावरण संरक्षण के प्रति और सजगता अपनाने की बात कही। अंत मे उपायुक्त ने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता बताते हुए कहा कि हम सभी को अपने निजी जीवन मे पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता लाने की अत्यंत आवश्यकता है और अपने दिनचर्या में हर वो सूक्ष्म कार्य करना है जो पर्यावरण संरक्षण के हित मे हो। जैसे कि प्लास्टिक के उपयोग में न्यूनता लाना, विद्युत उपकरणों का कम उपयोग करना, अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना और प्रत्येक दिन पैदल चलना आदि। उन्होंने कहा कि सबसे पहले पदाधिकारियों को इसकी पहल करने की जरूरत है क्योंकि समाज अकसर उनका अनुसरण करता है और उनसे प्रेरित होता है। उक्त कार्यशाला में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर में

## फैक्ट्री में मजदूर की गिरकर मौत

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो में जेके आई इंफ्रास्ट्रक्चर फैक्ट्री में मंगलवार की रात काम के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान गया जिले के बाराचट्टी निवासी 40 वर्षीय मतलु यादव पिता बाबूलाल यादव की रूप में हुई है। बता दें कि मृतक मतलु यादव फैक्ट्री में बिना किसी सुरक्षा के काफी ऊपर चढ़ा हुआ था और वापस लौटने के क्रम में ऊपर से सीधा नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही तिलैया थाना प्रभारी विनोद आनंद अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस इस मामले की गंभीरता पूर्वक जांच कर रही है।

## हाथी ने मिट्टी के मकान को तोड़ा

**सतगांवा (कोडरमा)।** अम्बाबाद पंचायत के खिरीकला गांव में सोमवार देर रात जंगली हाथी नेे जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने खिरीकला गांव में पहुंचकर का मिट्टी के खपरैल मकानेे के दरवाजा तोड़ दिया और घर में रखे सामग्री को तहस नहस कर दिया। वहीं खेत मेंे लगे 10 केला के पेड़ को नष्ट करते हुए केला को चट कर गया। हाथियों के झुंड सेे बिछड़े एक हाथी इलाका में खलबली मचा रहा है, इधर मंगलवार को पेलनी जंगल क्षेत्रे में हाथी के रहने की सूचना है। पीड़ित मिलियानुज करकेटा ने बताया कि उनका घर कोे ध्वस्त करते हुए मुख्य दरवाजा को तोड़कर घर में रखे सभी सामग्री को नष्ट कर दिया।

## नामांकन के लिए 1148 बच्चों ने दी परीक्षा

**कोडरमा।** जिले में राज्य सरकार की ओर से सीबीएसई पैटर्न पर पढ़ाई कीे व्यवस्था को लेकर उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चयनित 3 स्कूलों में नामांकन के लिए मंगलवार को चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कुल 1201 परीक्षार्थियों में 1148 शामिल हुए, जबकि 53 अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा का केंद्रे चयनित विद्यालय में ही बनाए गए थे। वहीं सीडी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय तिलैया में कुल 718 परीक्षार्थियों में 638, सीएम प्लस टू उच्च विद्यालय डोमचांच में 346 में 334 एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जयनगर में 137 में 136 परीक्षार्थी उपस्थित हुए।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरो नावाडीह में बुधवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं मृतक की पहचान 19 वर्षीय विकास कुमार दास पिता राजेश दास नीरो नावाडीह निवासी के रूप में हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि हम सभी मंगलवार रात को खाना खाकर अपने अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। सुबह जब कमरे का दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाया दरवाजा नही खोलने के बाद दरवाजा तोड़कर देखा तो फांसी के फंसे पर लटका था। वहीं घटना के सूचना मिलते ही कोडरमा थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर भेजा, जहां चिकित्सकों ने शव का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस इस मामले की गहनता से जांच में जुट गई है।

## गुमसुदगी को लेकर आवेदन

**कोडरमा।** थाना में एक व्यक्ति की गुमसुद्गी को लेकर मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय वसीम पिता जमरुद्दीन, ग्राम दानपुर, थाना डिबई, जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश उप्र. निवासी ने कोडरमा थाना में अपने भाई 32 वर्षीय कमल हसन पिता जीमल के गुमसुद्गी को लेकर आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में बताया गया कि हमलोग कोडरमा थाना अन्तर्गत जलवावाद जामा मस्जिद के विवाह हॉल में कमरा लेकर रहते हैं। हमलोग दरी चादर प्लास्टिक तिरपाल आदि घुमकर बेचते हैं। 19 मई 2023 को मेरा भाई फेरी करने बोलकर निरु पहाड़ी के तरफ गया। जब शाम को लौटकर नहीं आया तो हमलोगों के द्वारा काफी खोजबिन किया गया, परन्तु कोई पता नहीं चला। वहीं आवेदन मिलने पर पुलिस ने व्यक्ति की खोज में गहनता से जुट गई है।

## मारपीट में एक युवक घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरियाटांड में मंगलवार देर रात मारपीट में डुमरियाटांड निवासी 27 वर्षीय संदीप राय पिता मदन सिंह घायल हो गये। घायल युवक ने बताया कि छक्कू सिंह पिता चेतलाल सिंह जो गांव में किराना दुकान चलाता है और अवैध महुआ शराब की भी बिक्री करता है। मंगलवार को मैं उसके दुकान पर कुछ सामान लाने के लिए गया। जहां कुछ लोग शराब पी रहे थे। मैं शराब बेचने का विरोध किया। जिसके बाद वो मेरे साथ हाथापाई कर लिया। जिसके बाद मैं घर चला गया। वहीं मंगलवार देर रात मैं शौच करने के लिए घर से बाहर निकला। जहां पहले से ही घात लगाए छक्कू सिंह पिता चेतलाल सिंह, सुरेश सिंह पिता चेतलाल सिंह व रेणु देवी पति छक्कू सिंह ने लाठी डंडे व चाकू से मुझपर वार कर फरार हो गया। जिसके बाद मेरे परिजनों ने कोडरमा थाना को सूचना देकर मुझे सदर अस्पताल ले आये। वहीं घटना के जानकारी मिलने पर कोडरमा थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## फरार अभियुक्त के घर इश्तिहार

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत करियाबर गांव में बुधवार को चंदवारा पुलिस ने अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपका कर हाजिर होने का सूचना दिया। ज्ञात हो कि चंदवारा थाना कांड संख्या-14/2022 के वारंटी अभियुक्त करियाबर निवासी लालजीत कुमार यादव पिता विशुन यादव पर चंदवारा थाना कांड संख्या 14/2020 दिनांक 25 फरवरी 2022 धारा-379 भाद्रवी. का फरार अभियुक्त है। जो विगत कई दिनों से फरार चल रहा था। चंदवारा पुलिस के द्वारा काफी खोजबीन किया किया गया, जो पकड़ से बाहर है। जिसके विरुद्ध माननीय न्यायालय के द्वारा इश्तिहार निर्गत होने पर चंदवारा पुलिस एसआई राजेंद्र कुमार राणा, एसआई सुधीर सिंह, सशस्त्र बल व कोडरमा थाना पुलिस के मदद से ढोल नगाड़ों के साथ उसके घर पर इश्तिहार चिपकाकर हाजिर होने का सूचना दिया गया।

## सर्पदंश से बच्ची की मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरियाडीह में बीती रात जहरीला सांप काटने से एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान 8 वर्षीय आईसा कुमारी पिता मंटू मेहता के रूप में की गई है। बच्ची घर में सो रही थी, इसी दौरान उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया। जिसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

## आयोग की सदस्य पहुंची जेएमएम जिला अध्यक्ष के घर

**कोडरमा।** दो दिवसीय दौरे पर कोडरमा पहुंची राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रुचि कुजुर बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह के निधन पर शोकाकुल परिजनों से मिलने उनके पैतृक आवास जयनगर प्रखंड स्थित डडाडीह पहुंची और उनके चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पित किया और परिजनों को ढांढस बंधाया।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर दिलाया शपथ

**जयनगर (कोडरमा)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रखंड कार्यालय कर्मी को बीडीओ अरुणा कुमारी ने बुधवार को शपथ दिलाई। वहीं उन्होंने किसी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करने व अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करने, हमे भोजन चाहिए तंबाकू नहीं के उद्देश को पूरा करने में पूर्ण सहयोग करने, जीवन पर्यंत तंबाकू का सेवन नहीं गाने साथ में दूसरों को भी तंबाकू सेवन से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक करें एवं तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करने का वचन दिलाई एवं अपने कार्यस्थल एवं कार्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त करें के लिए अपने समर्थन क्षमताओं का प्रयोग करने अपने समाज को तमाकू में बनाना मैं अपना संपूर्ण योगदान देने की शपथ दिलाई।

## स्पीड न्यूज

### चेक बाउंस के मामले में 9 माह की सजा 6 लाख जुमार्ना

**बालूमाथ।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने बालूमाथ प्रखड के सेरेगड़ा निवासी रवि कुमार यादव पिता भोला महतो को चेक बाउंस के एक मामले में 9 महीना की कारावास एवं छः लाख रुपए जुमार्ना भुगतान करने का आदेश पारित किया है। जुमार्ना की रकम जमा नहीं करने पर चार महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई है। रवि कुमार यादव पर बालूमाथ निवासी सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने वर्ष 2019 में परिवाद दायर किया था जिसमे कहा गया था कि रवि कुमार यादव ने सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता से कुल 670000 रुपया लिया था जिसके एवज मे ईंट की आपूर्ती करनी थी किन्तु तय सौदा के मुताबिक रवि यादव ईंट की आपूर्ती नही किया। मजबूरन सुरेंद्र गुप्ता के द्वारा न्यायालय में परिवाद दाखिल किया गया था जिनकी ओर से अधिवक्ता प्रदीप उपाध्याय ने पैरवी की।

### गरिमा सिंह ने इंटर कला संकाय में झारखंड में पांचवां स्थान

**लातेहार।** लातेहार की गरिमा सिंह ने जैक द्वारा जारी इंटर आर्ट्स स्ट्रीम में झारखंड में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। जिले के बाजारटांड़ निवासी शैलेंद्र प्रताप सिंह की बेटी गरिमा सिंह रांची के उर्स लाइन इंटर कॉलेज की छात्रा है। गरिमा ने 461 अंक प्राप्त किया है। मीडिया से बात करते हुए गरिमा के पिता शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गरिमा बचपन से ही पढ़ने में तेज थी। वहीं अपनी सफलता को लेकर गरिमा ने बताया की वह सिविल सर्विस में जाकर देश की सेवा करना चाहती है। गरिमा की इस उपलब्धी पर लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं।

### सर्पदंश से युवक अचेत, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ बालूमाथ रेलवे कोल सायडिंग के समीप सांप के काटने से एक युवक अचेत हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जगदीश उरांव 35 वर्ष पिता पतिया उरांव ग्राम बसिया थाना बालूमाथ निवासी रेलवे सायडिंग के पास सड़क पार कर रहा था इसी दौरान एक विषैले सांप में पैर पड जाने पर उसने डंस लिया। जिससे युवक अचेत हो गया। स्थानीय लोगो की सहायता से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।


### पूर्व विधायक ने किया छड़ सीमेंट प्रतिष्ठान का उद्घाटन



छड़ सीमेंट दुकान का उद्घाटन करते पूर्व विधायक


**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत बरछिया मुख्य मार्ग के समीप सिमेंट छड़ प्रतिशठान का उद्घाटन पूर्व विधायक प्रकाश राम, पंचायत के मुखिया राजीव गभत, समाज सेवी देवनंनद प्रसाद कृष्ण यादव, बजरंग प्रसाद, सागर सिंह, गोविन्द प्रजापति, राजेश प्रजापति व संचालक सोनु प्रजापति ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना के पश्चात नारियल फोड़ व फीता काट कर किया। पूर्व विधायक राम ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बरछिया मे इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। वही संचालक सोनु प्रजापति ने कहा कि मेरे दुकान मे छड़ सिमेंट, अल्बेस्डस, रिंग सहित ढलाई के सभी सामग्री उचित दामों पर उपलब्ध हैं। मौके पर कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस में गंभीर रूप से घायल हुआ यात्री



**बरवाडीह।** डालटनगंज-बरकाकाना सीआइसी सेक्शन अंतर्गत बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर सासाराम-रांची इंटरसिटी डाउन एक्सप्रेस में एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बुधवार की सुबह सात बजे के आसपास की है। मिली जानकारी के अनुसार गढ़वा जिले के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत भुखला ग्राम निवासी प्रयाग राम (50) इंटरसिटी एक्सप्रेस में काफी भीड़ होने के कारण प्रवेश द्वार पर बैठकर यात्रा कर रहें थे। इस दौरान बरवाडीह स्टेशन पर पहुंचते ही उनका दाहिना पैर प्लेटफार्म की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार और स्टेशन मास्टर मुकेश कुमार के द्वारा मामले की सूचना रेलवे चिकित्सक को दी गई। जिसके बाद रेलवे अस्पताल के कर्मियों के द्वारा घायल यात्री के पैर की पट्टी मरहम करके रेलवे के एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह ले जाया गया। जहां सीएचसी के चिकित्सक की देखरेख में घायल यात्री का उपचार ड्रेसर राजेश चंद्र सिन्हा ने किया।

### इंटर संकाय की परीक्षा मे सूरज ने 411 अंक लाकर प्रखंड टॉपर बना



**बारियातू।** परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र सुरज कुमार, पिता कुलेश्वर प्रसाद ने 411 अंक लाकर प्रखण्ड टॉपर बना। वहीं पंकज उरांव पिता विनोद उरांव 409, (81.8%) लाकर दूसरा स्थान व युवराज कुमार पिता निरंजन यादव 395, (79%) तीसरा स्थान, मंजीत कुमार पिता गंगा भुइयाँ 291,(78.2)लाकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। चारो विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने -अपने गुरुजनों और माता पिता को दिया है। वही सफलता के बाद प्राचार्य गीता कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रा के घर जाकर उसे मिठाई खिलाई और सफलता पर बधाई दी।

## चंदवा पुलिस ने बिजली पोल चोरी के आरोप में प्रखंड प्रमुख पति समेत 4 को किया गिरफ्तार

# 10 टन लोहा, ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, गैस कटर बरामद

➡ चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़मा के समीप से हुई है गिरफ्तारी व बरामदगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के बरवाटोली के मड़मा गांव के समीप से छापामारी अभियान चलाकर बिजली का पोल चोरी कर ले जा रहे चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया। दिलचस्प बात यह है कि गिरफ्तार चोरों में प्रखंड प्रमुख के पति राजू उरांव भी शामिल हैं, जिन्हे चोरी का मास्टरमाइंड बताया गया है। चंदवा थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमारी व पुअनि धर्मेन्द्र महतो ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लोहे की बिजली के पोल को चोरी के उद्देश्य से गैस कटर से काटकर इकट्ठा किया जा रहा है तथा ट्रैक्टर में लोड कर ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना के आलोक में टीम गठित कर कार्रवाई की गई, इसी क्रम में मड़मा गांव के समीप सड़क पर



गिरफ्तार अभियुक्त व जानकारी देते अधिकारी।

चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मड़मा से बेतर की ओर एक मोटरसाइकिल व उसके पीछे एक ट्रैक्टर को आते देखा गया। जिसे छापामारी दल के द्वारा रोका गया। मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति से पूछताछ में उसने अपना नाम संतोष उरांव पिता स्व.परमेश्वर उरांव (बेतर चंदवा) व ट्रैक्टर चालक अपना नाम मो. इरशाद अंसारी पिता स्व. रहीम अंसारी (बलसोकरा, मदरसा चौक चान्हो रांची) वहीं ट्रैक्टर में बैठा एक अन्य युवक ने अपना नाम अरविंद उरांव पिता स्व. दीपता उरांव (बेतर चंदवा) बताया। ट्रैक्टर की जांच करने पर ट्रॉली में लगभग 3 टन लोहे का बिजली के पोल को छोटे-छोटे टुकड़ों में लोड पाया गया साथ ही गैस कटर व सिलेंडर भी बरामद किया गया। पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर में लोड लोहे का कोई वैध कागजात नहीं है साथ ही यह भी बताया कि ग्राम बेतर के प्रमुख पति राजू उरांव पिता स्व. राखो उरांव के कहने पर बिजली के पोल को काटकर चोरी कर लाया जा रहा है तथा राजू उरांव के कहे स्थान पर ले जाया जा रहा है। संतोष उरांव ने बताया कि उनके द्वारा मोटरसाइकिल से रेकी की जा रही थी, पकड़े गए तीनों व्यक्तियों के निशानदेही पर प्रमुख पति राजू उरांव को गिरफ्तार किया गया। जिसने अपनी संलिप्तता स्वीकार की व पकड़े गए व्यक्तियों की निशानदेही पर करीब 10 टन चोरी कर लोहा बरामद किया गया। गिरफ्तार चारों अभियुक्तों को अग्रसर कार्रवाई के बाद बुधवार को मंडल कारा भेज दिया गया। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 118/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी अभियान में पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार, पुअनि कुंदन कुमार, नारायण यादव, जमील अंसारी व सैट 202 के जवान शामिल थे।

## मृतक मजदूर के दाह संस्कार में शामिल हुए युवा नेता विजय बहादुर सिंह, दी आर्थिक मदद

# परिजनों को सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन

➡ धनबाद में करेंट की चपेट में आकर हो गई थी मजदूर संजय राम की मृत्यु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** धनबाद अंतर्गत रेलवे में काम कर रहे बरवाडीह के मोरवाई पंचायत के मजदूर संजय राम की करंट की चपेट में आने से हुई मौत के बाद परिजनों ने आज उनका दाह संस्कार किया। इस दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह और पंचायत के मुखिया आशीष सिंह ने मृतक के घर पहुंच उनकी पत्नी और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया। जहां



परिजनों को आर्थिक मदद करते विजय बहादुर सिंह।

युवा नेता विजय बहादुर सिंह ने परिजनों को आर्थिक मदद करने का काम किया। वहीं उन्होंने दुख व्यक्त करते कहा कि परिवार में संजय राम की कमी की भरपाई तो नहीं हो सकती है, लेकिन पूरा कांग्रेस परिवार परिजनों के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ा रहेगा। वहीं उन्होंने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से बात कर सरकारी प्रावधान अंतर्गत मृतक की पत्नी को आवास, विधवा पेंशन सहित अन्य पारिवारिक लाभ शीघ्र उपलब्ध कराने को लेकर आश्वस्त किया है। बता दें कि रेल में दैनिक वेतन पर मजदूरी कर रहे संजय राम की मौत पोल लगाने के क्रम के बिजली की चपेट में आने से हो गई थी। कंपनी ठिकेदार की लापरवाही के कारण इस घटना में और भी कई मजदूरों को अपनी जान गवानी पड़ी है। इस घटना के बाद मृतक मजदूर संजय राम के परिजनों के समक्ष दुखों का पहाड़ खड़ा हो गया है। संजय राम अपने माता-पिता का इकलौता बेटा होने के साथ घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। उसकी चार बेटी और एक दो वर्ष का बेटा है। अब उनका भरा-पूरा परिवार कैसे चलेगा। यह बात उनके परिजनों की जेहन में आते ही रोंगटे खड़े कर दें रहा है, और इस घटना के बाद उनके परिवार और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

### कुएं में डूबने से अधेड़ की संदेहास्पद मौत



**चंदवा।** थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत अंतर्गत भदईटांड गांव में कुएं में डूबने से अधेड़ बरनाबास टोप्पो पिता स्व. पितरूस टोप्पो की संदेहास्पद मौत हो गयी। बुधवार की सुबह चंदवा पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया व जांच पड़ताल तेज कर दिया है। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र मुकेश टोप्पो ने बताया कि रविवार की शाम से उनके पिता घर से गायब थे, काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नही चला, इसी बीच सोमवार को वह रांची चला गया, मंगलवार को वापस लौटने के बाद घर के कुछ दूरी स्थित कुएं से खेत मे पटवन करने के लिए पम्प से पानी निकालने लगा, इसी क्रम में कुएं में तैरते शव पर उनकी नजर पड़ी। जिसके बाद उन्होंने घटना की सूचना ग्राम प्रधान सावन पुजेर व ग्रामीणों को दी। जिनके सुचना पर मंगलवार की रात्रि चंदवा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकाला व कब्जे में ले लिया। पुलिस की माने तो प्रथम द्दष्टया अत्यमहत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत कैसे हुई है इसका खुलासा हो पायेगा। इधर नाम नही छापने के शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के सर व शरीर के कई हिस्सों में गम्भीर चोट के निशान देखा गया है। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि मृतक व उनके पुत्र के बीच लंबे समय विवाद चल रहा था व मृतक का पुत्र अक्सर मारपीट करता था।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर निकाला गया कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के डाढा पंचायत अंतर्गत बचरा गांव स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ शिव-परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर कलश यात्रा के साथ कलश स्थापना किया गया। कलश यात्रा मे अयोध्या से आए आचार्य अनुज शुकल पुरोहितो द्वारा कलशयात्रा मंडल पुजन एवं कलश स्थापना किया। कलश यात्रा मे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिव गणेश व पार्वती जी के आकर्षक झांकी के साथ बाजे-गाजे जयकारे के साथ मंदिर परिसर से कलश उठाकर पद यात्रा कर बचरा नदी पहुंचे जहां आचार्य अनुज शुक्ल जी ने मंत्रोच्चारण व वैदिक कर्मकाण्ड के साथ गंगा पुजन तथा वरूण देव का आह्वान कर कलश में नदी का पवित्र जल भरवाया। पुनः कलश यात्रा वांसटांड़, गोड़ा टांड़ होकर यज्ञ मंडप होते हुए



कलश यात्रा मे शामिल श्रद्धालु।

पहुंचे। जहां सभा मे तब्दील हो गई। यज्ञाचार्य अनुज शुक्ल ने पुरोहितो को पुजन एवं कलश स्थापना कराया। आचार्य जी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक जून से 5 जून तक संध्या में श्रीमद भागवत ज्ञान कथा का आयोजन किया जायेगा। 6 जून को शुभ पुर्ण आहुति एवं विशाल भंडारा का भी आयोजन होगा। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम, बारियातू मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, जिप सदस्य रमेश राम, डाढ़ा मुखिया सुरेश उरांव, शिक्षक निरंजन कुमार सिंह, ब्रजमोहन राम,सरयु प्रसाद सिंह, सैलेश सिंह, अशोक कुमार सिन्हा, जय प्रकाश सिंह, सुबोध सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष कमल किशोर सिन्हा, उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह, अशोक कुमार सिन्हा, सचिव रवि शंकर सिन्हा उप सचिव रामधीन राम, कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति, उप कोषाध्यक्ष अवधेश लाल, सुरेश प्रजापति, भीम प्रजापति, रघु प्रजापति, अरूण प्रजापति सहित अनेकों श्रद्धालुओं का अहम भूमिका रहा।

## एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**लातेहार।** राज्य सरकार के लगभग तीन वर्ष से ज्यादा समय से सता में रहने के बाद भी पारा शिक्षकों से किया वादा पूरा नहीं करने से शिक्षक आक्रोशित है। 21 मई को प्रदेश स्तरीय बैठक मोरहाबादी रांची में लिए गए निर्णय के आलोक में जिला स्तरीय बैठक बुधवार को जिला अध्यक्ष अतुल कुमार की अध्यक्षता में राजकीय मध्य विद्यालय करकट लातेहार में किया गया। जिला अध्यक्ष श्री कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए प्रदेश के बैठक में लिए गए निर्णय को बताया साथ ही सभी प्रखंडों में पदाधिकारियों से चार जून को गढ़वा मंत्री मिथलेश ठाकुर के आवास पर निमंत्रण कार्यक्रम एवं 17 जून को मुख्यमंत्री के रांची आवास घेराव को सफल बनाने का आह्वान किया। सभा का संचालन बालूमाथ अध्यक्ष उमेश साहू ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रवक्ता प्रवीण सिंह ने दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष सह चंदवा प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद, मनिका अध्यक्ष समोधि यादव, प्रखंड सचिव दिलीप प्रसाद ने संबोधित किया। जिला अध्यक्ष द्वारा सभी की सहमति से कुछ प्रखंडों का विस्तार किया गया। बैठक में दिनेश ठाकुर, मनोज मिंज, सीताराम सिंह, भुनेश्वर पांडे, उदय प्रसाद, कपिल प्रसाद, फूलचंद यादव, अनोरा खलखो, प्रदीप कुमार दुबे, राजेश्वर महतो, उपेंद्र दुबे, अरविंद सिंह, रामजी उरांव, राजनाथ सिंह, जगदीश प्रजापति, पांडु सिंह, संतोष राम, प्रसन्न गिद्ध, इंद्रदेव उरांव, कृष्ण कुमार राम समेत सभी दसों प्रखंडों के पदाधिकारी एव उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### वाणिज्य की परीक्षा में बालूमाथ के बच्चों ने मारी बाजी



दिलीप कुमार भोगता।



नेहा दीपलाल ।



प्रीति कुमारी ।

**बालूमाथ।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा कॉमर्स (वाणिज्य) की परीक्षा के जारी किये रिजल्ट में बालूमाथ के बच्चों ने लातेहार जिला मे क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। जिसमें दिलीप कुमार भोक्ता पिता दीपलाल भोक्ता ग्राम चिरू ने 449 अंक लाकर जिला टॉपर बना। वहीं नेहा कुमारी पिता नंदलाल केसरी ग्राम बालूभांग 445 अंक लाकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वही की तीसरे स्थान पर प्रीति कुमारी पिता तिलकधारी साव ग्राम नगड़ा ने 440 अंक लाकर जिले में तीसरे स्थान पर रही।यह सभी विद्यार्थी बालूमाथ राजकीयकृत उच्च विद्यालय के छात्र हैं। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। बता दें कि यह पहली बार है की जब बालूमाथ से सभी प्रथम, द्वितीय और तृतीय जिला कामर्स टॉपर बालूमाथ राजकीय कृत उच्च विद्यालय से है।

## एक नजर में

### उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में भवन निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



बैठक करते डीसी व अन्य।

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में बुधवार को भवन निर्माण विभाग से संबंधित विभिन्न लंबित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में आश्रम विद्यालय मनिका, मॉडल एकलव्य विद्यालय,लातेहार, पीएचसी, चंदवा, विभिन्न प्रखंडों में एसीआर भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा, समेत विभिन्न प्रखण्डों में भवन निर्माण विभाग द्वारा संचालित विकास कार्य की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में डीएमएफटी एवं एससीए के तहत संचालित योजनाएं की समीक्षा कर लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि विवाद या उससे संबंधित कारणों से कार्य को पूर्ण करने में हो रही परेशानी को विहित प्रपत्र में समुचित जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल को लंबित योजनाओं को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में नोडल पदाधिकारी डीएमएफटी बंधन लांग, नोडल पदाधिकारी, एससीए सुजीत सिंह, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमंडल अभय कुमार राय व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन

**लातेहार।** झालसा रांची के दिशा निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश लातेहार अखिल कुमार के मार्गदर्शन में मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 31 मई 2023 किया गया। ज्ञात हो कि 29 मई से 14 जून तक सिविल कोर्ट परिसर में परिसर में मन का मिलन पकवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आज कुल 6 मामलों का सुनवाई किया गया और 3 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें दो मामले परिवारिक विवाद और एक मामला चेक बाउंस का है। मन के मिलन पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य मध्यस्था के प्रति सामान्य जनमानस को जागरूक करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव ने जानकारी दी कि मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता है। मन का मिलन पखवाड़ा के तहत पक्षकारों के मध्य सुलह-समझौता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मध्यस्थतकर्त्ता के साथ पुलिस पदाधिकारी भी मौजुद रहेंगे। मध्यस्थता के प्रति सामान्य जनमानस को जागरुक करना इस आयोजन का मुल मंत्र हैं।

### राज टायर नामक दुकान का हुआ उद्घाटन



उद्घाटन करते राजेंद्र साहू।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ पुराना कस्तूरबा विद्यालय के समीप बुधवार को राज टायर नामक व्यवस्यायिक प्रतिष्ठान का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू और बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। मौके पर बोलते हुए पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड में सीसीएल द्वारा दो कोलियरी संचालित है। यहां मालवाहक गाड़ियो का परिचालन होता है। इसलिए नामी कंपनी अपोलो का टायर दुकान खुलने से गाड़ी मालिकों को लाभ होगा। वहीं दुकान संचालक सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि बड़े-छोटे सभी गाड़ियो का नामचीन ब्रांड अपोलो का टायर उचित दर पर उनके यहां उपलब्ध है। सभी टायर में गारंटी-वारंटी भी है। मौके पर पंडित दीपक मिश्रा, राजू कुमार, अर्जुन साव, चेतन कुमार, विनय कुमार, ब्रजेश साव, प्रमोद कुमार, टीपू खान सहित कई लोग मौजूद थे।

### डीलर की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड के चामातु ग्राम के ग्रामीणों ने लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दर्जनों ग्रामीणों ने आवेदन देकर राशन डीलर पर कम राशन देने का आरोप लगाया है। मुकेश कुमार साव समेत कई लाभुक ने बताया कि चमातु ग्राम के डीलर रामानुज प्रसाद, सरकारी प्रावधान के अनुरूप मनमानी करते हुए दुकान को चलाते हैं। कार्ड धारीयों को प्रति युनिट साढ़े चार किलो प्रति यूनिट राशन देते हैं। इसके अलावा जिस घर के बेटी की शादी हो गई है या जिनका मृत्यु हो गई है वैसे सभी लोगों का राशन डीलर उठा कर डकार देते हैं जो जांच का विषय है। ईपोश मशीन से निकला पर्ची भी कार्ड धारीयो को नहीं देता है। जिस कारण हम सभी कार्डधारीयों को दुकानदार द्वारा दिया गया राशन और ना तो पैसा का पता चल पाता है। इसे लेकर 27 मई को लाभुक सोनु भुइया, उगदेव गंझु, सोमर गंझु, देवनारायण साव, राजेश कुमार, सोहराय साव, मिठु राम, भुनेश्वर मिस्त्री, अनीता कुमारी, सुनील कुमार सहित कई लोगों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सौंप कर जांच करतें हुए कार्रवाई की मांग की गयी है। इस संबंध में गनेशपुर पंचायत के मुखिया प्रमेश्वर उरांव ने कहा कि लगातार ग्रामीणों से राशन कम देने की शिकायत मिल रही है।

## माल्हन पंचायत अंतर्गत गनियारी गांव के धेंगराटांड़ व टटबिनवा में पेयजल संकट से लोग त्राहिमाम

# चुआडी का पानी पीकर प्यास बुझाने को मजबूर हैं ग्रामीण

➡ मुखिया ने गांव का दौरा कर ग्रामीणों से जाना पेयजल समस्या का हाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आजादी के सात दशक बाद भी चंदवा प्रखंड के कई ऐसे गांव है जो आज भी स्वच्छ पेयजल की सुविधा से भी महरूम है। उसी में एक गांव प्रखण्ड के माल्हन पंचायत अंतर्गत ग्राम गनियारी गांव के धेंगराटांड़, टटबिनवा टोला भी है, जहां के ग्रामीण आज भी स्वच्छ पेयजल के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण चुआडी का पानी पीकर प्यास बुझाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया की गांव की आबादी लगभग डेढ़ हजार से अधिक है, लेकिन गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से महरूम है। गांव को प्रखण्ड मुख्यालय से जुड़ने का कोई रास्ता नही है, जिस कारण यहां के बच्चे शिक्षा से भी महरूम हो रहे हैं। बरसात के दिनों में अगर कोई बीमार पड़ जाए या फिर कोई महिला प्रसव पीड़ा से जूझ रही हो तो उसका समय



पेयजल समस्या की जानकारी देते मुखिया व ग्रामीण।

पर अस्पताल भी पहुंच पाना संभव नही होगा। आगे बताया कि गनियारी ग्राम को डीसी के गोद लिया ग्राम है, लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा अभी तक गांव के विकास को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गांव में पेयजल सुविधा मुहैया कराने और गांव को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने के लिए पथ निर्माण करने की गुहार लगा रहे हैं ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्र से बचे निकलकर अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके और गर्भवती महिलाएं बीमारी होगी उचित सेवा मिल सके। इधर मुखिया जतरु मुंडा मंगलवार को गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना व समस्याओं को सरकार व प्रशासन तक पहुंचाने का भरोसा दिया। मुखिया ने बताया कि उक्त गांव में नल जल योजना के माध्यम से घर-घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचना है, लेकिन नल जल योजना कार्य मे लगे संवेदक के लापरवाही के कारण अबतक काम शुरू भी नही हो पाया है, लगभग 15 दिनों के बाद बरसात का मौसम शुरू हो जाएगा, ऐसे में ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ेगी। संबंधित समस्या को लेकर जल्द ही वे अधिकारियों को पत्राचार करेंगे। मौके पर दिनेश गंझु, लालमन गंझु, सुरेश मलार, गायत्री देवी, जयंती देवी, जिरमानती देवी, मनिता देवी, कंचन देवी, संजू देवी, मानेश्वर मलार, डब्लू गंझु, टुनू गंझु, कुंदा मलार, पंचम गंझु, दशरथ गंझु, रविन्द्र गंझु, रघु गंझू समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## अन्याय के खिलाफ उपायुक्त से गुहार

**सिंदरी।** कबड्डी खेल की राष्ट्रीय स्तर की महिला युवा खिलाड़ी व सिंदरी निवासी बबन सिंह की सुपुत्री रुपा कुमारी ने ब्रह्मऋषि कबड्डी के सचिव अंगद सिंह पर महिला खिलाड़ियों के साथ गलत नियत रखने व नेशनल खेल में भाग लेने से रोकने का आरोप लगाया है। उन्होंने सचिव पर पैसे लेकर राष्ट्रीय स्तर पर भेजने का भी आरोप लगाते हुए इसमें धनबाद उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है।

## कोल हैंडलिंग इकाई में लिफ्ट का उद्घाटन

**बोकारो।** कोक ओवन के कोल हैंडलिंग प्लांट के साइलो में एक टन लिफ्ट का उद्घाटन ईडी (संकार्य) बिरेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा सीजीएम विपिन कुमार सिंह, राकेश कुमार व शालिग्राम सिंह, जीएम महेश कुमार लाल, प्रकाश कुमार, रंजन कुमार बेहरा व आर एन बिस्वास, डीजीएम समीर स्वरूप गर्ग और अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मी के उपस्थिति में किया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस के तहत बीएसएल में विभिन्न कार्यक्रम

**बोकारो।** बीएसएल के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग तथा झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न तिथियों को विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक प्रदूषण संबंधी जागरूकता अभियान, जैव चिकित्सा अपशिष्ट संबंधी प्रश्नोत्तरी व पोस्टर प्रतियोगिता, जन-भागीदारी द्वारा सूर्य मंदिर जलाशय की साफ-सफाई, ईडी (संकार्य) सेमिनार कक्ष में अधिकारियों व कर्मियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा भाषण एवं वाव प्रतियोगिता, स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला एवं पर्यावरणीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा अभिभावकों एवं गृहिणियों के लिए भी पर्यावरणीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## नए बीइ-1000 एक्स्कवेटर की कमीशनिंग

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ओजी और सीबीआरएस विभाग के अंतर्गत एसएमएस-2 ओपन पिट में एक नया बीईएमएल बीई-1000 एक्सकेवेटर, बीएसएल नंबर एचएस-20 की कमीशनिंग ईडी (संकार्य) वीरेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा औपचारिक तौर से सफलतापूर्वक की गई। एक्सकेवेटर की विशेषताओं और अन्य विवरणों की जानकारी सीजीएम (मैकेनिकल) वीके सिंह, एजीएम (ओजी एंड सीबीआरएस) सी सेठी और प्रबंधक (ओजी एंड सीबीआरएस) प्रशांत किशोर ने दी।

BEFORE THE EXECUTIVE MAGISTRATE, DHANBAD

AFFIDAVITI

I, Md. Zahid S/O . Md Rakib, Aged about 48 year, by faith-Muslim, by occupation-Business resident of Near Nalanda Footwear,J B Plaza Market Kapra Patti, PO-Katrasgarh, PS Katras Dist-Dhanbad, (Jharkhand) - 828113, do hereby Solemnly affirm on oath and declare asfollows; 1. That, Md Aamir, Md. Zhear is my Minor son. 2. That my son's actual name is Md.Aamir, which is mentioned in his school record. 3. That, my son's name Md. Zhear has been mentioned in his Aadhar Card Vide it's No. 650353535465. 4. That, I want to correction/change my son's name Md . Aamir in place of Md. Zhear in his Aadhar card.5. That, I affixing my and my son's photograph on this affidavit for our proper identification. 6. That, My aforesaid declaration are true, correct and genuine,no part of false in it. 7. That, I am swearingthis affidavit to produce it before the authotrity concerned for needful purpose.

ADVOCATEG K Bhagat
EN.NO.603/99
MEMO NO3917/12.12.22.

# केबी कॉलेज बेरमो में नशा मुक्त राष्ट्र निर्माण को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बेरमो।** महाविद्यालय के वेलफेयर कमिटी एवं क्द्दअउ के संयुक्त तत्वावधान एवं प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की अध्यक्षता में शिक्षकों, कर्मियों व विद्यार्थियों की उपस्थिति में नशे मुक्त परिसर निर्माण हेतु हस्ताक्षर अभियान, मानव सृंखला, नशे के दुष्प्रभाव संदेश देता हुआ लघु नाटक / नुक्कड नाटक, शपथ का आयोजन कॉलेज प्रांगण में किया गया। प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने कहा तंबाकू हमारे पर्यावरण के लिये खतरा है। तंबाकू का प्रयोग न करने के प्रति जागरूकता का संकल्प युवाओं में जागरूकता का प्रचार प्रसार हेतु किया जाना है। नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मानव जीवन अनमोल है। बेहतर स्वास्थ्य व अपने परिवार के सदस्यों की भलाई के लिये धूम्रपान न करें। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु स्लोगन माध्यम से जागरूकता एवं मानव सृंखला बनायी गयी, लघु नाटक / नुक्कड़ नाटक का आयोजन कॉलेज प्रांगण में किया गया। आयोजनकर्ता सह वेलफेयर कमिटी कोऑर्डिनेटर डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा कि नशे मुक्त समाज निर्माण हेतु संवाहक की भूमिका युवाओं में दी जानी है। लघु नाटक एवं नुक्कड़ नाटक से विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। स्वयं जागरूक होकर युवा नशे मुक्त समाज निर्माण हेतु संवाहक की भूमिका में नजर आएंगे। डॉ अरुण कुमार रॉय महतो, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर ने कहा कि धूम्रपान करने से नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है । तंबाकू से लाखों लोग पहले ही बीमारियों के शिकार हो जाते हैं, साथ ही मौत के मुंह मे चलें जाते हैं । लघु नाटक / नुक्कड नाटक में भाग लेने वाले प्रतिभागियों मे आयुष सिंह, अंशु कुमार सिंह, आदर्श देव, डुमरचंद महतो, रिया कुमारी, सेजल कुमारी, दानिया फिरदौस, साधना कुमारी, पारो कुमारी, सुमन कुमारी, अनीशा कुमारी, पूजा कुमारी, शिवानी कुमारी, तरन्नुम निशा, मनीषा कुमारी, शक्ति कुमार डे आदि हैं। दानिया फिरदौस ने लघु एव नुक्कड नाटक के सार को प्रस्तुत किया। मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर लघु व नुक्कड नाटक प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। नशे मुक्त समाज निर्माण में संवाहक की भूमिका में यह युवा नजर आएंगे। प्राचार्य के द्वारा नशे मुक्त परिसर निर्माण हेतु शपथ ग्रहण करवायी गयी। अंत में राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गयी। मौके पर प्रो लक्ष्मी नारायण रॉय, प्रो गोपाल प्रजापति, डॉ आर पी सिंह, डॉ बासुदेव प्रजापति, डॉ व्यास कुमार, डॉ नीला पूर्णिमा तिर्की, प्रो पी पी कुशवाहा, प्रो मनोहर मांझी, प्रो मधुरा केरकेट्टा, प्रो नितिन चेतन तिग्गा, प्रो अमित कुमार रवि, प्रो साजन भारती, रविंद्र कुमार दास, दुर्गा पासवान, सदन राम, रवि कुमार यादविन्दु, शिव कुमार झा, विक्रम सिंह, विमल कुमार, दीपक कुमार, बालेश्वर यादव, साजिद अंसारी, भगन राम, कलावती देवी, सुसारी देवी, संतोष राम, पुरषोत्तम चौधरी, राजेश्वर सिंह समेत कॉलेज परिवार समेत सैकड़ो विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### नुक्कड़ नाटक आयोजित

**धनबाद।** बुधवार को आरडी इंटरप्राइजेज एवं जनकल्याण विकास केंद्र के कलाकारों द्वारा भोजन चाहिए तंबाकू नहीं विषय पर जागरूकता कार्यक्रम के तहत विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनकल्याण विकास केंद्र के सचिव दुखु महतो के निर्देशन पर रणधीर वर्मा चौक स्टील गेट बैंक मोड एवं केंदुआ में जागरूकता कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

# जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** बुधवार को न्यू टाउन हॉल में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड द्वारा उपायुक्त श्री संदीप सिंह की अध्यक्षता में ₹कृषि अवसंरचना कोष एवं झारखंड कृषि ऋण माफी योजना विषयक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त संदीप सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा आमजनों के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। योजनाओं के कन्वर्जन से विभिन्न प्रकार के लाभ से किसानों को लाभान्वित किया जा सकता है। उन्ही योजनाओं में से एक कृषि अवसंरचना कोष एवं झारखंड कृषि ऋण माफी योजना है। उन्होंने पूरे धनबाद जिले के किसानों तथा कृषि से संबंधित व्यवसाय से जुड़े लोगों स्वयं सहायता समूहों को भी इस योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया।

# बियाडा भवन सभागार में आयोजित हुई उद्योग संघ की कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बोकारो।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा आइपीई ग्लोबल लिमिटेड नई दिल्ली और जेआईएडीए के सहयोग से बियाडा सभागार में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ एक कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में बोकारो, धनबाद और गिरिडीह जिले से संबंधित सरकारी कार्यालयों के प्रतिनिधियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। डीडीसी सह क्षेत्रीय निदेशक जियाडा बोकारो कीर्ति श्री जी की उपस्थिति में सीओओ जेएसएलपीएस बिष्णु परिंदा ने उद्घाटन भाषण दिया। वहीं सलाहकार-प्लेसमेंट, औद्योगिक भागीदारी और जॉब फेयर समन्वय, जेएसएलपीएस सैदत्त मुक्तिकांत स्वैन ने परियोजना के दायरे और इच्छित परिणामों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में एसोसिएट डायरेक्टर, आइपीई ग्लोबल गौरव वर्मा ने मानव बल की मांग और आपूर्ति में अंतराल और चुनौतियों, कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में उद्योग की भागीदारी और आउट-माइग्रेशन को कम करने की जानकारी दी।

# कतरी नदी संरक्षण के लिए डीडीसी एवं वीडियो ने किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** कतरी नदी के संरक्षण संवर्धन और बचाव के लिए कतरी नदी बचाओ अभियान समिति के द्वारा लंबे समय से आम जनमानस के सहयोग से कार्य धरातल पर उतारने की कोशिश की जा रही थी अब यह उतरने को तैयार है। बुधवार को धनबाद डीडीसी के साथ बाघमारा बीडीओ एवम अन्य पदाधिकारी गण निरीक्षण में मौजूद रहे ।निरीक्षण के दौरान नदी के सफाई को लेकर स्थानीय स्तर पर अनेक जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्रों पर नदी के सफाई के लिए निरीक्षण कार्य में अपनी भागीदारी निभाएं विशेष रुप से कतरी नदी बचाओ अभियान समिति की ओर से अध्यक्ष उमाकांत तिवारी संरक्षण मुबारक अंसारी संयोजक लखन प्रसाद महतो सचिव अर्जुन महतो के अलावा दर्जनों लोग इस नेक कार्य में अपनी भागीदारी निभाएं। कार्य का प्रारंभ मनरेगा के तहत प्रारंभ होगा और जिन क्षेत्रों में कार्य संचालन विस्तृत रूप से करने की बात होगी वहां श्रमिक पोर्टल के द्वारा निर्देशित किया जाएगा ।विदित 6 माह से कतरी नदी बचाओ अभियान समिति के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर इसके संवर्धन हेतु जो प्रयास किया जा रहा था। वह आज धरातल पर दिखने वाला है इस कार्य में विशेषकर कतरी नदी बचाओ अभियान समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधि निरंजन गोप समाजसेवी डॉ मधुमाला एवं विधानसभा सदस्यो सराहनीय योगदान है। प्रारंभ में इस नदी का कार्य डीएमएफटी फंड के द्वारा किए जाने की बात सूत्रों से की जा रही थी परंतु वर्तमान में अनेक फेस पर यह कार्य मनरेगा के द्वारा किया जाएगा। वहीं कांको मौजा में अतिक्रमणकारियों के द्वारा कतरी नदी को अतिक्रमण कर लिया गया है।

## 12 जून को बोकारो भाजपा के संयुक्त मोर्चा का होगा महासम्मेलन

**बोकारो।** बोकारो विधायक आवास में भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम की तैयारी हेतु सम्पन्न बैठक किसान मोर्चा के अध्यक्ष मुकेश राय की अध्यक्षता व जिला महामंत्री संजय त्यागी के संचालन में हुई। पार्टी के के नौ मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष व महामंत्री के उपस्थिति में बतौर मुख्य अतिथि बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि बोकारो जिला के सभी विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा वार संयुक्त मोचाओं की बैठक आयोजित है। बोकारो विधानसभा में किसान मोर्चा द्वारा 12 जून को आयोजित महासम्मेलन में केंद्रीय मंत्री तथा केंद्रीय स्तर के नेताओं का आगमन होगा। बैठक में मंडल स्तर पर बैठक की तिथि तय की गई। मौके पर मुकुल ओझा, दिलीप श्रीवास्तव, जयदेव राय, इंद्र झा, माथुर मंडल, महेंद्र राय, प्रकाश सिंह, रामलाल सोरेन, सुजीत चक्रवर्ती, विनय किशोर, पीयूष आचार्य, पन्नालाल कान्दू, बैधनाथ प्रसाद, प्रकाश प्रामाणिक, झन्तु दे, गोलू उपाध्याय, राजीव मालाकार, आलोक वर्मा, राधा देवी, सुदामा झा, गगन दास, श्रीकांत राय, उषा श्रीवास्तव, अशोक महतो, हरिपद गोप, सुमिता साहू आदि मौजूद रहे।

# नदियों को ना खुद प्रदूषित करेंगे और ना ही करने देंगे : विक्रम महतो



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** चास प्रखंड अंतर्गत दीवानगंज समीप इजरी नदी छठ घाट में आयोजित देवनद- दामोदर महोत्सव 2023 में विधि पूर्वक पूजा-अर्चना व (इजरी नदी का) गंगा मैया के नाम से आरती वंदन भी किया गया। मौके पर उपस्थित प्रकृति प्रेमियों ने कहा कि विगत 2004 से दामोदर एवं सहायक नदियों को गंदगी एवं प्रदूषण से मुक्त करने के लिए आंदोलन चलाया जा रहा है। बड़े-छोटे फैक्ट्रियों के जहरीले जल नदियों को दूषित कर रहें हैं। मौके पर उपस्थित सभी महिलाओं एवं पुरुषों ने संकल्प लिया कि ना नदी को दूषित होने देंगे, ना स्वयं करेंगे। मौके पर दामोदर बचाओ आंदोलन के स्थानीय संयोजक विक्रम महतो, झारखण्ड सांस्कृतिक मंच के केंद्रीय महासचिव राजदेव माहथा, चास प्रमुख बेला देवी, मुखिया प्रतिनिधि अशोक महतो, पूर्व मुखिया युधिष्ठिर महतो व विनोद घोषाल, कांड्रा पंसस उपेन्द्र पाण्डेय, अजीत सिन्हा, पंडित विभूति पाण्डेय, करम चांद गोप, लोचन पंडित, प्रदीप सिंह, गोपाल साह, नीरज कुड्ड गुप्ता, जवाहरलाल चौधरी, संजय लाल महतो, सुनील महतो, आशीष कुमार, पूर्व पंसस कालीचरण महतो, किशोर कुमार पांडेय, मिठू पांडे, ओम प्रकाश, भादू देव्या, प्रियंका, भानुप्रिया, अंजू, मनोहर लाल, लालू महली, विनय कुमार, कंचन, हिना, प्रिया, ट्विंकल, प्रियम, साक्षी, ईशा आदि उपस्थित रहे।

# सिंदरीवासियों को एक वर्ष में बिजली की समस्या से मिलेगा निजात : राजीव शर्मा

## 3.3 केवीए ट्रासफार्मर को हटाकर लगेंगे 11 केवीए के ट्रांसफार्मर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** सिंदरी की जनता को लो वोल्टेज की समस्या का निदान करने में धनबाद निर्माण के योगदान की जानकारी देते हुए सिंदरी विश्वकर्मा मंदिर में बुधवार को एक प्रेस वार्ता किया गया।

प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से उपस्थित धनबाद निर्माण जिला संयोजक सह जीवन रेखा ट्रस्ट महासचिव राजीव शर्मा ने बताया कि धनबाद निर्माण के अथक प्रयास से जेबीवीएनएल आगामी एक वर्षों में सिंदरी में 11 केवीए के ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर सिंदरी में लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिला देगा। इसके लिए धनबाद निर्माण ने जेबीवीएनएल का साधुवाद किया है। उन्होंने बताया कि इस कदम के लिए जेबीवीएनएल लगभग 43.5 करोड़ की लागत से संचालित 3.3 केवीए ट्रांसफार्मर को 11 केवीए के ट्रांसफार्मर से बदल देगा। इस नये सिस्टम से एफसीआईएल क्षेत्र में बिजली की समस्या से सिंदरीवासियों को निजात मिलेगा। उन्होंने बताया कि 3.3 केवीए के ट्रांसफार्मर को बनाने व संचालन करने में आ रही दिक्कतों के कारण यह कदम उठाया जा रहा है। इसकी टेंडर प्रक्रिया धनबाद एरिया बोर्ड के द्वारा की जाएगी और राशि का आवंटन डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा किया जाएगा। इसे एक वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रो अनिल आशुतोष ने पहल की थी। इसके बाद अनिल आशुतोष, धनबाद निर्माण सिंदरी संयोजक दीपक कुमार दीपू व प्रशांत पाण्डेय ने झारखंड ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार, जेबीवीएनएल एमडी, निदेशक, महाप्रबंधक धनबाद से विडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए इसका निदान खोज लिया था। धनबाद महाप्रबंधक के तबादले के बाद नये जेबीवीएनएल महाप्रबंधक हरेंद्र कुमार से धनबाद निर्माण द्वारा वार्ता करने पर उन्होंने टेक्निकल आवंटन की जानकारी देते हुए इसे अमलीजामा पहनाया। प्रेसवार्ता में मौजूद झरिया खुदरा वस्त्र विक्रेता संघ अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि झरिया व उसके आसपास के क्षेत्रों में बिजली की घोर समस्या पर आंदोलन किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से धनबाद निर्माण जिला संयोजक, जीटा, जीवन रेखा ट्रस्ट महासचिव व धनबाद जिला चेंबर पूर्व अध्यक्ष संरक्षक राजीव शर्मा, झरिया खुदरा वस्त्र विक्रेता संघ अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता, सिंदरी संयोजक दीपक कुमार दीपू, विश्वकर्मा मंदिर अध्यक्ष भरत शर्मा, शिव चरण शर्मा, दिलीप रिटोलिया, कृष्णा अग्रवाल, पवन शर्मा, राजीव रंजन उर्फ मुन्ना उपाथित थे।

एक नजर में

## व्यवहार न्यायालय में चलाया जा रहा है मन का मिलन पखवाड़ा

**धनबाद।** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद श्री राम शर्मा के निदेर्शानुसार विशेष रूप से दो सप्ताह के लिए मन का मिलन पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि इसकी शुरूआत 29 मई से की गई है और यह 14 जून 2023 तक चलेगा। उन्होंने कहा इसके माध्यम से मध्यस्थता केंद्र में वादी और प्रतिवादी पक्षों को एक सौहार्दपूर्ण वातावरण मुहैया कराया जाता है और दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता कराकर त्वरित न्याय दिलाने में सहयोग प्रदान किया जाता है। इससे वादी और प्रतिवादी दोनों का समय और धन का बचत एवं आपसी संबंध मैत्रीपूर्ण रहे, इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। 28 मध्यस्थ और सब इंस्पेक्टर सौरभ चौबे व्यवहार न्यायालय में आए आगंतुकों को इसके लाभों के बारे में जागरूक कर रहे हैं। साथ ही जिले के सभी प्रखंडों में स्थित विधिक सहायता केंद्रों पर कार्यरत पैरा वैधानिक स्वयंसेवकों के द्वारा डोर टू डोर एवं डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से सुदुर ग्रामीण इलाकों में रह रहे आम जनता तक मन का मिलन पखवाड़ा के संबंध में जागरूकता फैलाई जा रही है

## सुदामडीह में धड़ल्ले से अवैध बालू के कारोबार को दिया जा रहा है अंजाम

**सुदामडीह।** सिंदरी अनुमंडल क्षेत्र के सुदामडीह थाना क्षेत्र के सुदामडीह रिवरसाइड दामोदर नदी से इन दिनों अवैध बालू कारोबारियों द्वारा बड़े पैमाने पर बालू की तस्करी धड़ल्ले से जारी है। क्षेत्र के स्थानीय सामाजिक कार्यकताओं ने कई बार जिला खनन पदाधिकारी झरिया अंचलाधिकारी, उपायुक्त धनबाद सहित अन्य संबंधित विभाग और अधिकारियों को पत्र के माध्यम से सुदामडीह दामोदर नदी से अवैध खनन कर बालू चोरी करने पर रोक लगाने तस्करों, अवैध विक्रेताओं, अवैध भंडारण करने वालों पर कार्रवाई की शिकायत किया है। उसके बावजूद बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन कर बाजार में ऊंचे दामों पर ठेकेदारों आम जनता अवैध बालू दुकानदार को बेचा जा रहा है। बालू निकालने से दामोदर नदी का स्वरूप दिन प्रतिदिन बिगड़ रहा है। इस कार्य में क्षेत्र के असामाजिक तत्वों की चांदी कट रही है। इस चोरी के वालों को बालू विक्रेता अवैध रूप से क्रय विक्रय कर रहे हैं तथा कुछ ठेकेदार भी सरकारी या गैर सरकारी एवं कोलियरी के कार्यों में खपा रहे हैं और सरकार को राजस्व का घाटा हो रहा है। इस बालू चोरी के कार्य में एक बड़ा सिंडिकेट कार्य कर रहा है जिसकी संख्या दर्जनों में जिनका काम है । ट्रैक्टर मालिक, अवैध दुकानदार अवैध बालू स्टॉकिस्ट से हर महीने लाखों रुपए वसूलने और स्थानीय प्रशासन खनन विभाग झरिया सीओ मीडिया, स्थानीय रंगदार के नाम पर मुद्रा मोचन करना। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों का धज्जियां उड़ा रहे हैं और इन अवैध बालू तस्करों को डीजीपी झारखंड , जिला खनन टास्क फोर्स सहित अन्य विभाग का जरा सा भी डर नहीं है।

## पेज 1 का शेष

### रांची में युवती पर...

इसके बावजूद तनवीर उसे लगातार प्रताड़ित और ब्लैकमेल कर रहा है। उसने उसकी कुछ तस्वीरों को एडिट कर परिजनों को भी भेज दिया है। इसके बाद उसने वर्सोवा पुलिस स्टेशन में तनवीर के खिलाफ केस दर्ज करायी है। लेकिन, पुलिस उस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। **बेबुनियाद है आरोप :** वहीं, यश मॉडल के संचालक तनवीर अख्तर खान का आरोप है कि युवती ने ही उसके साथ धोखा कर उसका पूरा बिजनेस खराब कर दिया है। तनवीर का कहना है कि युवती उसके पास काम करती थी, इस वजह से उसे यश मॉडल के डाटा के बारे में भी जानकारी थी। अब उस डाटा को लेने के लिए ही उसने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर यह साजिश रची है।

### केंद्र सरकार लायी...

इससे पंचायत स्तर पर रोजगार पैदा होंगे। सरकार ने इसके लिए संबंधित मंत्रालयों की कई योजनाओं की पहचान की है, जिनका उपयोग इस योजना में किया जायेगा। **सीआइटीआइआइएस 2.0 कार्यक्रम को मंजूरी :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को सिटी इंवेस्टमेंट्स टू इनोवेट इंटीग्रेट एंड सस्टेन (सीआइटीआइआइएस) 2.0 कार्यक्रम को भी मंजूरी प्रदान की है। कैबिनेट में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सहयोग और शहरी मामलों के संस्थान (एनआइयूआइ) के साथ साझेदारी में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा परिकल्पित कार्यक्रम को मंजूरी प्रदान की गयी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम से आज और भविष्य की पीढ़ियों के लिए क्लीन एंड ग्रीन सिटी देने का संकल्प आगे बढ़ेगा तथा स्वच्छ और सुंदर शहर बनाये जायेंगे। यह कार्यक्रम अगले 4 वर्षों 2023 से 2027 के लिए है। यह भारत के सरकार के जलवायु कार्रवाई को भी सहयोग करेगा। कार्यक्रम में शहर स्तर पर एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन, राज्य स्तर पर जलवायु उन्मुख सुधार कार्यों और राष्ट्रीय स्तर पर संस्थागत मजबूती और ज्ञान प्रसार पर ध्यान देने के साथ सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक रूप से चयनित परियोजनाओं के समर्थन करने की परिकल्पना की गयी है। सीआइटीआइआइएस 2.0 के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा 1760 करोड़ रुपये का ऋण और 106 करोड़ रुपये की तकनीकी सहायता अनुदान देना शामिल है।

### प्रदीप यादव के सीलबंद...

छापेमारी के बाद प्रदीप यादव के रांची स्थित आवास को सील कर दिया गया था। बुधवार को उन्हें रांची बुलाया गया था। इडी की टीम को दुमका के मिक्की आर्यन कंस्ट्रक्शन कंपनी के अजय कुमार झा उर्फ मिक्की झा के ठिकाने से 60 लाख रुपये और काफी दस्तावेज मिले हैं। राशि और दस्तावेज जब्त कर लिये गये हैं। अजय झा कुछ बड़े राजनेताओं का करीबी बताया जाता है। इडी ने यह छापामारी आयकर विभाग द्वारा चार नवंबर 2022 को प्रदीप यादव के ठिकानों पर हुई छापामारी के बाद दर्ज करायी गयी प्राथमिकी के आधार पर की है। इडी ने मंगलवार की सुबह प्रदीप यादव के रांची और गोड्डा स्थित ठिकानों पर छापा मारा था। गोड्डा के हलका कर्मचारी व विधायक के करीबी मनोज कुमार के घर से छापामारी में टेंडर में कमीशनखोरी से संबंधित दस्तावेज व डिजिटल डिवाइस मिले हैं। वह अपनी पत्नी के नाम पर फर्म बनाकर ठेका लेता है। रांची में बरियातू फायरिंग रेंज स्थित घर पर हुई छापामारी में डिजिटल डिवाइस, कंप्यूटर, हार्ड डिस्क व अन्य सामान जब्त किये गये हैं। बिल्डर के कंपनी हाइटेन कंस्ट्रक्शन, मैगनम डेवलपमेंट और वैष्णवी होम्स के ठिकानों पर भी छापे पड़े। तीनों कंपनियां बरियातू स्थित एक ही भवन में चलती हैं। इडी ने धुर्वा के पास चल रहे वैष्णवी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर के ठिकाने पर भी छापा मारा था।

### चतरा में रेलवे की...

उन्होंने पांच कर्मियों की पिटाई भी की। उग्रवादियों की पिटाई से पांचों कर्मी घायल हो गये। उनका इलाज टंडवा अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलने पर एसडीपीओ शंभूनाथ सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर विजय सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके से संगठन की सब जोनल कमेटी की ओर से छोड़ा गया एक हस्तलिखित पर्चा मिला है। पर्चे में जमीन दलाल, कोल माफिया, एनटीपीसी ट्रांसपोर्टरों समेत अन्य निर्माण एजेंसियों को चेताया गया है। बता दें कि बीते एक वर्ष में राज्य के अलग-अलग इलाकों में रेलवे के कंस्ट्रक्शन साइट पर लगभग एक दर्जन हमले हुए हैं। इन हमलों के पीछे नक्सली, उग्रवादी और संगठित आपराधिक गिरोह लोग शामिल बताये जाते हैं। जानकारी के अनुसार, रेलवे विकास निगम लिमिटेड रांची के मुख्य परियोजना प्रबंधक विशाल आनंद ने हमलों की लगातार हो रही घटनाओं पर राज्य सरकार के गृह विभाग को हाल में पत्र लिखकर सुरक्षा की गुहार लगायी थी। उन्होंने पत्र में ऐसी कुछ घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा था कि इस वजह से रेलवे की कई परियोजनाएं बाधित हो रही हैं।

स्पीड न्यूज

## सरकार कोल इंडिया में तीन प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचेगी

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को कोल इंडिया में तीन प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने का प्रस्ताव किया। यह हिस्सेदारी एक जून से बिक्री पेशकश माध्यम से बेची जाएगी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि बिक्री पेशकश खुदरा और गैर-खुदरा निवेशकों के लिए एक और दो जून को जारी रहेगी। कोल इंडिया ने कहा कि प्रस्ताव के तहत कंपनी के 9.24 करोड़ शेयर यानी 1.5 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेची जाएगी। इसके अलावा, अतिरिक्त बोली आने पर, इतनी ही बिक्री और करने का विकल्प रखा गया है।कोल इंडिया का शेयर बुधवार को 241.20 रुपये पर बंद हुआ। इस दर से कंपनी के तीन प्रतिशत हिस्सेदारी की कीमत लगभग 4,400 करोड़ रुपये होगी। बिक्रेता ने 10 रुपये अंकित मूल्य के 9,24,40,924 इक्विटी शेयर बेचने का प्रस्ताव दिया है।

## जम्मू-कश्मीर में तीन आतंकवादी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा बलों ने पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को विफल करते हुए तीन आतंकवादियों को 10 किलोग्राम के विस्फोटक, नशीले पदार्थों और अन्य युद्ध सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। रक्षा प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि पुलिस के साथ सेना के एक संयुक्त अभियान में संभावित तीन से चार आतंकवादियों को 30-31 मई की रात को खराब मौसम और भारी बारिश का फायदा उठाते हुए पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर बाड़ पार करने का प्रयास करते हुए रोका गया। रात में डेढ बजे तक इन आतंकवादियों के आगे बढ़ने के रास्ते पर नजर रखने के बाद सेना ने गोलीबारी की और जवाबी कार्रवाई में कुछ आतंकी मारे गए।

## उत्तर कोरिया का सैन्य जासूसी उपग्रह क्रैश

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने बड़ी उम्मीदों के साथ सैन्य जासूसी उपग्रह लॉन्च तो किया किन्तु वह दुर्घटनाग्रस्त होकर येलो सी में जा गिरा। अब कोरियाई वैज्ञानिकों ने जल्द ही दोबारा उक्त उपग्रह लांच करने की बात कही है।उत्तर कोरिया ने अपने पश्चिमी तट के लॉन्चिंग स्टेशन से 6.27 बजे रॉकेट लांच किया था। सामान्य उड़ान के दौरान पहले चरण की सफलता के बाद दूसरे चरण में आते ही इंजन में दिक्कत आ गई, जिसकी वजह से मिशन फेल हो गया।

## भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को 19 जून तक बेल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 50 अरब रुपये से अधिक के कथित भ्रष्टाचार से जुड़े अल-कादिर ट्रस्ट मामले में 19 जून तक के लिए जमानत दे दी। इससे पहले इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा तीन दिन के लिए जमानत बढ़ाए जाने और इस अवधि में जवाबदेही अदालत जाने का निर्देश दिए जाने के बाद पीटीआई के प्रमुख खान इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत के समक्ष पेश हुए।

## तेल-तिलहन की कीमतों में भारी गिरावट

नयी दिल्ली । विदेश से आयात होने वाले खाद्य तेलों में जोरदार गिरावट के बीच देश में बुधवार को लगभग सभी खाद्य तेल तिलहन कीमतों में नरमी रही। सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल तिलहन, कच्चा पामतेल , पामोलीन और बिनौला तेल कीमतों में गिरावट आई।

## स्कूल के खाते से उड़ाये डेढ़ करोड़, 5 गिरफ्तार

सोनीपत। सोनीपत के गोहाना स्थित एक निजी स्कूल के बैंक खाते से साइबर ठगी कर करीब 1.59 करोड़ रुपये निकालने के मामले में मुख्य आरोपी प्रभु जगदीप पटवा सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पटवा यूपी के गोंडा जिले का रहने वाला है और 10वीं तक की पढ़ाई की है।

# मोदी सोचते हैं, उन्हें भगवान से ज्यादा पता है : राहुल गांधी

**एजेंसी**



▸▸ कहा- मोदी जी को भगवान के साथ बैठा दें तो वे उन्हें समझायेंगे कि कैसे काम करता है ब्रह्मांड

**सांता क्लारा (अमेरिका)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत में ऐसे लोग हैं जो सोचते हैं कि वे भगवान से अधिक जानते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसका एक उदाहरण हैं।

अमेरिकी के कैलिफोर्निया के सांता क्लारा में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस यूएसए द्वारा आयोजित मोहब्बत की दुकान कार्यक्रम में गांधी ने कहा कि ये लोग कि पूरी तरह से इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि वे सब कुछ जानते हैं । ये लोग इतिहासकारों को इतिहास, वैज्ञानिकों को विज्ञान और सेना को युद्ध कैसे लड़ना है, यह बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया इतनी बड़ी तथा जटिल है कि कोई भी व्यक्ति सब कुछ नहीं जान सकता। यह एक बीमारी है। भारत में लोगों का एक समूह है जो पूरी तरह से आश्वस्त है कि वे सब कुछ जानते हैं। उन्हें लगता है कि वे भगवान से भी अधिक जानते हैं। गांधी ने कहा कि वे भगवान के साथ बैठकर उन्हें समझा सकते हैं कि क्या हो रहा है। और जाहिर सी बात है कि हमारे प्रधानमंत्री उसका एक उदाहरण हैं। यदि आप मोदी जी को भगवान के साथ बैठा दें तो वह भगवान को समझाएंगे कि ब्रह्मांड कैसे काम करता है और भगवान भी चकरा जाएंगे कि यह मैंने क्या बनाया है। राहुल गांधी की इस बात पर वहां मौजूद भारतीय-अमेरिकियों ने खूब ठहाके लगाए। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि वे इतिहासकारों को इतिहास, वैज्ञानिकों को विज्ञान और सेना को युद्ध के बारे में समझा सकते हैं मुद्दे की बात ये है कि वे सुनने को तैयार नहीं हैं। गांधी के कार्यक्रम में न केवल सिलिकॉन वैली बल्कि लॉस एंजिलिस और कनाडा से भी समुदाय के सदस्यों ने हिस्सा लिया। गांधी ने भारतीय अमेरिकियों से कहा कि भारत के विचार पर हमला हो रहा है और इसे चुनौती दी जा रही है। उन्होंने अमेरिका में भारत का झंडा बुलंद करने, अमेरिकी लोगों की संस्कृति का सम्मान करते हुए उन्हें यह बताने कि एक भारतीय होने का क्या अर्थ होता है, और साथ ही उनसे सीखने और उन्हें अपनी संस्कृति के बारे में बताने के लिए भारतीय अमेरिकियों की सराहना की। राहुल गांधी ने कहा कि आपने हम सब का मान बढ़ाया है। जब हम अपने देश के बारे में सोचते हैं तो आप सभी हमारे राजदूत हैं। जब अमेरिका कहता है कि भारतीय बहुत समझदार हैं। भारतीय लोग आईटी के उस्ताद हैं। भारतीय लोग सम्मान देते हैं तो ये सभी विचार केवल आपके कारण और आपके कार्यों तथा आपके व्यवहार का परिणाम हैं।

# फर्जी गांधी हैं राहुल : भाजपा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर टिप्पणी को लेकर जोरदार हमला किया और उन्हें फर्जी गांधी करार देते हुए कहा कि वह कुछ नहीं जानते लेकिन हर विषय के विशेषज्ञ बन गए हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गांधी पर उनकी टिप्पणी को लेकर पलटवार करते हुए दावा किया कि कांग्रेस नेता का इतिहास का ज्ञान उनके परिवार से आगे नहीं बढ़ सका है।

उन्होंने कहा कि यह हास्यास्पद है कि जो कुछ भी नहीं जानता है वह अचानक हर चीज का विशेषज्ञ बन जाता है। एक व्यक्ति जिसका इतिहास ज्ञान अपने परिवार से परे नहीं जाता, वह इतिहास के बारे में बात कर रहा है। जोशी ने कहा कि आलू से सोना पैदा करने का दावा करने वाला एक व्यक्ति विज्ञान के बारे में व्याख्यान दे रहा है और एक व्यक्ति जिसने कभी पारिवारिक मामलों से आगे कदम नहीं बढ़ाया, अब भारत का नेतृत्व करना चाहता है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि यह उनकी हताशा को दर्शाता है कि वह प्रधानमंत्री मोदी को बदनाम करने के अपने प्रयासों में विदेशों में भारत का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गांधी ने भारत में मुसलमानों को कथित तौर पर निशाना बनाए जाने की तुलना 1980 के दशक में उत्तर प्रदेश में दलितों के साथ होने वाली घटनाओं से की, लेकिन लोगों को यह बताना भूल गए कि उस समय देश और राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार को संरक्षण देती है?

आलू से सोना पैदा करने का दावा करने वाला व्यक्ति विज्ञान के बारे में दे रहा व्याख्यान : प्रह्लाद जोशी



# 10 साल से कम समय में ही बदल गया भारत

## अमेरिकी बैंक ने मोदी के नौ साल के काम को दिये फुल नंबर

**एजेंसी**

▸▸ एशिया और ग्लोबल ग्रोथ में एक अहम भूमिका निभाने के लिए तैयार : मॉर्गन स्टेनली



**नयी दिल्ली।** यूरोप की सबसे बड़ी इकॉनमी वाला देश जर्मनी मंदी में फंस चुका है जबकि अमेरिका पर डिफॉल्टर होने का खतरा मंडरा रहा है। चीन अब पूरी तरह महामारी के प्रकोप से नहीं उबर पाया है और उसकी इकॉनमी लड़खड़ा रही है। यूरोप समेत दुनिया के कई देशों में स्थिति दिन ब दिन बदतर होती जा रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारतीय इकॉनमी दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरी है। भारत की इकॉनमी के इस साल भी सबसे तेजी से बढ़ने का अनुमान है। हर बीते दिन के साथ ऐसे इंस्टीट्यूट्स की संख्या लंबी होती जा रही है जो भारत को भारत को ग्लोबल इकॉनमी के लिए ब्राइट स्पॉट बता रहे हैं। इस लिस्ट में अब दिग्गज अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनली का नाम भी जुड़ गया है। उसने भी बीएम मोदी की लीडरशिप का लोहा माना है। उसका कहना है कि मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह बदल गया है और दुनिया में एक बड़ी पोजीशन हासिल करने की तरफ बढ़ रहा है।

मॉर्गन स्टेनली ने एक रिपोर्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदल गया है और आज विश्व व्यवस्था में एक स्थान हासिल करने की ओर है। रिपोर्ट में कहा है कि आज भारत एशिया और वैश्विक वृद्धि में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तैयार है। भारत को लेकर संदेह, विशेष रूप से विदेशी निवेशकों के मामले में, 2014 के बाद से हुए उल्लेखनीय बदलावों को नजरअंदाज करने जैसा है। रिपोर्ट में इन आलोचनाओं को खारिज किया गया है कि दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने और पिछले 25 साल के दौरान सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले शेयर बाजार के बावजूद भारत अपनी क्षमता के अनुरूप नतीजे नहीं दे सका है। रिपोर्ट कहती है कि भारत एक दशक से कम समय में बदल गया है। इसके मुताबिक यह भारत 2013 से अलग है। 10 साल के छोटे से अरसे में भारत ने दुनिया की व्यवस्था में स्थान बना लिया है। प्रधानमंत्री मोदी के पद संभालने के बाद 2014 से हुए 10 बड़े बदलावों का जिक्र करते हुए ब्रोकरेज कंपनी ने कहा कि भारत में कॉरपोरेट कर की दर को अन्य देशों के बराबर किया गया है। इसके अलावा बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ रहा है। f इसके साथ ही जीएसटी कलेक्शन लगातार बढ़ रहा है। साथ ही जीडीपी के प्रतिशत में डिजिटल लेनदेन बढ़ रहा है, जो अर्थव्यवस्था के संगठित होने का संकेत है।

### मंदी की आशंका जीरो

विश्व सांख्यिकी के मुताबिक भारत में मंदी की कोई आशंका नहीं है। भारत बड़े देशों में एकमात्र देश है जहां मंदी की जीरो परसेंट संभावना है। हाल में आए आंकड़ों से इस बात की तस्दीक होती है कि भारत की इकॉनमी जोर पकड़ रही है।

आईएमएफ के मुताबिक इस साल भी भारत की इकॉनमी दुनिया में सबसे तेजी से ग्रोथ करने वाली इकॉनमी होगी। अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन के सारे रेकॉर्ड टूट गए हैं। साथ ही मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई भी चार महीने के टॉप पर पहुंच गया है। अधिकांश ऑटो कंपनियों की अप्रैल में बिक्री दमदार रही। ये सारे फैक्टर्स इस बात का संकेत है कि जहां दुनिया मंदी की आशंका में जी रही है वहीं भारत की इकॉनमी तेजी से बढ़ रही है। इस बीच भारत एक बार फिर दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा मार्केट बन गया है।

## सिद्धरमैया बोले, पांच गारंटी पर फैसला कल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार विधानसभा चुनाव से पहले घोषित की गईं पांच चुनावी ह्यगारंटीह्ल को लागू करेगी और इस संबंध में दो जून को मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने वित्तीय जटिलताओं के बारे में जानकारी साझा की है और गारंटियों के कार्यान्वयन के बारे में फैसला लेने के लिए दो जून को मंत्रिमंडल की बैठक बुलायी गयी है।इससे पहले कैबिनेट की बैठक एक जून को निर्धारित थी।पांच गारंटी के कार्यान्वयन के मद्देनजर, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को विधान सौध में अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। सिद्धरमैया ने कहा कि हमने लोगों को पांच गारंटी दी थीं, इन पांच गारंटी को लेकर संबंधित अधिकारियों और वित्त विभाग के अधिकारियों ने प्रस्तुति दी है। सभी मंत्रियों ने प्रस्तुति देखी है। इसमें सभी विवरण हैं, जैसे कि प्रस्ताव और कार्यान्वयन के वित्तीय प्रभाव। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद यहां पत्रकारों से कहा कि हमने आज की बैठक में चर्चा नहीं की है, चर्चा और निर्णय परसों होंगे। शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे मैंने कैबिनेट की बैठक बुलाई है, जहां हम चर्चा करेंगे, और उसके बाद हमारा निर्णय आपको बता दिया जाएगा।

# गारंटी देना कांग्रेस की पुरानी आदत है : मोदी

▸▸ राजग सरकार के पिछले नौ साल देशवासियों की सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे : पीएम

▸▸ दुनिया के बड़े बड़े विशेषज्ञ बोल रहे हैं कि भारत अति गरीबी को समाप्त करने के बहुत निकट है



**एजेंसी**

**अजमेर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर गांरटी देना उसकी पुरानी आदत और सिर्फ झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उसने केवल गारंटी देकर गरीबों के साथ विश्वासघात किया है जबकि केन्द्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार के पिछले नौ साल देशवासियो ंकी सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे है और आज पूरी दुनिया में भारत का यशगान हो रहा है।

श्री मोदी ने कि कांग्रेस को सिर्फ झूठ बोलना आता है और आज भी कांग्रेस यही ही कर रही है। उन्होंने कहा कि इस सभा से पहले उन्हें तीर्थराज पुष्कार जाने का सौभाग्य मिला।

शास्त्रों में ब्रह्माजी को पृथ्वी का रचियता कहा गया और उनके आशीर्वाद से आज भारत में नव निर्माण का दौर चल रहा है और राजग सरकार के नौ साल भी पूरे हो गए। भाजपा सरकार के ये नौ साल देशवासियों की सेवा के रहे है, यह नौ साल सुशासन के रहे है एवं गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे है। उन्होंने कहा कि देश में वर्ष 2014 में सबका साथ सबका विकास के नये संकल्प का आह्वान किया गया था इसमें राजस्थान ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। वर्ष 2014 से पहले देश में क्या स्थिति थी, पूरे देश में जनता भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क पर उतरी हुई थी। बडे बड़े शहरों में आये दिन आंतकवादी हमले होते थे। कांग्रेस सरकार सीमा पर सड़के बनाने में भी डरती थी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध चरम पर थे। कांग्रेस सरकार रिमोट कंटोल से चल रही थी। निर्णय नहीं होते थे। नीतियां चौपट थी और निवेश हो नहीं रहा था । श्री मोदी ने कहा कि घोर निराशा के माहौल में वर्ष 2014 में जनता ने अपने एक वोट से विकास के विश्वास में बदल दिया।

# ब्रह्मोस मिसाइल ने बढ़ाई वायु सेना की सटीक मारक क्षमता

**एजेंसी**



▸▸ अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस मिसाइलों के छोटे संस्करण लड़ाकू विमानों में लगाये जायेंगे : वायुसेना प्रमुख

नयी दिल्ली। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने माना कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल ने भारतीय वायु सेना की मारक क्षमता बढ़ा कर किसी भी संघर्ष में देश की रक्षा करने के लिए मजबूत किया है। वायु सेना प्रमुख ने सुखोई एसयू-30 लड़ाकू विमानों को ब्रह्मोस मिसाइल से लैस किये जाने की सराहना करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस मिसाइलों के छोटे संस्करण अन्य लड़ाकू विमानों में लगाने के लिए विकसित किए जा रहे हैं।

एयर चीफ मार्शल चौधरी बुधवार को नई दिल्ली में ब्रह्मोस यूजर मीट 2023 के रजत जयंती समारोह के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास भारतीय वायु सेना की लगभग सभी स्क्वाड्रन में ब्रह्मोस से लैस विमान हैं। तीन साल पहले उत्तरी सीमा पर चीन के साथ गतिरोध होने पर हमने महसूस किया कि भूमि हमलों के लिए शक्तिशाली हथियार ब्रह्मोस का बहुत प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है। भविष्य में अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस मिसाइलों के छोटे संस्करण विकसित किए जा रहे हैं, जिन्हें मिग-29, मिराज-2000 और एलसीए जैसे छोटे प्लेटफार्मों पर लगाया जा सकता है। आईएएफ प्रमुख ने कहा कि ब्रह्मोस और सुखोई-30 का गठजोड़ वायु सेना को शक्तिशाली बनाता है। लड़ाकू विमान सुखोई-30 पर ब्रह्मोस के संयोजन ने वास्तव में हमें जबरदस्त क्षमता दी है, जिससे हमारी मारक क्षमता बढ़ी है। हमारी सबसे घातक वायु-लड़ाकू संपत्ति में से एक के रूप में ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल ने वास्तव में उस तरीके को प्रेरित किया है, जिससे हम आने वाले वर्षों में खुद को सटीक मारक क्षमता से लैस करेंगे। दुनिया भर में हो रहे संघर्षों को देखते हुए सटीकता और लंबी दूरी की मारक क्षमता के महत्व को रेखांकित नहीं किया जा सकता है।एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल और सुखोई-30 के एयर लॉन्च संस्करण का संयोजन आने वाले वर्षों में भारतीय वायुसेना की मारक क्षमता का केंद्र होगा। हमें इसे (ब्रह्मोस) एक रणनीतिक हथियार के रूप में देखने की आवश्यकता है। हम हमेशा आकस्मिकताओं के लिए तैयारी कर रहे हैं। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल ने भारतीय वायु सेना के प्रतिरोध मूल्य को कई गुना बढ़ा दिया है।

## आइएनएस विक्रांत पर उतरा एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना का एमएच-60 'रोमियो' हेलीकॉप्टर बुधवार को पहली बार देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस विक्रांत पर उतारा गया। एमएच-60आर मल्टीरोल हेलीकॉप्टर है, जो खोज और बचाव के अलावा एंटी-सबमरीन और एंटी-शिप मिशन करने में सक्षम है। इस हेलीकॉप्टर में नाइट विजन उपकरण, हेलिफायर मिसाइलें, एमके-54 टॉरपीडो और रॉकेट लगे हैं। हाल ही में नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ यह अमेरिकी हेलीकॉप्टर अब पूरी तरह से काम कर रहा है।

# मेल एक्टर्स के बराबर पैसे लेने वाली इकलौती अभिनेत्री हूं : कंगना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत का कहना है कि मेल एक्टर्स के बराबर पैसे लेने वाली वह इकलौती अभिनेत्री हैं। कंगना रनौत का कहना है कि वह फिल्म इंडस्ट्री की पहली फीमेल एक्टर हैं जिन्हें पुरुष अभिनेताओं के बराबर फीस मिलती है। कंगना ने कहा कि जहां एक तरफ वे बराबरी के लिए लड़ती हैं वहीं कुछ बड़ी अभिनेत्रियां फ्री में फिल्म में काम करने के लिए तैयार हो जाती हैं। ऐसा वे इसलिए करती हैं कि जिससे उनका रोल किसी और न मिल जाए। कंगना ने कहा कि मेरे आने से पहले महिला अभिनेत्रियां इस पुरुषवादी सोच के दायरे में रहकर काम करती थीं। सबको बराबर पैसे मिले, इसके लिए सबसे पहले मैंने आवाज उठाई थी। मैंने देखा कि कुछ ए लिस्टर्स अभिनेत्री फ्री में काम करने को भी तैयार हैं।उन्हें इनसिक्योरिटी रहती थी कि कही उनका रोल किसी डिजर्विंग आदमी के पास न चला जाए। इसके बाद मीडिया में फेक आर्टिकल्स छपते हैं कि उन्होंने इस फिल्म के लिए सबसे ज्यादा रुपए चार्ज किए।



## विक्की-सारा ने किये हनुमान सेतु और शिव मंदिर में दर्शन


बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल और अभिनेत्री सारा अली खान ने लखनऊ के हनुमान सेतु और शिव मंदिर में दर्शन किये।सारा अली खान और विक्की कौशल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जरा हटके जरा बचके के प्रमोशन में व्यस्त हैं।इस बीच दोनों फिल्म के प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचे है। इस दौरान सारा और विक्की हनुमान सेतु पहुंचे और भगवान हनुमान से आशीर्वाद मांगा। इसके बाद दोनों लखनऊ के शिव मंदिर भी पहुंचे। विक्की और सारा की फिल्म जरा हटके जरा बचके 02 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उटेकर ने किया है। यह फिल्म मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज द्वारा निर्मित है।

## शेयर बाजार में तेजी पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स 347 अंक लुढ़का

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स करीब 347 अंक टूटकर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 99.45 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,534.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। वहीं लाभ में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, टाटा मोटर्स और कोटक महिंद्रा बैंक शामिल हैं।







# देश को जानना समझना

**मई जून में गर्मियों की छुट्टी हो चुकी है। देश में कहीं न कहीं जहां मौसम बेहतर हो वहां जाने की योजना आप बना रहे होंगे। मई के पहले सप्ताह से ही लोग टूर पर जाने की योजना बनाने लगते हैं। इस योजना में जिन स्थानों पर जाना चाहते हैं उन स्थानों को लेकर जानकारी उपलब्ध करायी गयी है। दक्षिण भारत से लेकर उत्तर के राजस्थान और दिल्ली के आस-पास के क्षेत्रों में बहुत अधिक सुंदर और मनमोहक स्थल हैं। जाने के पहले सूची बना लें जिससे आपका यह अवसर निकल न जाए। प्राकृतिक स्थलों को देखना, धार्मिक स्थलों को समझना आवश्यक है।**

## ताजमहल, आगरा

सनातन प्रेम की निशानी ताजमहल के लिए विख्यात आगरा में संभवतः देश में सबसे अधिक सैलानी आते हैं। ताजमहल, अथवा सफेद संगमरमर गुंबदनुमा समाधि विश्व के सात आश्चर्यों में से एक है। आगरा में ताजमहल के अलावा फतेहपुर सीकरी, आगरा किला, अकबर का मकबरा, राम बाग और सिकंदरा किला अन्य मुख्य पर्यटन स्थल हैं।

### कश्मीर

पृथ्वी पर स्वर्ग के नाम से विख्यात कश्मीर के प्रमुख आकर्षण इसकी प्राकृतिक सुंदरता में निहित है। बर्फ से ढकी चोटियां, शानदार हरी घाटियां, अल्पाइन गांव, निर्झर बहते झरने, फूल बागान आदि कश्मीर को एक वास्तविक नैसर्गिक पर्यटन स्थल बनाते हैं। कश्मीर में आप सुरम्य डल झील में नाव व शिकारों पर घूमने व रहने का आलौकिक आनंद ले सकते हैं। यह सर्दियों के मौसम के दौरान यात्रा के लायक एक अद्वितीय स्थल है। अन्य प्रमुख आकर्षण हैं गुलमर्ग, श्रीनगर, सोनमर्ग, नागिन लेक, परी महल, शंकराचार्य मंदिर और पहलगाम।

### गोवा

सुनहरी रेत और लहराते नारियल के पेड़ों के साथ-साथ अद्वितीय समुद्र तटों से लैस स्थान है भारत का सबसे छोटा राज्य गोवा। यह खुबसूरत प्रदेश अद्भुत सामुद्रिक नजारों और आलौकिक सूर्यास्त का लुत्फ चाहने वालों के लिए शानदार स्थल है। स्वादिष्ट समुद्री भोजन, पैरासेलिंग, विंडसर्फिंग और पानी पर स्कीइंग की सुविधा गोवा के समुद्र तटों को मजेदार जगह बनाते हैं। एलोरना किला, पूर्वज/पुरातन गोवा म्यूजियम, आर्वलम झरने, चपोरा फोर्ट और कलंगुट बीच गोवा में लोकप्रिय स्थलों में से कुछ एक हैं।

### कन्याकुमारी

कन्याकुमारी को 'केप कोमोरिन' के नाम से भी जाना जाता है। यहां पर तीन महान जल राशियां, बंगाल की खाड़ी, हिंद महासागर और अरब सागर मिलती हैं। सायंकालीन क्षितिज को निहारने और एकांत के क्षणों का आनंद उठाने के लिए इससे शानदार जगह कोई नहीं हैं। यहां पर सूर्यास्त का दृश्य सूर्योदय से ज्यादा शानदार है। वर्ष भर में लाखों की तादाद में पर्यटक इस जगह के शांत सौंदर्य और सूर्योदय और सूर्यास्त के नैसर्गिक दृश्यों का साक्षी बनने के लिए यहां आते हैं।



### जयपुर-उदयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर को गुलाबी नगरी नाम से भी जाना जाता है। इस नगर में सुंदर नगरों, हवेलियों और किलों की भरमार है। सिटी पैलेस, जंतर मंतर, हवा महल, सरगासूली आदि अनेक अन्य स्थान हैं।

उदयपुर- जिसे झीलों का शहर कहा जाता है उत्तरी भारत का सबसे आकर्षक पर्यटक शहर माना जाता है। झीलों के साथ मरुभूमि का अनोखा संगम अन्य कहीं नहीं देखने को मिलता है। यह शहर अरावली पहाड़ी के पास राजस्थान में स्थित है। उदयपुर को हाल ही में विश्व का सबसे खूबसूरत शहर घोषित किया गया है।

### केरल

भारत की दक्षिण-पश्चिमी सीमा पर अरब सागर और सांद्रि पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य एक खूबसूरत भूभाग स्थित है, जिसे केरल के नाम से जाना जाता है। इसे Godls Own Country यानी 'ईश्वर का अपना घर' के नाम से पुकारा जाता है। यहां अनेक दर्शनीय स्थल हैं, जिनमें प्रमुख हैं- पर्वतीय तराइयां, समुद्र तटीय क्षेत्र, अरण्य क्षेत्र, तीर्थाटन केन्द्र आदि। इन स्थानों पर देश-विदेश से असंख्य पर्यटक भ्रमणार्थ आते हैं। मून्नार, नेल्लियांपति, पोन्मुटि आदि पर्वतीय क्षेत्र, कोवलम, वर्कला, चेरायि आदि समुद्र तट, पेरियार, इरविकुल्लम आदि वन्य पशु केन्द्र, कोल्लम, अलप्पुषा, कोट्टयम, एरणाकुल्लम आदि झील प्रधान क्षेत्र (backwaters region) आदि पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण केन्द्र हैं।

### दिल्ली


दिल्ली भारत की राजधानी ही नहीं पर्यटन का भी प्रमुख केंद्र भी है। प्राचीन नगर होने के कारण इसका ऐतिहासिक महत्व भी है। इंडिया गेट, पुराना किला, कुतुबमीनार, लौह स्तंभ, मुगल शैली की ऐतिहासिक हुमायूं का मकबरा, निजामुद्दीन औलिया दरगाह, जंतर मंतर, लाल किला, अक्षरधाम, राजघाट, मुगल गार्डन, अनेक प्रकार के संग्रहालय और बाजार यहां आकर्षण का केंद्र हैं।

### दार्जिलिंग

हरे भरे चाय के बागान दार्जिलिंग का खास आकर्षण हैं। दार्जिलिंग की यात्रा न्यू जलपाईगुड़ी नामक शहर से शुरू होती है। बर्फ से ढके सुंदर पहाड़ो का दृश्य अत्यंत मनभावन हैं। टॉय ट्रेन में सुंदर वादियों की सैर यात्रा में चार चांद लगा देती है। दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे को 1999 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोंहरों की सूची में शामिल कर लिया गया था। रास्ते में पड़ते जंगल, तीस्ता और रंगीत नदियों का संगम, चाय के बगान और देवदार के जंगल, टाइगर हिल, चाय बगान, नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम मन को मोह लेते है।

### मैसूर

मैसूर महलों, बगीचों और मंदिरों का नगर है। चामुंडी पहाड़ी की गोद में बसा मैसूर अपने महलों के लिए जाना जाता है। मैसूर पैलेस यहां का मुख्य आकर्षण है। ताज महल के बाद यह भारत में सबसे प्रसिद्ध पर्यटक आकर्षणों में से एक है। सालाना 27 लाख से अधिक पर्यटक यहां आते हैं। मैसूर दशहरा महोत्सव दुनिया के विभिन्न हिस्सों से लोगों को आकर्षित



# देश के प्रसिद्ध दर्शनीय पार्क



### पिंजौर गार्डन, चंडीगढ़

यदि आप चंडीगढ़ जाते हैं, तो आपको पिंजौर गार्डन घूमना बेहद पसंद आयेगा। इस गार्डन को स्थानीय लोग यादविन्द्रा गार्डन के नाम से भी जानते हैं। पिंजौर गार्डन में आपको पौराणिक महत्व की कुछ चीजें देखने को मिलेंगी। पौराणिक कथा के अनुसार, अज्ञातवास के दौरान पांडव इस गार्डन में घूमने के लिए आये थे। यह शहर का फेमस पिकनिक स्पॉट है। साथ ही, यहां पर जापानी गार्डन भी देखने लायक है। इस गार्डन में छोटा-सा चिड़ियाघर, नर्सरी और एक सुंदर-सा लॉन है। पिंजौरा गार्डन को रात के समय में कलरफुल लाइट से सजाया जाता है। यहां फाउंटेन भी है। यहां पर टूरिस्ट्स ज्यादातर रात के समय घूमने के लिए आते हैं। इस गार्डन में घूमने के लिए सबसे अच्छा समय अप्रैल से लेकर जून है, क्योंकि इन दिनों यहां पर बैसाखी का त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसके अलावा, यहां पर मैंगो फेस्टिवल भी बेहद ही फेमस है।

### बोटेनिकल गार्डन, ऊटी

इस गार्डन को 1847 में ऊटी में बनवाया था। यह 55 एकड़ एरिया में फैला हुआ है। इस गार्डन में 2000 से भी अधिक विदेशी प्रजाति के पेड़-पौधे हैं। इस गार्डन की देखरेख तमिलनाडु सरकार का हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट करता है। इस गार्डन में अलग-अलग तरह के पेड़-पौधे टूरिस्ट्स के आकर्षण का केंद्र हैं। हर साल मई के महीने में यहां 'समर फेस्टिवल' मनाया जाता है, जो टूरिस्ट्स को बहुत ही पसंद आता है। इस गार्डन का खास आकर्षण फ्लॉवर शो है। इसके अलावा, लिली पाउंड और एक कॉर्क पेड़ भी है, जो कहा जाता है कि हजारों साल पुराना है।



### निशात बाग, श्रीनगर

इस गार्डन को मुगल शासकों ने 1633-34 में बनवाया था। यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा गार्डन है। यह श्रीनगर से 11 किलोमीटर दूर डल झील के पास पूर्वी हिस्से पर बना हुआ है। इस गार्डन में आपको आनंद का एहसास होगा। साथ ही, इस गार्डन से आप डल झील की खूबसूरती को निहार सकते हैं। इस सीढ़ीदार गार्डन के एक तरफ झील और दूसरी तरफ हिमालय की चोटी दिखाई पड़ती है। इस गार्डन में भव्य पहाड़ और मुगल मंडप की कलाकारी देखते बनती है।

### गुलाब बाग, उदयपुर

गुलाब बाग को सज्जन निवास के नाम से भी जाना जाता है। यह उदयपुर का सबसे सुंदर और बड़ा गार्डन है। इसे महाराणा सज्जन सिंह ने 100 एकड़ जमीन पर बनवाया था। यह राजस्थान का सबसे बड़ा गुलाब के फूलों का गार्डन है। गुलाब के फूलों की वजह से इस गार्डन का नाम गुलाब गार्डन रखा गया। यह गार्डन पिछोला लेक की दाईं तरफ स्थित है। इस गार्डन में आपको गुलाब के फूल की ऐसी वेरायटी मिल जायेगी जो कहीं और देखने को नहीं मिलेगी। इस गार्डन की गिनती विश्व के खूबसूरत गार्डेंस में होती है। अगर आपको प्राकृतिक सुंदरता पसंद है, तो आप गुलाब गार्डन जा सकते हैं। इस गार्डन में सरस्वती भवन नाम से एक पब्लिक लाइब्रेरी भी है। इस गार्डन में घूमने के साथ आप ट्वॉय ट्रेन से सैर कर सकते हैं और जानवरों को भी देख सकते हैं।

### हैंगिंग गार्डन, मुंबई

मुंबई के मालाबार हिल्स के सबसे ऊपर बना हैंगिंग गार्डन बेहद ही आकर्षक है। यह गार्डन कमला नेहरू पार्क के सामने ही है। इस गार्डन के अलावा फिरोजशाह मेहता गार्डन भी अरब सागर में छिपते सूरज के अनोखे नजारे के लिए प्रसिद्ध है। इस गार्डन में 1880 से भी पहले का जलाशय है। यह पार्क मुंबई के लोगों के लिए खास जगह है और यहां से आप मुंबई की तेज रफ्तार लाइफ का अंदाजा लगा सकते हैं। यह गार्डन बच्चों के लिए आकर्षण का खास केंद्र है। यहां पर अलग-अलग तरह के फूल और पौधे लगाये गये हैं।

### वृंदावन गार्डन, मैसूर

यह गार्डन इतना बड़ा है कि इसमें 2 मिलियन यानी 20 लाख से भी ज्यादा लोग एक साथ आ सकते हैं। यह मैसूर से 20 किमी दूर कृष्णराज सागर बांध के नीचे बनाया गया है। यह भारत का सबसे आकर्षक और कर्नाटक का सबसे सुंदर टूरिस्ट प्लेस है। इस गार्डन को कश्मीर के शालीमार गार्डन की तरह मुगल स्टाइल में बनाया गया है। फाउंटेन, फूलों की क्यारी, ग्रीन लॉन और हरी घास के चलते यह बगीचा बेहद खूबसूरत लगता है। इस गार्डन को देख कर आपका मन मुग्ध हो जायेगा। इस गार्डन का खास आकर्षण म्यूजिकल और डांसिंग फाउंटेन है। यह लोगों के लिए सुबह और शाम में खुलता है। आज के समय में यह गार्डन पूरी दुनिया में अपनी सुंदरता के लिए फेमस है।

### लोधी गार्डन,दिल्ली

यह दिल्ली का सबसे बड़ा और फेमस पार्क है। इस गार्डन को सैय्यद और लोधी ने 16वीं शताब्दी में बनवाया था। इस गार्डन में गुजरे दौर की कई सारी कब्रें हैं। इस पार्क में मोहम्मद शाह की कब्र, सिकंदर लोधी की कब्र, शीश गुंबद और बारा गुंबद है। साथ ही, यहां 15वीं शताब्दी की वास्तुकला भी देखते बनती है। फिलहाल, इस पार्क की देखरेख भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के हाथों में है। नेशनल पार्क और ग्लास हाउस हेल्थ क्रेजी लोगों स्पाइरल शेप झील के लिए फेमस है। दिल्ली की कुछ खास ही जगहों में से यह एक है।



### सिम पार्क, कुन्नूर

सिम पार्क तमिलनाडु के हिल स्टेशन कुन्नूर का सबसे बड़ा लैंडमार्क है। यह पार्क 12 हेक्टेयर में बना है। इसे एक अंग्रेज मेजर मर्रे और मि.जे.डी. मर्रे सिम ने 1874 में बनवाया था। सिम पार्क में 1000 विदेशी पेड़-पौधे हैं। फर्न्स, पाइंस, मंगोलिया और कामेलिया जैसे पुराने और कम पाये जाने वाले पेड़ आपको यहां दिखेंगे। कुन्नूर का यह प्राकृतिक गार्डन है, जहां पर हर साल फ्रूट शो होता है। सुबह की सैर करने के लिए यह बेहद अच्छा और प्राकृतिक परिवेश वाला गार्डन है।

### इंडियन बोटेनिकल गार्डन, कोलकाता

यह गार्डन कोलकाता के हावड़ा जिले के शिबपुर में है। यह ऑर्चिड पाम, बैंबूज एंड प्लांट्स ऑफ द पाइन जीनस के लिए फेमस है। यह गार्डन हुगली नदी के किनारे 270 एकड़ में बना हुआ है, जहां 1700 अलग-अलग तरह के पेड़-पौधे लगाये गये हैं। बोटेनिकल गार्डन ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा 1787 में बढ़ती कमर्शियल एक्टिविटीज और बाजार को देखते हुए बनाया गया था। इसके अलावा, यहां का बर्ड हाउस आकर्षण का केंद्र है। इस गार्डन की सबसे बड़ी विशेषता यह है की यहां पर विश्व का सबसे चौड़ा बरगद का पेड़ है 144400 वर्ग मीटर में फैला हुआ है।

### जवाहरलाल नेहरू बोटेनिकल गार्डन, सिक्किम

सिक्किम के गंगटोक शहर से 24 किलोमीटर दूर जवाहरलाल नेहरू गार्डन टूरिस्ट्स के लिए बेहद ही फेमस है। इस गार्डन को 1987 में बनाया गया था, जिसकी देखरेख फॉरेस्ट डिपार्टमेंट करता है। प्राकृतिक सुंदरता और लुप्त होते पेड़ों को देखने के लिए यह जगह अच्छी है। यहां पर आपको वैसे पेड़ों की कई प्रजातियां देखने को मिल सकती हैं, जो अब लुप्त होती जा रही हैं। हिमालय की पर्वत श्रृंखला से पौधों की कई प्रजातियां यहां पर लाकर लगाई गयी है। यहां पर आपको 50 से भी अधिक अलग तरह के पेड़ मिल सकते हैं। यह पार्क बच्चों के मनोरंजन और पिकनिक स्पॉट के रूप में बेस्ट है।